अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 26°C
सेंसेक्स 81,118.60
निफ्टी 24,718.60
सोना 1,02,000
चांदी 1,10,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शनिवार 14 जून 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 223 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 17 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ईरान समझौता करे या विनाश का सामना करे: ट्रम्प

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### भारतीय हेड कोच गंभीर इंग्लैंड से भारत लौटे

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### फिल्म 'ठग लाइफ' विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का कर्नाटक सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मशहूर फिल्म अभिनेता कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' को कर्नाटक के सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने 'ठग लाइफ' पर प्रतिबंध के खिलाफ महेश रेड्डी की याचिका पर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी करके अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है। कर्नाटक सरकार ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के पालन किए बगैर राज्य मे फिल्म के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया।

### हाईकोर्ट ने फिल्म ठग लाइफ के निर्माताओं से मांगा जवाब

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कमल हासन अभिनीत फिल्म 'ठग लाइफ' के निर्माताओं को निर्देश दिया कि वे कन्नड़ साहित्य परिषद के उस आवेदन पर अपना पक्ष रखें, जिसमें राज्य में फिल्म की रिलीज पर प्रतिबंध से संबंधित मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की पीठ ने फिल्म के निर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया, जिसमें फिल्म के ऑडियो लॉन्च के दौरान अभिनेता की कन्नड़ भाषा के बारे में विवादास्पद टिप्पणी के बाद कर्नाटक में इसकी रिलीज पर लगाए गए प्रतिबंध को चुनौती दी गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र के पत्रकार राव को दी जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने टीवी टॉक शो के दौरान उसमें भाग लेने वाले एक व्यक्ति के कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में गिरफ्तार आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार कोमिनेनी श्रीनिवास राव की जमानत याचिका शुक्रवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता राव को राहत दी। पीठ ने जमानत देते हुए कहा कि उन्होंने (राव) खुद यह (कथित आपत्तिजनक) टिप्पणी नहीं की। इसलिए उनके बोलने की स्वतंत्रता की रक्षा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता ने खुद यह बयान नहीं दिया है, लाइव टीवी शो में उनकी पत्रकारिता की भागीदारी की रक्षा की जानी चाहिए। उनके बोलने की स्वतंत्रता की भी रक्षा की जानी चाहिए, याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

#### न्यूक्लियर ठिकानों तक पहुंची इजरायल-ईरान संघर्ष की आंच

# इजरायल ने ईरान के 4 एटमी ठिकाने उड़ाए

## भारत ने दोनों देशों से संयम बरतने को कहा

**तेहरान/तेल अवीव/नई दिल्ली।** इजरायल ने शुक्रवार सुबह ईरान के 4 एटमी और 2 सैन्य ठिकानों पर 200 फाइटर जेट से मिसाइलें दागीं। हमले में ईरान के सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स के चीफ, 2 बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत 5 बड़े अफसर मारे गए। उधर भारत ने इजरायल और ईरान के बीच बीती रात के घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है और दोनों पक्षों से संयम बरतने और संवाद एवं कूटनीति से समाधान खोजने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां एक बयान में कहा कि हम ईरान और इजरायल के बीच हाल के घटनाक्रमों से बहुत चिंतित हैं।

हमले के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था, इसलिए उस पर हमला किया गया। इजरायली सेना का दावा है कि ईरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। इजरायल ने इसीलिए टारगेट भी 4 बड़े न्यूक्लियर प्लांट्स को किया। वहीं हथियार बनाने की क्षमता रखने वाली एक फैक्ट्री और बड़े मिलिट्री अफसरों के रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स को भी तबाह कर दिया। इजरायल सेना ने कहा कि यह 'प्री-एम्पटिव स्ट्राइक' थी। यानी खतरे को भांपकर इजरायल ने हमला किया, ताकि ईरान कोई बड़ी कार्रवाई न कर सके। इजरायली सेना ने यह भी कहा कि आगे और भी ऐसे कई हमले हो सकते हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान चोरी-छिपे परमाणु हथियार बना रहा था। यह हमारे देश के लिए खतरा था।

### दो सैन्य अड्डे भी बर्बाद, सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और दो परमाणु वैज्ञानिकों की भी हुई मौत



### ईरान का पलटवार, 100 से ज्यादा विस्फोटक ड्रोन से हमला, बैलिस्टिक मिसाइलें भी तैयार

**तेलअवीव।** मिडिल ईस्ट एक बार फिर से सुलग उठा है। इजरायल की तरफ से ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर किए गए भीषण हमले के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की है। ईरान ने पलटवार करते हुए इजरायल पर 100 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया है। यह हमला शुक्रवार सुबह शुरू हुआ जिसे ईरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' नाम दिया। पहले इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के ठिकानों पर स्ट्राइक की, जिसमें ईरान के नतांज और फोर्दो परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया। अब सवाल है कि क्या यह युद्ध आगे बढ़ेगा अगर ऐसा हुआ, तो मिडिल ईस्ट में सिर्फ तबाही दिखेगी।

### भारत ने ईरान-इजरायल में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** ईरान पर इज़रायल के हवाई हमले के बाद भारत ने दोनों देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने और स्थानीय सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में जारी परामर्श में कहा कि ईरान की वर्तमान स्थिति को देखते हुए ईरान में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया एकाउंट में दी जाने वाली सलाह का पालन करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

# ब्लैकबॉक्स व वॉइस रिकॉर्डर मिले

## पूर्व सीएम रूपाणी के शव की नहीं हुई पहचान, डीएनए टेस्ट जारी

अहमदाबाद, वार्ता

**अहमदाबाद** में एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो

**अहमदाबाद विमान हादसा**

(एएआईबी) ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिये पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था।

एयर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान होते -शेष पृष्ठ दो पर

### एयर इंडिया ने की 241 लोगों की मौत की पुष्टि

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर-787 विमान की दुर्घटना में उसमें सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो गई है। एकमात्र जीवित यात्री विश्वास कुमार रमेश का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

विमान में 230 यात्री तथा दो पायलट और चालक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल थे। एयर इंडिया ने पुष्टि की है कि गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सवार 241 लोगों की मौत हुई है। बारह साल पुराना बोइंग 787-8 विमान 1338 बजे अहमदाबाद से रवाना हुआ था। कंपनी ने कहा कि हमें यह बताते हुए खेद है कि विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो गई है।



### बोइंग 787-8/9 विमानों के रखरखाव के अतिरिक्त निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के बोइंग 787-8/9 विमानों के रखरखाव एवं उड़ान भरने के पूर्व अतिरिक्त सुरक्षा निरीक्षण एवं उपाय करने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। नागर विमानन महानिदेशालय ने शुक्रवार को यहां एक आदेश में कहा कि गुरुवार को एयर इंडिया बी 787-8 विमान उड़ान संख्या एआई-171 (अहमदाबाद- गैटविक) का संचालन करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। निवारक उपाय के रूप में डीजीसीए एयर इंडिया को संबंधित क्षेत्रीय डीजीसीए कार्यालयों के साथ समन्वय में तत्काल प्रभाव से जेनएक्स इंजन से लैस बी 787-8/9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करने का निर्देश देता है, जो 15 जून से प्रभावी होंगे। डीजीसीए ने कहा कि विमान रखरखाव एवं उड़ान पूर्व ड्रिल के तहत ईंधन -शेष पृष्ठ दो पर

## 10 मिनट के सड़क जाम ने बचाई भूमि चौहान की जान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सिर्फ 10 मिनट देर से पहुंचना भूमि चौहान के लिए उस समय वरदान बन गया, जब लंदन जा रही उसकी एयर इंडिया की उड़ान एआई 171 छूट गई और उसकी जान बच गई।



अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर 787 गुरुवार को उड़ान भरने के तत्काल बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। भूमि के अनुसार वह लंदन में नौकरी करती है और करीब डेढ़ महीने पहले ही गुजरात के अंकलेश्वर स्थित अपने घर आई थी। गुरुवार को वह लंदन की उड़ान पकड़ने अंकलेश्वर से अहमदाबाद आ रही थी, वह अहमदाबाद समय से पहुंच गई लेकिन शहर में जगह-जगह जाम होने के कारण उसे हवाई अड्डा पहुंचने में दस मिनट की देरी हो गई। हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उसे अंदर नहीं जाने दिया गया। उसने ऑनलाइन चेकइन किया था, लेकिन उससे कहा गया कि वह देरी से पहुंची है, इमिग्रेशन फॉर्म भरने का समय समाप्त हो गया है और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। भूमि ने कहा कि उसने काफी आग्रह किया और कहा कि यदि उसकी यह उड़ान छूट गई तो उसकी नौकरी भी जा सकती है, लेकिन उसे जाने नहीं दिया गया।

### विमान दुर्घटना को लेकर अपमानजनक पोस्ट: अधिकारी निलंबित

**तिरुवनंतपुरम।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की शिकार केरल के पथनमथिट्टा निवासी महिला के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राज्य सरकार ने एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। केरल के राजस्व मंत्री के राजन ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि वेल्लारीकुंडु तालुक के उप तहसीलदार ए. पवित्रन को विमान दुर्घटना में मारी गई रंजीता जी नायर की आलोचना करने वाली फेसबुक पोस्ट करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी ने घृणित कृत्य किया है। फेसबुक पोस्ट मेरे ध्यान में आने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। गौरतलब है कि केरल की 38 वर्षीय नर्स रंजीता जी नायर गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना की पीड़ितों में से एक थीं। इस बीच केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज पीड़िता रंजीता जी नायर के परिवार के सदस्यों को सांत्वना देने के लिए पुल्लाड के लिए रवाना हुई।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने पर चीन को सराहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने पर चीन के सहयोग की सराहना की है और सीमा पार नदियों के प्रवाह के डेटा और सीधी विमान सेवा बहाल करने के बारे में प्रगति पर चर्चा की।

■ **विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेडोंग से मुलाकात की**

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि गुरुवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेडोंग से मुलाकात की जो 12-13 जून को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने इस वर्ष 27 जनवरी को बीजिग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में विकास की समीक्षा की और जन-केंद्रित कार्यक्रमों पर प्राथमिकता के साथ संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। विदेश सचिव ने इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की। उन्होंने हाइड्रोलॉजिकल डेटा और अन्य सहयोग के प्रावधान को फिर से शुरू करने के लिए सीमा पार नदियों में सहयोग के लिए विशेषज्ञ स्तर के तंत्र की अप्रैल 2025 की बैठक में चर्चा का उल्लेख किया और उन पर प्रगति की उम्मीद की।

## विजय रूपाणी के परिजनों से मिले मोदी

अहमदाबाद, वार्ता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय रूपाणी के परिजनों से शुक्रवार को यहां मुलाकात की। गुरुवार को यहां हवाई अड्डे के निकट हुई इस भीषण दुर्घटना में चालक दल के सदस्यों के समेत 241 लोग मारे गए थे।

श्री रूपाणी भी इस विमान से लंदन जा रहे थे और दुर्घटना में उनकी भी मौत हो गई। प्रधानमंत्री सुबह यहां पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। वह दुर्घटना में घायल एकमात्र जीवित यात्री से मिलने अस्पताल भी गए। बाद में उन्होंने श्री रूपाणी के परिजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर -शेष पृष्ठ दो पर



### मोदी ने विमान दुर्घटनास्थल का लिया जायजा अस्पताल में घायलों का हालचाल जाना

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद के मेघानीनगर में हुए विमान दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और वहां को जायजा लेने के बाद उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। विमान हादसे से पूरा देश शोक में हैं। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति रमेश विश्वास से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और अन्य घायलों से भी उनका हालचाल जाना। श्री मोदी विमान दुर्घटना के बाद पल-पल पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।

## बम की अफवाह के बाद AI विमान की आपात लैंडिंग

बैंकॉक, वार्ता

**थाईलैंड के** रिसॉर्ट द्वीप फुकेट से शुक्रवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद उसे आपातकालीन स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। फुकेट हवाई अड्डा अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 379 को बाद में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में विमान के उतरने के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि विमान की सघन जांच के बाद उसके अंदर से कोई बम नहीं मिला।

### एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**पठानकोट।** भारतीय वायुसेना के एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हलेड़ गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। हेलीकॉप्टर ने पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी थी और गांव के खुले मैदान में अनिर्धारित लैंडिंग की। स्थानीय लोगों ने हेलीकॉप्टर को उतरते देखा और मौके पर पहुंचे हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी।

# यूपी-एमपी सहित नौ राज्यों में हीटवेव

## राजस्थान व हरियाणा में रेड अलर्ट, तापमान 48 डिग्री पहुंचने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में मानसून 29 मई से मुंबई-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर रुका है। साउथ और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 9 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट है।

राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। यहां तापमान 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। वहीं, हरियाणा के 9 जिलों में दिन का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू चलने की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान के भी 22 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। गुरुवार को श्रीगंगानगर, कोटा, बीकानेर सहित कई जिलों में

■ **तेलंगाना में बिजली गिरने से छह लोगों की मौत, उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना**

तापमान 45 डिग्री के पार रहा। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने कर्नाटक, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना जताई है। कर्नाटक के हुबली में गुरुवार को भारी बारिश हुई। इससे कई जगह बिल्डिंग के बेसमेंट और सड़कों पर पानी भर गया। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में गुरुवार को अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश के साथ बिजली गिरने से पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई।



### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या के आरोप में दो निहंग गिरफ्तार

**बठिंडा।** पंजाब में पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर भाभी उर्फ कंचन कुमारी की हत्या के आरोप में शुक्रवार को दो निहंगों को गिरफ्तार किया। कमल कौर बुधवार को बठिंडा-चंडीगढ़ राजमार्ग पर भुच्चो कलां में आदेश विश्वविद्यालय के बाहर खड़ी अपनी कार में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई थीं। बठिंडा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमनीत कोंडल ने कहा कि हत्या के आरोप में जसप्रीत सिंह और निमरतजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीसरे आरोपी अमृतपाल सिंह मेहरोन की तलाश जारी है, जो फरार है। एसएसपी ने कहा कि कंचन की गला घोंटकर हत्या की गई।



# अहमदाबाद प्लेन क्रैश, बोइंग-787 की यात्री का बड़ा दावा

**खड़खड़ाहट की आवाज आ रही थी, हादसे के डेढ़ घंटे पहले उसी फ्लाइट में लंदन से आई थी**

अहमदाबाद/मुंबई, वार्ता

अहमदाबाद में गुरुवार को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर प्लेन को लेकर एक महिला यात्री ने दावा किया है, उसमें पहले से खराबी थी। क्रैश होने से डेढ़ घंटे पहले महिला उसी प्लेन से लंदन से अहमदाबाद आई थी। महिला का नाम हिनाब. न कालरिया है। वह सूरत की रहने वाली है।

हिनाबेन ने बताया कि लंदन से टेकऑफ के दौरान प्लेन के एसी और सभी डिस्प्ले बंद थे। एयर होस्टेस ने इसे तकनीकी गड़बड़ी बताया था। हिनाबेन के मुताबिक लैंडिंग के वक्त प्लेन से खड़खड़ाहट की आवाज भी आ रही थी, जिससे यात्री डर गए थे। हिनाबेन 11 जून की रात 10 बजे लंदन से बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर एआई-172 से रवाना हुई थीं। यह प्लेन 12 जून की सुबह करीब 12 बजे अहमदाबाद पहुंचा था। फिर दोपहर 1.38 बजे यही प्लेन एआई-171 के तौर पर अहमदाबाद से लंदन जाते सिविल हॉस्पिटल की बिल्डिंग से टकराकर क्रैश हो गया, जिसमें 265 लोगों की मौत हो गई। हिनाबेन ने बताया कि लंदन से एआई-172 से 12 जून को दोपहर 12 बजे अहमदाबाद पहुंची थीं। यात्री बोली- पुरानी बस की तरह फ्लाइट से आवाज आ रही थी हिनाबेन ने बताया कि प्लेन के अंदर रखे सभी डिस्प्ले बंद थे। जब हमने यह बात एयर होस्टेस को बताई, तो उसने हमसे मोबाइल अपडेट करने को कहा और बताया कि तकनीकी खराबी के कारण डिस्प्ले बंद हो गया है। फिर जब प्लेन अहमदाबाद में लैंड करने वाला था, तो एक खड़खड़ाहट की आवाज आई। आमतौर पर ऐसी आवाज एक पुरानी बस की तरह आवाज आती है। हिनाबेन प्लेन क्रैश की खबर सुनने के बाद से सदमे में हैं। उन्होंने रोते हुए कहा कि मैं इससे पहले अपने बेटे और पति के साथ अहमदाबाद-इजिप्ट की फ्लाइट से लंदन गई थी। उ उन्होंने बताया कि लंदन से अहमदाबाद आते समय मुझ पर तीन बुजुर्गों की जिम्मेदारी थी। उनके परिवारों ने मुझे प्लेन में बुजुर्गों का ध्यान रखने को कहा था। उनके पास फोन भी नहीं थे। एक मुस्लिम महिला भी थी, जिसका हाथ पकड़कर मैंने उन्हें प्लेन के अंदर बैठाया था। अहमदाबाद पहुंचकर मैंने तीनों के परिवारों को बताया कि वे ठीक से पहुंच गए हैं। हादसे से थोड़ी देर पहले सिविल अस्पताल से होकर गुजरी थी, हिनाबेन ने आगे कहा कि अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद मेरे पति मुझे सूरत से लेने आए। मैं उनके साथ सूरत के लिए निकली थी।

## अहमदाबाद अस्पताल में अपनों को तलाश रहे लोग

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एयर इंडिया का बो. इंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचा है। मारे गए 241 लोगों में 169 भारतीय, 52 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था। 5 मृतक मेडिकल हॉस्टल के हैं विमान जिस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिरा, वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। हालांकि अभी यह क्लियर नहीं हुआ है कि हॉस्टल में कितनी मौतें हुई हैं। 4 एमबीबीएस छात्र और एक डाक्टर की पत्नी के मारे जाने की खबर है। सिविल अस्पताल में एक के बाद एक शवों से भरी एंबुलेंस सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में भेजी जा रही है। अब तक 265 शवों के पोस्टमार्टम किए जा चुके हैं।

**ट्रामा सेंटर और पोस्टमार्टम रूम के बाहर लगी लाइनें, अब तक 265 शवों का पोस्टमार्टम हुआ**

# भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति का प्रतीक

## मंगोलियाई सेना के साथ अभ्यास पर बोले रक्षा सचिव

नई दिल्ली, वार्ता



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलियाई सेना के साथ सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और बहुराष्ट्रीय अभ्यास खान क्वेस्ट को भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति का प्रतीक बताया है।

सिंह ने शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट के समापन अवसर पर यह बात कही। समारोह में सेना के 'ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट' के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी थे। रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की पेशेवर कुशलता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और आचरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास भारत और मंगोलिया के बीच मित्रता, आपसी विश्वास तथा साझा सांस्कृतिक संबंधों के स्थायी सूत्र का प्रमाण है। यह सार्थक सैन्य सहयोग के एक मंच के रूप में कार्य करता है और क्षेत्रीय शांति तथा स्थिरता के लिए भारत की अटूट प्रतिबधता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की संयुक्त पहलों में भारतीय सेना का योगदान न केवल परिचालन तत्परता को बढ़ाता है, बल्कि वैश्विक शांति प्रयासों में एक जिम्मेदार हितधारक के रूप में भारत की भूमिका को भी मजबूत करता है। रक्षा सचिव शनिवार को बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट 2025 के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

इस अभ्यास में भारतीय सेना की टुकड़ी भी भाग ले रही है। अभ्यास खान क्वेस्ट 28 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और खान क्वेस्ट का आयोजन भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और मंगोलिया के साथ इसकी साझेदारी के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोरोना मामलों की संख्या घटकर 7131 हुई

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी आने से सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 7131 रह गई। आज सुबह आठ बजे तक कोरोना संक्रमण के 23 नए सक्रिय सामने आए और एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गयी है। गुरुवार को कोरोना सक्रिय मामलों की कुल संख्या 7154 तक पहुंच गई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से केरल में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। यह वायरस हालांकि अब आपातकालीन स्तर का खतरा नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य अधिका. रियों ने चेतावनी दी है कि कोरोना इन्फ्लूएंजा की तरह मौसमी रूप से फैलता रहता है। वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक लगभग 10,976 लोग इस वायरस के संक्रमण से ठीक हो चुके हैं।

### बाइक टैक्सी पर प्रतिबंध लगाने से किया इन्कार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य में बाइक टैक्सी संचालकों को बड़ा झटका देते हुए शुक्रवार को एकल न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसमें राज्य भर में बाइक टैक्सी सेवाओं पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश दिया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति श्रीनिवास हरीश कुमार की पीठ ने न्यायमूर्ति बी श्याम प्रसाद के गत दो अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली ओला का संचालन और उबर द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई की जिसमें छह सप्ताह के भीतर सभी बाइक टैक्सी संचालन बंद करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने तर्क दिया कि सरकार के इस तरह के संचालन की अनुमति न देने के घोषित नीतिगत निर्णय से इस स्तर पर न्यायिक हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं रह गयी है। पीठ ने कहा कि वह 24 जून को मामले की गुण-दोष के आधार पर सुनवाई करेगी।

# एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के दावों के निपटान में मिलेगी राहत: एलआईसी

मुंबई, वार्ता

सरकारी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कल अहमदाबाद में एयर इंडिया के एआई 171 विमान के दुर्घटना के पीड़ितों के लिए छूट की घोषणा करते हुए शुक्रवार को कहा कि एलआईसी प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबध है तथा वित्तीय राहत प्रदान करने के वास्ते दावों के निपटान में तेजी लाई जाएगी।

एलआईसी ने यहां जारी एक बयान में विमान दुर्घटना में लोगों के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उसने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है और कहा है कि पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए मृत्यु प्रमाण-पत्र के स्थान पर, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी अभिलेखों में कोई भी साक्ष्य या केंद्र/राज्य सरकार/ एयरलाइन प्राधिकरणों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। एलआईसी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए तथा प्रभावित परिवारों को दावों का शीघ्र निपटान किया जाए और आगे की सहायता के लिए दावेदार निकटतम शाखा/विभाग/ग्राहक क्षेत्र से संपर्क कर सकते हैं। दावेदार कॉल सेंटर -022 68276827 पर भी कॉल कर सकते हैं।

**एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की**

## ईरान पर इजरायल के हमलों पर वैश्विक चुप्पी की उमर-महबूबा ने की आलोचना

# संघर्ष बढ़ा, तो पश्चिम एशिया में पड़ेगा प्रभाव

श्रीनगर, वार्ता





जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को ईरान पर इजरायल के हमले पर विश्व की बड़ी शक्तियों की 'चुप्पी' की आलोचना की और इसे 'दोहरे मानदंडों' का खतरनाक प्रदर्शन बताया।

उमर ने यहां संवाददाताओं से जहां तक उन्हें पता है, ईरान ने इजरायल को हमला करने के लिए कोई उकसावे की कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि इजरायल ने इसे एक पूर्व-प्रतिरोधी हमला बताते हुए एक देश के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया। अगर वैश्विक शक्तियां इस पर चुप रहती हैं, तो वास्तव में यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा। इजरायल ने जो किया है, वह रूस द्वारा यूक्रेन के साथ किए गए कार्यों के समान है। उन्होंने कहा कि आप रूस के खिलाफ आवाज उठाते हैं, अभियान शुरू करते हैं। लेकिन जब इजरायल ईरान पर हमला करता है, तो अमेरिका, यूरोप और अन्य चुप रहते हैं। अगर एक देश का दूसरे पर हमला करना गलत है, तो यह तब भी गलत होना चाहिए, जब इजरायल ईरान पर हमला करता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में निश्चित रूप से संघर्ष बढ़ेगा और इसका लोगों पर तत्काल प्रभाव पड़ेगा।

उमर ने कहा कि यह (ईरान-इजरायल संघर्ष) निश्चित रूप से बढ़ेगा और इसका हम पर तत्काल प्रभाव पड़ेगा। इसका हमारे ईंधन की कीमतों पर असर पड़ेगा। इसका हमारे शेयर बाजार पर असर पड़ेगा। इसका पश्चिम की ओर जाने वाली उड़ानों पर असर पड़ेगा। इससे भी अधिक इसका लोगों की भावनाओं पर असर पड़ेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विदेश मंत्रालय से ईरान में पढ़ने वाले कश्मीरी विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान पर परमाणु स्थलों सहित एक बड़ा हमला किया, जिसमें कई शीर्ष हस्तियां मारी गईं। सुश्री महबूबा ने कहा कि ईरान पर इजरायल का हमला एक और एक देश द्वारा किया गया बेशर्मी भरा कृत्य है, जो दुष्टता की ओर अग्रसर है। उन्होंने एक्स पर कहा कि वैश्विक समुदाय, खासकर अमेरिका के नेतृत्व वाली पश्चिमी शक्तियों की चुप्पी चिंता. जनक और भयावह दोनों है। यह चुप्पी मौन स्वीकृति के बराबर है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मामले में अमेरिका यह दावा करने में कभी नहीं चूकता कि तनाव को बढ़ने से रोकने में उसका हस्तक्षेप महत्वपूर्ण रहा है। फिर जब बात गाजा पर इजरायल की लगातार बमबारी या ईरान पर उसके हालिया हमले की आती है, तो वही तत्परता स्पष्ट रूप से गायब हो जाती है। उन्होंने कहा कि ये स्पष्ट दोहरे मापदंड वैश्विक शांति और स्थिरता को खतरे में डालते हैं। समान रूप से परेशान करने वाली बात तथाकथित मुस्लिम देशों की बहरी चुप्पी है, जो इस तरह के गंभीर अन्याय के सामने बेशर्मी से अस्तित्वहीन बने हुए हैं।

## अनुच्छेद 370 के बाद सामान्य स्थिति का दावा एक मिथक: मीरवाइज



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सामान्य स्थिति की कहानी एक 'मिथक' है। फारूक ने दावा किया कि दमनकारी उपाय मजबूती से लागू हैं और प्रदेश के लोगों के लिए कोई राजनीतिक या प्रशासनिक स्थान उपलब्ध नहीं है। पुराने श्रीनगर में ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शुक्रवार को लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से पूछा कि ईदगाह मैदान और श्रीनगर में जामिया मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज की अनुमति क्यों नहीं दी गई। गौरतलब है कि इस केंद्र शासित प्रदेश में कानून-व्यवस्था के प्रभारी हैं। जामिया में ईद की नमाज की अनुमति नहीं देने के फैसले पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला सहित कई लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। मीरवाइज ने कहा कि हम ईद के बाद पहली बार मिल रहे हैं, जब हमें ईदगाह या जामा मस्जिद में ईद की नमाज़ अदा करने की अनुमति नहीं थी। दोनों जगहों पर तालाबंदी कर दी गई और मुझे घर में नज़रबंद कर दिया गया।

## अर्थ व्यापार

# ईरान-इजराइल तनाव से सहमा बाजार

मुंबई, वार्ता



ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव से सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लुढ़क गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक का गोता लगाकर 81,118.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 169.60 अंक की गिरावट लेकर 24718.60 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.32 प्रतिशक लुढ़ककर 45,681.28 अंक और स्मॉलकैप 0. 30 प्रतिशत टूटकर 53,370.29 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4123 कंपनियों में से 2469 में बिकवाली जबकि 1516 में लिवाली हुई, वहीं 138 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2964 कंपनियों के शेयरों में से 1824 में गिरावट जबकि 1059 में तेजी रही, वहीं 81 में टिकाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर और रियल्टी की 0.13 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर अन्य 19 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.58, सीडी 0. 40, ऊर्जा 0.63, एफएमसीजी 0. 94, वित्तीय सेवाएं 0.85, इंडस्ट्रियल्स 0.05, आईटी 0.09, दूरसंचार 0.67, यूटिलिटीज 0.91, ऑटो 0.33, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 0.01, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0. 49, धातु 0.81, तेल एवं गैस 0.57, पावर 0.75, टेक 0.08, सर्विसेज 2. 06 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत लुढ़क गए। वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0. 42, जर्मनी का डैक्स 1.49, जापान का निक्केई 0.89, हांगकांग का हैंगसेंग 0.59 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.75 प्रतिशत उतर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1264 अंक का गोता लगाकर 80,427.81 अंक पर खुला और बिकवाली जारी रहने से थोड़ी देर बाद ही 80,354. 59 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली होने से यह दोपहर बाद 81,238.68 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## रिश्वत लेने के आरोप में राजस्व अधिकारी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को पुंछ जिले में रिश्वत लेने के मामले में एक राजस्व अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक प्रवक्ता ने यहां बताया कि एसीबी को पटवारी मोहम्मद जमील द्वारा रिश्वत मांगने शिकायत मिली थी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता को गांव धरा में स्थित जमीन के खसरा गिरदावरी की सत्यापित प्रतियों यानी राजस्व रिकॉर्ड की जरूरत थी। इसके लिए उसने 26 अप्रैल को ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन जमील उसी की सत्यापित प्रतियां उपलब्ध कराने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था।

# खाद्य तेल सस्ते, अधिकांश दालें रही महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव गिर गए जबकि उठाव बढ़ने से अधिकांश दालें महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 84 रिंगिट चढ़कर 3927 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.74 सेंट की तेजी के साथ 48.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में गिरावट रही। मूंगफली तेल 330 रुपए, सूरजमुखी तेल 512 रुपए, सोया रिफाइंड 365 रुपए, पाम ऑयल 1620 और वनस्पति तेल 1318 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि सरसों तेल में 182 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। दाल-दलहन: दाल- दलहन के बाजार में चुनिदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 100 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई, जबकि चना, चना दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...


**ब्लैक बॉक्स...** ही राजकोट में अंतिम संस्कार होगा। उनका बेटा शनिवार (आज) अमेरिका से लौटेगा। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को डीएनए टेस्ट के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। सिविल अस्पताल में अब तक 270 से ज्यादा शवों का पोस्टमार्टम हो चुका है। इसके अलावा, 220 लोगों की डीएनए सैंपलिंग की जा चुकी है। 7 शवों की शिनाख्त हो गई है। प्लेन हादसे की जांच में 7 एजेंसियां नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी, गुजरात पुलिस, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए), यूनाइटेड किंगडम की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टीगेशन ब्रांच (यूके एंड एएआईबी) यूनाइटेड स्टेट्स की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी), फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) शामिल हैं।

**बोइंग 787...** पैरामीटर निगरानी और संबंधित प्रणाली जांच का निरीक्षण, केबिन एयर कंप्रेशर और संबंधित प्रणालियों का निरीक्षण, इलेक्ट्रॉनिक इंजन नियंत्रण-प्रणाली परीक्षण, इंजन ईंधन चालित एक्ट्यूएटर-संचालन परीक्षण और तेल प्रणाली की जांच, हाइड्रोलिक प्रणाली की सेवाक्षमता जांच की जानी चाहिए। इसके अलावा उड़ान भरने के मापदंडों की समीक्षा करने, अगली सूचना तक पारगमन निरीक्षण में 'उड़ान नियंत्रण निरीक्षण' शुरू किया जाना चाहिए। दो सप्ताह के भीतर बिजली आश्वासन जांच की जानी चाहिए तथा बी 787-8/9 विमानों पर पिछले 15 दिनों के दौरान बार-बार होने वाली खराबी की समीक्षा के आधार पर रखरखाव कार्रवाई को जल्द से जल्द सुनिश्चित करना चाहिए। डीजीसीए ने कहा कि उपर्युक्त जांच की पूरी रिपोर्ट समीक्षा के लिए नागर विमानन महानिदेशालय को प्रस्तुत की जानी है।

**विजय रूपाणी...** मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी उनके साथ थे। श्री मोदी ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री रूपाणी के साथ अपना फोटो साझा करते हुए कहा कि श्री विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता हूं। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल है।प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री रूपाणी ने हर भूमिका में अपने काम से अपनी पहचान बनाई। श्री मोदी ने लिखा कि राजकोट नगर निगम में, राज्यसभा सांसद के रूप में, गुजरात भाजपा अध्यक्ष के रूप में और राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में, उन्होंने हर भूमिका में खुद को प्रतिष्ठित किया। जब विजयभाई गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब भी मैंने और विजयभाई ने बड़े पैमाने पर काम किया था। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जिससे गुजरात के विकास में तेजी आई, खासकर 'जीवन की सुगमता' को बढ़ावा मिला। हमारे बीच हुई बातचीत हमेशा याद रहेगी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। ओम शांति।

# यूपीपीसीएल व विद्युत कर्मचारी आमने-सामने, करेंगे आंदोलन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नियामक आयोग का कोरम अधूरा, नहीं दे सकते निजीकरण पर अभिमत**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने मध्यांचल और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 42 जिलों का निजीकरण किए जाने की प्रक्रिया को और तेज कर दी है।

यूपीपीसीएल के कदम बढ़ाने के साथ ही विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने भी अपने आंदोलन को और उग्र करने का ऐलान कर दिया है। एक तरफ पावर कार्पोरेशन प्रबंधन नियामक आयोग से निजीकरण के आरएफपी बिडिंग डॉक्यूमेंट पर संस्तुति लेने की तैयारी कर रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का कहना है कि निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष को कोई अभिमत देने का नैतिक व कानूनी अधिकार नहीं है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों संजय सिंह चौहान और जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने बयान जारी कर कहा कि पता चला है कि विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन अरविन्द कुमार से पॉवर कारपा. रेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल, निदेशक वित्त निधि नारंग, नियामक आयोग के सदस्य संजय सिंह और अवैध ढंग से नियुक्त किए गए। नियामक आयोग की संस्तुति लेने के मामले पर एक घंटे से अधिक बातचीत की है। संजय सिंह चौहान और जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि विद्युत नियामक आयोग को अवैध ढंग से नियुक्त किए गए, झूठा शपथ पत्र देने वाले और फर्जीवाड़ा स्वीकार कर लेने वाले ट्रांजेक्शन कंसलटेंट ग्रांट थार्टन के बनाए गए निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर पॉवर कारपोरेशन से कोई बात नहीं करनी चाहिए।विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन के पद पर रहते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ छह अक्टूबर 2020 को एक लिखित समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी चरम परः अखिलेश



## सपा ने तीन दिन तक के सभी कार्यक्रम किए रद्द

**अखिलेश ने विमान हादसे पर जताया शोक, सरकार से हादसे की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। भ्रष्टाचार के कारण अन्याय, अत्याचार हो रहा है। वसूली और जमीनों की लूट हो रही है। इस सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी की भयंकर स्थिति है। सपाप्रमुख आज यहां गोमती नगर के विभूतिखंड स्थित होटल बजट इन के उद्घाटन एवं पुस्तक भेंट कार्यक्रम के पश्चात एकत्र लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। होटल बजट इन के मालिकों सर्वश्री श्रवण यादव एवं शिवदास रस्तोगी ने सपा प्रमुख का स्वागत किया। श्री यादव कहा कि कारोबार लोगों को जोड्ता है।

नौकरी और रोजगार देता है लेकिन भाजपा नफरत फैलाने का काम करती है। समाज में दूरी पैदा करती है। भाजपा किसान विरोधी है। समाजवादी सरकार में किसान बाजार बनाया था। वहां किसानों को सुविधा मिलती थी लेकिन किसान बाजार भाजपा को पसंद नहीं आया। आरएसएस और उसके प्रमुख समेत संघ के लोग स्वदेशी की बात करते हैं लेकिन पूरा भारतीय बाजार चीनी सामानों से भरा पघ है। भाजपा सरकार चीनी सामानों के आयात पर रोक क्यों नहीं लगाती है। श्री यादव ने कहा कि युवाओं को नौकरी, रोजगार नहीं मिल रहा है। कुछ हजार नौकरियों के लिए लाखों नौजवान फार्म भरते है। तैयारी करते है।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे की भयावहता ने पूरे देश को झकझोर दिया है। समाजवादी पार्टी ने संवेदना व्यक्त करते हुए अपने सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को आगामी तीन दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस हादसे पर गहरा शोक जताते हुए इसे राष्ट्रीय पीड़ा का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल तकनीकी दुर्घटना नहीं हो सकती। उन्होंने सरकार से हादसे की पारदर्शी जांच कराने और समस्त तथ्यों को सार्वजनिक करने की मांग की है। 'सरकार बताए कि टेकऑफ़ के तुरंत बाद ऐसा बड़ा हादसा कैसे हुआ? यात्रियों की सुरक्षा में कौन चूक हुई। अखिलेश यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा। अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान एआई-171 के क्रैश होने से गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत दो सौ चालीस से अधिक लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है। यह हादसा देश के विमानन इतिहास में सबसे भयावह माना जा रहा है। अखिलेश यादव ने हादसे को लेकर गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में समाजवादी पार्टी सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे राहत व सहयोग कार्यों में स्थानीय प्रशासन का समर्थन करें। सपा ने अपने सभी ज़िलों में कार्यक्रमों को स्थगित करने के साथ पार्टी कार्यालयों पर शोक प्रकट करने और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने का आह्वान किया है।

इंतजार करते हैं। भाजपा सरकार परीक्षाएं नहीं करा पाती है। परीक्षाएं होती है तो पेपर लीक हो जाता है। भाजपा सरकार से युवा दुख्खी और पीघ्ति है।

भाजपा सरकार ने नई पीघी के सामने संकट पैदा किया है। भाजपा सरकार विकास और रोजगार को रोकने वाली है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार के 11 वर्ष में और यूपी के लगभग 9 वर्ष के इन दोनों की 20 वर्ष की सरकार में कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ। प्रदेश की बिजली, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था सब बर्बाद कर दिया। उत्तर प्रदेश में आठ सालों में भाजपा सरकार ने एक भी यूनिट बिजली उत्पादन बघने का काम नहीं किया। बिजली व्यवस्था को जानबूझ कर बर्बाद कर दिया। अब बिजली का निजीकरण करने की तैयारी कर रही है। समाजवादी पार्टी बिजली के निजीकरण के खिलाफ है। भाजपा बिजली विभाग का निजीकरण कर विभाग की नौकरियों में आरक्षण खत्म करना चाहती है। भाजपा ने बिजली उत्पादन नहीं बघया लेकिन उपभोक्ताओं को महंगा बिजली बिल आता है। बिजली उपभोक्ताओं का बिल आधा होना चाहिए। श्री यादव ने देश में जातीय जनगणना जल्द से जल्द कराने की मांग करते हुए कहा कि नई टेक्नालॉजी है इसका प्रयोग कर जातीय जनगणना सही आंकडों के साथ जल्दी करायी जानी चाहिए। जातीय जनगणना को लेकर जनता को सावधान भी रहना पघ्ेगा क्योंकि देखा गया है कि भाजपा आंकघें के साथ खिलवाघ करती है। जो मरने वाले आंकघें को लेकर झूठ बोल सकता है वह कुछ भी कर सकता है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार आने पर गोमती रिवरफ्रंट पर महाराजा सुहेल देव की प्रतिमा लगेगी तो उनके हाथ में सोने की तलवार होगी। वे बहुत वीर और बहादुर थे। भाजपा के लोग छोटे दिल के लोग है। बहराइच में महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा लगी है। जिस व्यक्ति ने महाराजा सुहेल देव का सबसे पहले सम्मान किया और जमीन दान दिया उसे नहीं पूछा गया। श्री यादव ने पश्चिम बंगाल में भगवान जगन्नाथ जी का मंदिर बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी जी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने बहुत बघ काम किया है। भगवान जगन्नाथ जी का भव्य मंदिर बनाया है। वहां हर दिन 40 हजार लोग दर्शन करने आ रहे है। ममता जी ने भगवान जगन्नाथ जी का वैसा ही मंदिर बना कर श्रद्धालुओं को सुविधा देने का काम किया है।

# आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगाः मुकेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले से भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि भारत की धरती पर आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

श्री राजपूत शहर के आवास विकास स्थित भाजपा जिला कार्यालयमे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली, भारतीय जनता पार्टी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने की उपलब्धियां के उपलक्ष में, आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने,अवतक 2025 में 11 वर्ष पूर्ण होने पर, देश के गाव गरीब, किसान, नौजवान ,महिला और दलित वर्ग, आदि के सभी लोगों के लिए उत्थान के ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार एक विकसित भारत की परिकल्पना के साथ ही वर्ष 2047 तक के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए निरंतर रात दिन एक करके ,भारत को प्रगति के रास्ते पर ले जाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने धारा 370 एवं राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक जैसे मुद्दों सुलझाने का कार्य किया। इसके अलावा भारतीय संस्कृति को मजबूत करते हुए भारत के पौराणिक स्थलों को जीवित करने का कार्य किया। महिला सशक्तिकरण के मामले को लेकर 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने का कानून बनाया गया। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले देश भ्रष्टाचार और आतंकवाद जैसी गंभीर समस्याओं से गिरा हुआ था और 2014 के बाद आज देश में आतंकवाद की कहीं कोई घटना नहीं दिखाई देती ।कश्मीर में जब-जब भी आतंकवादी घटना को अंजाम दिया गया, तब तब हमारी भारतीय सेना ने ,आतंकवाद का मुंह तोड़ जवाब दिया। उन्होंने दावा किया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकवाद परस्त पड़ोसी देश पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देते हैं कि भारत की धरती पर आतंकवाद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है, जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में, विश्व के पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है। संपूर्ण विपक्ष को मुद्दा विहीन होने का दावा करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल धर्म और जाति के आधार पर लोगों को बांटने का कार्य कर रहा है लेकिन सारे हथ कण्डे अपनाने के बावजूद भी देश की जनता ने, तीसरी बार नरेंद्र मोदी पर अपना विश्वास जताया है।

### शिक्षकों को अंतरजनपदीय तबादले के आवेदन के लिए अब 15 जून तक का समय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े छह लाख से अधिक शिक्षकों के लिए राहतभरी खबर है। राज्य सरकार ने अंतर जनपदीय तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तीन दिन बढ़ा दी है। अब शिक्षक 15 जून तक आवेदन कर सकेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद 20 जून को अंतरजनपदीय ट्रांसफर की सूची जारी करेगा। इससे पहले सरकार ने 24 मई को नई ट्रांसफर नीति जारी करते हुए पांच वर्ष की सेवा अवधि की शर्त को समाप्त कर दिया था। इस निर्णय से अधिक संख्या में शिक्षक तबादले का लाभ उठा सकेंगे। नई नीति से शिक्षकों में खुशी की लहर है। बड़ी संख्या में शिक्षक अब अपने अनुकूल जिले में स्थानांतरण के लिए पात्र हो सकेंगे, जिससे पारिवारिक और सामाजिक कारणों से परेशान शिक्षकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### संगम स्नान करने आ रहे श्रद्धालुओं की पिकअप पलटी, 18 जख्मी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के दारागंज क्षेत्र में संगम स्नान करने आ रहे श्रद्धालुओं का वाहन (पिकअप) के पलटने से उसमें सवार 18 लोग घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने बताया कि दारागंज थाना क्षेत्र के फोर्ट रोड पर संगम चौकी के पास शुक्रवार को संगम स्नान करने मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ से आ रहे श्रद्धालुओं के दल का वाहन (पिकअप) पलट गया जिसमें सवार 18 श्रद्धालु घायल हो गए उसमें एक गंभीर रूप से घायल है जिसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं का वाहन संगम से करीब दो किलोमीटर पहले फोर्ट रोड चौराहे पर टर्न लेते समय वाहन पलट गया जिसमें लगभग 22 श्रद्धालु सवार थे।

# अहमदाबाद विमान हादसे के चलते भाजपा का अल्पसंख्यक सम्मेलन स्थगित

**बासित अली बोले, देश गहरे सदमे में, ऐसे समय आयोजन उचित नहीं**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा आयोजित ह्अल्पसंख्यकों का पैग़ाम, मोदी के साथ मुसलमान कार्यक्रम को गुरुवार को स्थगित कर दिया गया।

यह निर्णय अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे के मद्देनज़र लिया गया, जिसमें दो सौ से अधिक लोगों की दुखद मृत्यु हो गई। कार्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होना था, जिसमें केंद्रीय व राज्य स्तर के कई दिग्गज नेता शामिल होने वाले थे। लेकिन हादसे की खबर के बाद पार्टी नेतृत्व ने तुरंत निर्णय लेते हुए आयोजन निरस्त कर दिया। प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि ह्यह एक राष्ट्रीय आपदा के समान क्षण है।

जब पूरा देश दुख और स्तब्धता की स्थिति में है, तब उत्सव जैसा कोई भी कार्यक्रम करना हमारी संस्कृति और संवेदना के विरुद्ध होता। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी समेत कई गणमान्य नेता इस अवसर पर मौजूद थे। कार्यक्रम स्थल पर एकत्र कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'अल्पसंख्यक संवाद' के रूप में आयोजित किया गया था। लेकिन राष्ट्रीय शोक के माहौल में पार्टी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को स्थगित करना उचित समझा।

# लखनऊ में बड़ा अग्निकांड टला

**अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया में टैंकर में लगी आग, फुर्ती से टली बड़ी दुर्घटना**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित अमौसी इंडस्ट्रियल इलाके में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेल टैंकर में भीषण आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने बगल में खड़े दो अन्य टैंकरों को भी चपेट में ले लिया, जिससे वे पूरी तरह जलकर राख हो गए। लेकिन समय रहते फायर ब्रिगेड और अन्य टैंकर चालकों की फुर्ती ने एक बड़े हादसे को टाल दिया। घटना स्थल लखनऊ एयरपोर्ट और अमौसी मेट्रो स्टेशन से महज कुछ सौ मीटर की दूरी पर है। मौके पर उस समय दर्जनों तेल और गैस टैंकर खड़े थे, जो आसानी से आग की चपेट में आ सकते थे। लेकिन जैसे ही चालकों को आग लगने की भनक लगी, उन्होंने सतर्कता दिखाते हुए अपने-अपने टैंकरों को वहां से हटाना शुरू कर दिया। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हालांकि दो टैंकर जलकर राख हो गए, लेकिन यदि चंद मिनट की भी देरी होती, तो आग फैलकर बड़े पैमाने पर विस्फोट और जनहानि का कारण बन सकती थी। क्षेत्र में तेल और ज्वलनशील रसायनों से भरे टैंकरों की मौजूदगी के चलते खतरा और अधिक बढ़ गया था। स्थानीय लोगों और सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया जैसी संवेदनशील जगह, जहां एयरपोर्ट, मेट्रो स्टेशन और व्यस्त कानपुर रोड जैसे यातायात केंद्र समीप हों, वहां आग जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए विशेष और आधुनिक इंतजाम बेहद जरूरी हैं।

मौके पर जाम की स्थिति और अग्निशमन यंत्रों की सीमित उपलब्धता ने एक बार फिर औद्योगिक सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं, और यह संभावना भी जताई जा रही है कि भीषण गर्मी और टैंकर की तकनीकी खामी के कारण यह आग लगी हो। राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# ट्रेलर में पीछे से टकराई कार, पिता की मौत, बेटा घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में बक्शा थाना क्षेत्र के टिकरी गांव के पास शुक्रवार सुबह सड़क के किनारे खड़े ट्रेलर में कार पीछे से जा घुसी। इस हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार जिले में बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर गांव निवासी दिलीप कुमार सिंह (55) अपने पुत्र हर्षवर्धन सिंह (25) के साथ अपने निजी कार से वाराणसी से अपने घर आ रहे थे, कि सुबह 5:30 बजे बक्सा थाना क्षेत्र के टिकरी गांव के पास एक ढाबे पर सड़क के किनारे खड़े टेलर में कार पीछे से जा घुसी, जिससे दिलीप कुमार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र हर्षवर्धन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखचे उड़ गए।

सूचना मिलते ही बक्शा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे मृतक और घायल को बाहर निकाला। ढाबा संचालक ने हादसे की सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने ट्रेलर और कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा व जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के दीवानी न्यायालय स्थित पॉक्सो एक्ट की अदालत ने गुरुवार को 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने वाले दोषी 65 वर्षीय मो- अख्तर को स्पेशल जज नीरज कुमार श्रीवास्तव ने 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। कोर्ट व अभियोजन की सक्रियता से घटना से 16 महीने के भीतर कोर्ट ने केस का निपटारा कर दिया। यह मामला जिले के थाना गोसाईगंज थाना क्षेत्र से जुघ है। पीघ्ति के पिता के आरोप के मुताबिक 11 घ्रवरी वर्ष 2024 को उसकी पत्नी मायके और वह भी काम करने के लिये बाहर गया था।

इसी बीच पीघ्ति के घर पहुंचे उसकी बुआ के ससुर मो- अख्तर ने उसकी बेटी से पानी मांगा और जिसके बाद आरोपी पीडिता किशोरी को बहलाकर अपने साथ जंगल की तरफ ले जाकर दुष्कर्म किया था। पीडित पक्ष के मुताबिक रिश्तेदार होने के नाते किशोरी आरोपी पर विश्वास कर उनके साथ चली गई थी, जिसके साथ आरोपी ने घिनौनी वारदात को अंजाम दे डाला था। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। विशेष लोक अभियोजक रमेश चन्द्र सिंह ने बताया कि स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट की अदालत में मामले का ट्रायल चल रहा था। अपराध की गम्भीरता की वजह से आरोपी मो- अख्तर को जमानत नहीं मिल सकी और ट्रायल पूरा हो गया। ट्रायल के दौरान बचाव पक्ष ने आरोपी को बेकसूर बताया वहीं अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक ने आरोपी मो- अख्तर के अपराध को अत्यंत गम्भीर, घिनौना व समाज विरोधी होना बताकर उसे दोषी ठहराकर कड़ी सजा से दंडित करने के लिए कोर्ट से की मांग थी।

### सीने में तमंचे से गोली लगने से युवक गंभीर, लखनऊ रेफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** तंबौर थाना क्षेत्र के मोहल्ला निवासी सोहेल पुत्र शब्बू को संदिग्ध हालात में गोली लग गई। घटना उस समय हुई जब वह अपने दोस्तों जीशान और आदिल के साथ घर में बैठा हुआ था। उसी दौरान अचानक फायर हुआ और गोली सीधे सोहेल के सीने में जा लगी। गोली इतनी नजदीक से चली कि आर-पार हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर जब परिजन और मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे तो सोहेल खून से लथपथ हालत में पड़ा था। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ भेज दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर ने साबित किया भारत विश्व सुरक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठः रमापति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा- रमापति राम त्रिपाठी ने आज यहां कहा कि आपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध करने में सफल रहा है कि विश्व के रक्षा के क्षेत्र में भारत एक श्रेष्ठ देश है। श्री त्रिपाठी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आपरेशन सिंदूर के तहत हमारी सेना ने अमेरिका निर्मित विमानों और चीन निर्मित मिसाइलों को भारत निर्मित ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलों के माध्यम से ध्वस्त करने का कार्य हमारी बहादुर सेना ने किया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, आइएनएस विक्रांत, तेजस हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी तकनीकों के साथ अब भारत न केवल आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति के रूप में उभर रहा है,बल्कि आज रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ तक पहुंच गया है।

यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व का प्रमाण है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 2014 से पहले भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था, जो अब चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, और मध्यम वर्ग के जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 और एम्स की संख्या 7 से 23 हो गई है।आयुष्मान भारत योजना के तहत 54 करोड़ लोगों को लाभ मिला है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 53 करोड़ खाते खोले गए हैं। उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ परिवारों को एलपीजी कनेक्शन मिले हैं। अब तक 4 करोड़ आवास, 12 करोड़ शौचालय, 14 करोड़ घरों तक नल का जल तथा 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया गया है।

# विमान हादसे में मृतकों को रालोद की श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय पर आज एक शोकसभा का आयोजन कर गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी गई।

सभा की अध्यक्षता रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने की। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने हादसे को अत्यंत हृदयविदारक बताते हुए कहा कि यह दुर्घटना न केवल गुजरात या भारत, बल्कि पूरी दुनिया को झकझोरने वाली घटना है।



लखनऊ। मुख्यालय पर दो मिनट का मौन।

उन्होंने कहा कि हम सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं और हर संभव मानवीय सहयोग देने को तैयार हैं।

शोकसभा में पूर्व मंत्री अवधपाल यादव, रालोद की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य डॉ. सुरेश यादव के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी.एल. प्रेमी, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, पी.के. पाठक, सत्यप्रकाश तिवारी, रविंद्र मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उ.प्र में पर्यटन के नए युग की ओर बढ़ते कदम

**पर्यटन में प्रदेश के आर्थिक स्वर्णिम भविष्य का सपना देख रही योगी सरकार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पर्यटन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अब एक नए युग की ओर बढ़ रहा है। द वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म काउंसिल (ड्ब्ल्यू टी टी सी ) की हालिया रिपोर्ट में भारत में पर्यटन की अभूतपूर्व संभावनाओं को रेखांकित किया गया है, और उत्तर प्रदेश इन संभावनाओं का सबसे सशक्त केंद्र बनता दिख रहा है। रिपोर्ट बताती है कि 2024 के आंकड़े 2019 के सभी रिकॉर्ड को पीछे छोड़ चुके हैं और 2030 तक पर्यटन का राष्ट्रीय योगदान 42 लाख करोड़ रुपये और रोज़गार का आंकड़ा 64 मिलियन तक पहुंच सकता है। इस वैश्विक रुझान के बीच योगी सरकार पर्यटन को न केवल अवसर के रूप में देख रही है, बल्कि इसे प्रदेश की आर्थिक और सांस्कृतिक समृद्धि का साधन भी बना रही है।

प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन को प्राथमिकता देते हुए योजनाबद्ध विकास हो रहा है। अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, कुशीनगर, सारनाथ, प्रयागराज, नैमिषारण्य जैसे तीर्थों के साथ-साथ वनगमन पथ के स्थलों और सूफी-शक्ति पीठ सर्किटों को विकसित किया जा रहा है। टूरिज्म को आधार बनाकर सरकार ने 272 मार्गों के विकास, हेलीपोर्ट सेवा, बुद्धा थीम पार्क, वेद विज्ञान केंद्र, रामायण और वैदिक शोध संस्थानों जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे या प्रगति में हैं। अयोध्या, चित्रकूट, बरसाना, मीरजापुर, बरेली सहित अन्य स्थलों पर कॉरिडोर और तीर्थ विकास परिषदों के माध्यम से बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। रोपवे, होमस्टे, स्टार्टअप, गाइडिंग, हस्तशिल्प, और स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार से रोज़गार की नई राहें खुल रही हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश की परंपराओं को पर्यटन से जोड़ने की दिशा में भी बड़ा कार्य किया है। अयोध्या का दीपोत्सव, ख्रष्ण जन्माष्टमी, बरसाना की होली जैसे आयोजनों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई गई है। वहीं बुलंदशहर, हाथरस जैसे इलाकों के पारंपरिक मेलों को राज्योत्सव का दर्जा देकर उन्हें भी राष्ट्रीय मंच पर लाया गया है। 2023 और 2024 के आंकड़े भी इस दिशा में उत्तर प्रदेश की सफलता की गवाही देते हैं ख्र अयोध्या में पर्यटकों की संख्या 5.76 करोड़ से बढ़कर 16.44 करोड़ हो गई, काशी, मथुरा और प्रयागराज में भी तीव्र वृद्धि देखी गई है। 2025 का महाकुंभ पर्यटन के लिहाज से एक नया मील का पत्थर साबित होगा, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अनुमानतः तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की प्राप्ति होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समय समय पर कहा भी है ह्पर्यटन केवल आस्था का विषय नहीं, यह रोजगार और अर्थव्यवस्था का भी आधार है।

# देश में तकनीक का प्रयोग कर हर दिशा में पेश की तरक्की की मिसालः शंकर

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री कृपा शंकर सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के नेतृत्व काल में देश में तकनीक का प्रयोग कर हर दिशा में तरक्की की मिसाल पेश की है। महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री श्री सिंह जौनपुर में अपने आवास पर केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर यूनीवार्ता से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों का यह कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में, सुशासन को संस्कृति के रूप में और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के रूप में भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार करने वाला एक समर्थ नेतृत्व मिला है।

श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल ऐसे समय में पूरे हो रहे हैं, जब पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति को पाकिस्तान में परखा और दुनिया ने भरोसे के साथ उस ताकत को देखा, जो अभी ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हम सबके सामने है। केंद्र सरकार सज्जनों के साथ शांति से विकास की बात करती है लेकिन कोई हम पर युद्ध थोपेगा, हमारी सुरक्षा पर सेंध लगाएगा, आतंकवाद को प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा, तो उसका जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही होंगे। उन्होंने अनुच्छेद 370 को समाप्त किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की अखंडता को कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक भारत श्रेष्ठ भारत के नए मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया है। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षित की, अर्थव्यवस्था मजबूत की और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिना भेदभाव सबका साथ, सबका विकास और सब का विश्वास के साथ काम करते हुए जनकल्याणकारी योज नाओं का लाभ सभी को प्रदान कर रही है।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सिपाही भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के 'द मिशन अकादमी' पर शुक्रवार को सिपाही भर्ती के 25 अभ्यर्थियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि सफलता प्राप्त

**■ सफलता के लिये लगन व परिश्रम जरूरी: ओमप्रकाश**

करने के लिये लगन व परिश्रम नितांत आवश्यक है। जब हम किसी लक्ष्य को बनाकर उसके प्रति पूर्ण निष्ठा से प्रयास करते हैं तो निश्चित ही हमें मंजिल मिल जाती है। संस्थान में अध्ययनरत ललित कुमार, प्रांजल, गगनदीप, आकाश,



विकास, सोनित, गौतम, हरीश, निगम, गौरव, रोहित, विनीत, उदय, विकास, योगेश, पुष्पेंद्र, काजल, चिंकी, प्रियंका, काजल, अरमान, मोनू, नेपाल, सौरभ आदि समेत 25 विद्यार्थियों ने पूर्ण ऊर्जा, लगन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा के सभी चरणों में भाग लिया और सफलता की कीर्तिमान बनाया। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को मैडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बताया कि संस्थान के 40 बच्चों ने पुलिस परीक्षा उत्तीर्ण की, जिनमें से 25 बच्चों का अंतिम सूची में चयन हुआ। इस मौके पर शिक्षक केशव, विनीत व पुनीत आदि मौजूद रहे। वहीं चयनित बच्चों ने संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षण व्यवस्था की सराहना की।

## गृहमंत्री सौंपेगे पुलिस कर्मियों को नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ में गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इसके लिए अमरोहा से भी चयनित 1058 नए पुलिस कर्मी शनिवार को लखनऊ रवाना होंगे। पुलिस लाइंस ने सभी को 26 बसों से लखनऊ रवाना किया जाएगा। 20 बस पुरुष तो छह बस महिला पुलिस कर्मियों को लेकर रवाना होंगी। सीओ पंकज त्यागी के नेतृत्व में रवाना होने वाली इस बस में एक दारोगा प्रभारी व हेड कांस्टेबल सहायक प्रभारी के रूप में मौजूद रहेंगे। बता दें कि जिले में इन पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए डिडौली के गांव फत्तेहपुर माफी में डब्ल्यूटीएम डिग्री कालेज को प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है।

# हेराफेरी कर दो लाख ऐंठने में तीन पर रिपोर्ट

## स्टील व वायरिंग सामग्री में की थी हेराफेरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कांट्रेक्टर की तहरीर पर स्टील व वायरिंग सामग्री में हेराफेरी कर दो लाख रुपये ऐंठने पर तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना डिडौली क्षेत्र के नवादा जोया निवासी अजमी अब्बास ने पुलिस को तहरीर देकर ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसने यूनिवर्सिटी इलाहाबाद और अमरोहा पुलिस लाइन में ठेकेदारी का कार्य लिया हुआ हैद्य जिसके तहत इलेक्ट्रिकल वायरिंग और स्टील का सामान मंगवाया गया था।अजमी अब्बास ने यूनिटी इलेक्ट्रिकल्स इण्टरप्राइजेज के प्रोपराइटर नदीम उर्फ नन्जार दिलाबर निवासी मेव लालपुर बरेली से वायरिंग और स्टील का सामान मंगवाया था। डील के तहत भुगतान अग्रिम रूप से किया गया और बाकी माल पहुंचाने की शर्त रखी गई थी।पीड़ित का आरोप है कि नदीम और उसके मैनेजर ने मिलकर गलत मटेरियल सप्लाई किया तथा फोन उठाना भी बंद कर दिया। ठेके में इस्तेमाल हुआ सारा मटेरियल न सिर्फ घटिया निकला बल्कि काफी हिस्सा खराब भी हो गयाद्य जिससे करीब दो लाख रुपये का नुकसान होने पर अकरम खान निवासी मेव लालपुर, साजिद खान प्रचदौर बरेली व साहिल सहित तीन लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है

# प्लेन हादसे में मृतकों को मिले दो करोड़ का मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन द्वारा अहमदाबाद प्लेन क्रैश दुर्घटना में हुई यात्रियों एवं पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की असामायिक और दर्दनाक मौत होने पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

तहसील प्रांगण में शोकसभा आहूत कर 2 मिनट का मौन धारण कर सभी मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से मृतात्माओं की शांति तथा शोक संतप्त परिवारों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर बार के अध्यक्ष चंद्रसेन अग्रवाल,महासचिव मदन कुमार राणा तथा पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने इस दुर्घटना को देश के लिए एक बड़ी त्रासदी बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और सरकार से मृतक आश्रित परिवारों को दो दो करोड़ रुपए देने की मांग की। अधिवक्ताओं ने शोक में आज न्यायिक कार्य नहीं किया। शोक सभा में अध्यक्ष चंद्र सैन अग्रवाल, महासचिव मदन कुमार खड़गवंशी, पूर्व अध्यक्ष गंगा सरन खड़गवंशी व मुजाहिद चौधरी, महावीर सिंह चौहान पूर्व प्रमुख, महिपाल सिंह, शिवचरन सिंह,श्यौराज सिंह राणा, ऋषिपाल सिंह चौहान, सुनील भटनागर,वीर सिंह प्रजापति, सुबोध शर्मा, नरेश पाल सिंह, मेघराज सिंह,गजेंद्र सिंह, आफताब आलम, विजेंद्र गहलोत, शेर सिंह भड़ाना, वीर सिंह त्यागी, अरविंद शर्मा मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने किया प्रदेश का नाश

## पार्टी की नीतियों का प्रचार करें बसपाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** बसपा मंडल प्रभारी जाफर मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता परेशान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये कि वह घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करते रहें।

मौहल्ला रानी बाग स्थित सोमपाल सिंह के आवास पर बसपा की बैठक हुई। जिसमें मंडल प्रभारी जाफर मलिक ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है हर वर्ग परेशान है। थाने, तहसील, चकबंदी, बिजली विभाग आदि सरकारी कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बने है। यहां बिना रिश्वत दिये कोई काम नहीं होता। बेरोजगारों को रोजगार देने में यह सरकारी बुरी तरह फेल हो गई है। किसानों को बिजली नहीं मिल रही। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते कहा कि आने वाले समय बसपा का होगा। वह बूथ स्तर पर पार्टी को



मजबूत करने में जुट जाये। घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करते रहे। बैठक में ओमकार सिंह, सतेन्द्र प्रधान, ओमपाल सिंह, भीम सिंह, चन्द्रपाल सिंह, कमल सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर

### राशन कार्ड सत्यापन में लापरवाही न बरतें

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** तहसील कार्यालय में शुक्रवार को एसडीएम चन्द्रकान्ता की अध्यक्षता में राशन कार्ड सत्यापन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे। एसडीएम चन्द्रकान्ता ने कहा कि राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने और पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से गांव स्तर पर खुली बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में पात्र व्यक्तियों का चयन ग्रामीण स्तर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में किया जाएगा। एसडीएम ने निर्देश दिए कि सत्यापन कार्य के लिए ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान और विकास खंड अधिकारी की ड्यूटी लगाई गयी हैं। इसके अतिरिक्त, प्रक्रिया की निगरानी के लिए पर्यवेक्षकों की भी तैनाती की गई है जो प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से अंत्योदय कार्ड धारकों की जांच गहनता से की जाए। ऐसे अपात्र कार्डधारकों को सूची से हटाया जाएगा और उनके स्थान पर जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को जोड़ा जाएगा। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, पूर्ति निरीक्षक वेदप्रकाश अग्रवाल, रीडर श्याम सिंह, खाद्य एवं रसद विभाग, विकास खंड कार्यालय, राजस्व विभाग और पंचायत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पक्ष और पारदर्शी सत्यापन कार्य सुनिश्चित करें, ताकि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सके।

### वाईएमएस कालेज में शोकसभा



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** अहमदाबाद में हाल ही में हुए दर्दनाक एयर इंडिया विमान हादसे में यात्रियों और क्रू मेंबर्स की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए नगर के वाईएमएस पीजी कॉलेज में शुक्रवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिवार ने हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने कहा, ष्यह हादसा बेहद दुःखद और स्तब्ध कर देने वाला है। हम सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और उनके परिवारजनों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति देने की कामना करते हैं। पूरी मानवता इस दुःख की घड़ी में उनके साथ है।ष शोकसभा में कॉलेज के समस्त स्टाफ ने भाग लिया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। कॉलेज परिसर में आयोजित इस शोकसभा का वातावरण भावुक और गम्भीर रहा। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में इस त्रासदी को मानवता के लिए बड़ी क्षति बताया।

# शौचालय में लटके ताले, खुले में जाने को मजबूर लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव मलकपुर के मजरा मिर्जापुर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए सामुदायिक शौचालय पर लटके हुए तालो का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। शौचालय के रखरखाव के नाम पर हर महीने हजारों रुपये खर्च किए जाते हैं। लेकिन अफसरों को कोई परवाह नहीं है। बंद शौचालय को चालू करने का आदेश दिया था। इसके बाद भी हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। ऐसे में लोग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। इनके संचालन की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों को दी गई है। देखभाग की जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों की है। समूह के खाते में प्रतिमाह छह हजार रुपये मानदेय और शौचालय के रखरखाव व मरम्मत के लिए तीन हजार रुपये ग्राम प्रधान को मिलते हैं। इसके बावजूद ज्यादातर शौचालय निष्प्रयोज्य हो रहे हैं। किसी में दरवाजा टूटा है तो कहीं पानी की व्यवस्था नहीं है। कुछ शौचालयों में ताला बंद कर समूह की सदस्य गायब है। सामुदायिक शौचालय बनवाया था। देखरेख के अभाव में यह शौचालय खंडहर में तब्दील हो गया।

# सुखदेवी की मतदाता सूची से 600 नाम गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज कार्यकारिणी का चुनाव कराने को लेकर जिस पर विवाद हुआ था। अब इसी सूची के आधार पर चुनाव कराया जा रहा है। सन 1995 की सूची से चुनाव कराये जाने की चर्चा है। 1500 वोटरों की सूची में से 600 नाम काट दिये गये हैं। जिन 800 वोटो से कार्यकारिणी का चुनाव कराया जा रहा है। उसमें से करीब 400 लोग मर चुके हैं। कॉलेज के मतदाता सूची से जिन लोगों के नाम काटे गये हैं। उनमें पूर्व विधायक अशफाक अली खान, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमलेश आर्य, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रसेन अग्रवाल, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष कालू उर्फ राकेश बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता हेम सिंह आर्य, पूर्व सभासद रवि शंकर शर्मा, मुकेश गुप्ता, बाल शंकर गौड़, संदीप गुप्ता,

**■ पूर्व विधायकों व पूर्व जिपं अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन का नाम मतदाता सूची से गाय**

पूर्व शासकीय अधिवक्ता गिरीश कुमार अग्रवाल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कपिल कुमार मयंक अग्रवाल, कॉलेज के निवर्तमान प्रबंधक विनय कुमार अग्रवाल, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, यशपाल सिंह उर्फ मुन्ना चौहान समेत समाजसेवी संगठनों राजनीतिक पार्टी के नेताओं सहित 600 नाम सूची से गायब है। बताया जा रहा है कि पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने सूची से उनका नाम किस आधार पर गायब कर दिया गया है इसकी शिकायत सहायक रजिस्ट्रार से की है। सहायक निबंधक आनंद विक्रम ने बताया जो मतदाता सूची से नाम गायब होने की जो शिकायत मिली है उसकी जांच की जा रही है।

## 27 जुलाई को होगा कार्यकारिणी का चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज की कार्यकारिणी का चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। 27 जुलाई को कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न कराया जायेगा। नगर की श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज का चुनाव करीब 8 साल के बाद होने जा रहा है। 2017 में कॉलेज की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ था। जिसमें विनय कुमार अग्रवाल प्रबंधक निर्वाचित हुए थे। 2022 के बाद से कॉलेज की कार्यकारिणी भंग चल रही थी। कई बार कॉलेज कार्यकारिणी का चुनाव कराये जाने की चर्चा जोर शोर के साथ उठी थी। सदस्यता आदि पर शिकायते आने पर निबंधक फॉर्म फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मंडल आयुक्त एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद के आदेश पर चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। कॉलेज के प्राधिकृत नियंत्रक डॉक्टर धर्म सिंह ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। 20 जुलाई को सुबह 8:00 बजे से नामांकन पत्रों को लिया जा सकता है। 10:00 बजे से 11:00 तक नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी के समक्ष किये जाएंगे। 11:00 बजे से 12:00 बजे तक नामांकन पत्रों पर आपत्ति एवं 1:00 बजे से 3:00 बजे तक आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा।उसी दिन शाम 3:00 बजे नामांकन पत्रों की वापसी की जा सकती है। शाम 4:00 बजे प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन कर दिया जायेगा। उसी दिन शाम 5:00 बजे तक चुनाव चिन्ह को आवंटित किया जायेगा। 27 जुलाई को आवश्यक हुआ तो सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक कार्यकारिणी के पदों के लिए वोटिंग की जायेगी। उसी दिन शाम को 5:00 बजे से मतदान होगा।

# जुबिलेंट सीएसआर प्रमुख ने किया रेडियो संग्रहालय का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड सीएसआर टीम ने 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज रेडियो संग्रहालय का भ्रमण किया और संस्थापक राम सिंह बौद्ध के प्रयास

**■ संस्थापक राम सिंह बौद्ध के प्रयास को सराहा**

की सराहना की। शुक्रवार को सीएसआर प्रमुख विवेक प्रकाश एवं जनसम्पर्क महाप्रबंधक सुनील दीक्षित नाईपुरा स्थित रेडियो संग्रहालय पहुंचे और संस्थापक राम



सिंह बौद्ध को गजरौला का नाम विश्व पटल पर अंकित करने के लिए बधाई दी। कहा कि ये संग्रहालय आज गजरौला को वैश्विक पहचान दे चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात कार्यक्रम में इस संग्रहालय की प्रशंसा की है। उन्होंने संग्रहालय में भ्रमण करके देश विदेश के दुर्लभ रेडियो और अन्य वस्तुएं देखीं। उन्होंने संस्थापक रामसिंह बौद्ध को आश्वस्त किया कि संग्रहालय के सुदृढ़ीकरण को कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी द्वारा एक मानक संग्रहालय बनाने में सहायता का प्रयास किया जाएगा। संग्रहालय ने दुनिया में प्रदेश और देश का मान बढ़ाया है, इसलिए जुबिलेंट इसके सुदृढ़ीकरण के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर रविराज सिंह, अशोक राय, डॉ.सुजिंद फोगाट, बूंदी सिंह आदि भी मौजूद रहे।

## विमान हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** स्टेशन क्षेत्र के व्यापारियों ने दो मिनट का मौन धारण और मंदिर में प्रार्थना करके गुजरात विमान हादसे में प्राण खोने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की। शुक्रवार शाम रेलवे स्टेशन स्थित शिव मंदिर में व्यापारियों ने गुजरात के अहमदाबाद विमान हादसे में प्राण खोने वाले यात्रियों तथा स्थानीय नागरिकों की आत्मा शांति के लिये प्रार्थना की गई। ज्योतिषाचार्य पंडित दयानंद शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभी ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के डॉ.एलसी गहलोत, एड.मनमोहन सिंह सैन, नवीन कुमार गर्ग, पंडित हरि गोपाल शास्त्री, राम गोपाल गंगवार आदि मौजूद रहे।

# डांस चैम्पियनशिप में आयुष ने जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** उत्तर प्रदेश डांस स्पोर्टस चौंपियनघशिप- 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अमरोहा के आयुष शर्मा में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। जिसके बाद आयुष शर्मा को गोल्ड मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश डांस एसोघसिएशन के जिला महासचिव डॉ.पराग पंडित ने बताया कि उत्तर प्रदेश डांस एसोसिएशन की ओर से एक जून को मुरादाबाद के वसुंधरा ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश डांस स्पोर्टस चौंपियनघशिप- 2025 का आयोजन किया गया था। जिसमें हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव गारबपुर उर्फ रूस्तमपुर निवासी आयुष शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा ने हिपहोप श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिससे इससे पहले आयुष



उत्तराखंड के हरिद्वार, ऋषिकेष में आयोजित कई डांस चौंपियनघशिप में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं

# मुलायम पर टिप्पणी से सपाईयों में उबाल

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मुलायम सिंह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले ने शुक्रवार को तूल पकड़ लिया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मंडी धनौरा थाने पहुंचे और तत्कालीन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुनाल पाराशर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने थाना अध्यक्ष को शिकायती पत्र सौंपा और आरोपी चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की।

बता दें कि बुधवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुनाल पाराशर पर एक तीमारदार को कमरे में बंद कर पीटने का आरोप लगा था। इस घटना के विरोध में सैनी समाज व हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता



अस्पताल परिसर में एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में भारी हंगामा हुआ और चिकित्सक से लोगों की तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। इसी विवाद के बीच सामने आए एक कथित वीडियो में डॉ. पाराशर को आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते और खुद को मुलायम सिंह को ष्काटनेष वाला बताते हुए देखा गया। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद सपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि देश के रक्षा मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री रहे नेता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के खिलाफ ऐसी बयानबाजी न केवल अपमानजनक है बल्कि समाज में उन्माद फैलाने वाली भी है। सपा नेता आलोक भारती ने कहा कि डॉ. पाराशर ने मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ दी हैं और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। थाना अध्यक्ष ने बताया कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है और वीडियो की सत्यता की भी पुष्टि की जाएगी। साक्ष्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विजयपाल सैनी, निर्दोष सैनी, आलोक भारती, वरुणजीत सिंह, आलम शेख, सचिन सैनी, समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे

# पत्नी के प्रेमी ने पति को चाकू मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक राज मिस्त्री ने अपनी पत्नी के प्रेमी पर चाकू से जानलेवा हमला करके घायल करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिये सीएचसी में भर्ती किया और छानबीन शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक अमरोहा के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति राज मिस्त्री का काम करता है और वह नगर के मोहल्ला मायापुरी में पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहता है।

**■ पुलिस मामले की छानबीन में जुटी**

कुछ दिन पहले वह अपने बीबी बच्चों के साथ लेकर काम करने गाजियाबाद चला गया है। आरोप है कि वहां से उसकी पत्नी को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी युवक भगाकर ले गया। उन दोनों की बातचीत इंस्टाग्राम के जरिये हुई थी। वह अपनी पत्नी की तलाश में जुटा था, और नगर के मोहल्ला मायापुरी वाले किराए के कमरे पर था। आरोप है कि उसकी पत्नी और उसका प्रेमी वहां पर आए और प्रेमी ने चाकु से वार करके उसे घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर वे दोनों फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ भी लग गई और सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। कस्बा प्रभारी अतवीर सिंह चौहान ने बताया कि मामला संज्ञान में है, सभी तथ्यों की जांच पड़ताल की जा रही है, देर शाम तक तहरीर भी नहीं मिली है।

# भीम आर्मी नेता को दबंगों ने घेरकर पीटा

■ भीम आर्मी के विधानसभा प्रभारी ने भाग कर बचाई जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर में पुलिस का रौब दबंगों के आगे पूरी तरह से बौना साबित हो रहा है, जिसके चलते आए दिन यह किसी ने किसी के साथ मारपीट करने की घटना को अंजाम देते रहते हैं। एक सप्ताह के अंदर दबंगों ने दूसरी घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चेतावनी दे डाली।

क्षेत्र के गांव फाजिलपुर के रहने वाले भीम आर्मी के विधानसभा प्रभारी प्रेमपाल गुरुवार की शाम करीब 5:30 पर बाइक से अपने बहनोई अजय के साथ अपने घर जा रहा था कि जैसे ही वह वहोर नगला की पुलिया के पास पहुंचा तो पहले से ही ईको गाड़ी में बैठे दबंगों ने उसे रोक लिया, और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसके साथ गन्दी-गन्दी गालियां देते हुए बुरी तरह से मारपीट करने लगे।

आरोप है कि दबंगों ने उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की, किसी तरह उसने अपने आपको दबंगों से बचाया। प्रेमपाल के मुता. बिक उसे काफी दूर तक दबंगों ने दौड़ाया। घटना की रिपोर्ट भीम आर्मी के विधानसभा प्रभारी प्रेमपाल ने रिषभ, रितिक, अरविन्द और दस अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई है।

दूसरी ओर घटना को लेकर भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सीओ गौरव सिंह से मिलकर दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

मालूम हो एक सप्ताह के अन्दर कस्बे की यह दूसरी घटना है, इससे पहले नगर के एक परिवार के साथ उस समय मारपीट की गई थी, जब वह नगर के बाईपास स्थित हरिभोग रेस्टोरेंट पर अपने बच्चे का बर्थडे कार्यक्रम मनाने गए थे। इस मामले की भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## नवीन धर्मशाला निर्माण का भूमि पूजन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** श्री रामलीला समिति द्वारा नवीन धर्मशाला निर्माण हेतु भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी रत्निका श्रीवास्तव और तहसीलदार भानू प्रताप सिंह ने भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर श्री रामलीला समिति के कोषाध्यक्ष विवेक गर्ग, चौधरी गजेंद्र सिंह, रमेश चंद सक्सेना, अवधेश रस्तोगी, अरुण अग्रवाल, हरीश शर्मा, मास्टर कहरी सिंह, आलोक गर्ग, संजय श्रीवास्तव और मेला बाबू रिशिपाल उपस्थित रहे।

नवीन धर्मशाला निर्माण से श्री रामलीला समिति को अपनी गति. विधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। इससे समिति के सदस्यों और शहर के लोगों को भी लाभ होगा।

# डीएम ने मृतक लेखपाल की पत्नी को सौंपा नियुक्ति पत्र

■ सेवाकाल के दौरान हो गई थी लेखपाल की मृत्यु



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने मृतक आश्रित जमुना देवी पत्नी स्व. मनीष चन्द्र कश्यप को कलेक्ट्रेट कार्यालय में नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

ज्ञातव्य हो कि विगत दिनांक 27.11.2024 को जनपद की तहसील फरीदपुर में तैनात लेखपाल मनीष चन्द्र कश्यप की सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो गई थी। मृतक की आश्रित उनकी पत्नी जमुना देवी को उ०प्र० सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली-1974 के प्रस्तर-5 व 9 में प्रावधानित व्यवस्था के अन्तर्गत लेखपाल पद पर वेतनमान 5200-20200 सातवें वेतन आयोग की संस्तुति अनुसार लेवल-3 पर मूल वेतन रु0 21,700-69,100 पर अस्थायी नियुक्ति प्रदान की गयी है।

तत्क्रम में डीएम द्वारा अनुकम्पा के आधार पर मृतक आश्रित के रुप में जमुना देवी पत्नी स्व० मनीष चन्द्र कश्यप निवासी मो० कानून गोयान, कस्बा व तहसील बहेड़ी को कलेक्ट्रेट कार्यालय पर आमंत्रित कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मृतक लेखपाल की सेवा सम्बन्धी समस्त देयकों का आश्रित पत्नी जमुना देवी को पूर्व में ही भुगतान किया जा चुका है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### बहेड़ी के युवक की गुड़गांव में दर्दनाक मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला टांडा निवासी फैजान पुत्र अंसार अहमद की गुड़गांव में काम करते समय बिल्डिंग से गिर जाने से मौत हो गई। फैजान कारपेंटरी का काम करता था, और गुड़गांव में काम करने गया था।

काम करने के दौरान फैजान बिल्डिंग से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। गुड़गांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

फैजान की मौत की खबर आने पर उसके घर में कोहराम मच गया। परिवार के लोग और रिश्तेदार शोक में डूब गए। सूचना मिलने के बाद परिजन शव लेने के लिए गुड़गांव रवाना हो गए। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है, और लोगों ने फैजान के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर प्रसाद वितरण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ग्वारी पचपेड़ा में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर्व के अवसर पर सिरश महाराज स्थान पर खीर और पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान लोगों ने प्रसाद चखा, और प्रसाद वितरण करने वालों में ठाकुर अवधेश सिंह, ठाकुर वीर सिंह, ठाकुर योगेश सिंह और ठाकुर अंकित सिंह आदि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा से जुड़े लोग मौजूद रहे।

ग्वारी पचपेड़ा में सिरश महाराज स्थान पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ पूर्णिमा पर्व पर खीर और पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर्व पर प्रसाद वितरण का आयोजन सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस आयोजन में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को दर्शाता है।

### केन्द्रों पर बच्चों की गतिविधियों को व्हाटसएप से जान सकेंगे उनके परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पोषण भी पढ़ाई के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र पर आने वाले 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। ब्लॉक सभागार में बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार वर्मा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बताया कि पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों का फेस कैपचरिंग और ईकेवाईसी प्राथमिकता के आधार पर सभी पूर्ण करें। साथ ही पोषण ट्रैकर पर वजन दिवस पर वजन फीडिंग और गृह भ्रमण, टीएचआर फीडिंग, वीएचएसएनडी आदि की फीडिंग समय से पूर्ण करें, साथ ही सैम बच्चों को चिन्हित का एनआरसी में भर्ती कराया जाए। रॉकेट लर्निंग जिला कोऑर्डिनेटर अदिति आर्या के द्वारा बताया गया कि 3 से 6 वर्ष तक बच्चों के अभिभावक को ग्रुप से जोड़ा जाएगा, जिसमें प्रतिदिन ग्रुप में होमवर्क तथा नई-नई गतिविधि के माध्यम से अभिभावक उन्हें सिखाएं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बताया गया कि केंद्र पर उपस्थित सभी बच्चों को उनके कौशल विकास पर ध्यान देते हुए बच्चों को वीडियो के माध्यम से गतिविधि करवाएं, जिससे उनकी बुनियादी शिक्षा मजबूत हो। इस मौके पर मुख्य सेविका राजकुमारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राज. कुमार, दुर्गा वीओसी, जय सिंह तथा साहिना तथा धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने ग्रामीण को मारा-पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने ग्रामीण को घेरकर मारा-पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना शेरगढ़ क्षेत्र के ग्राम सिसौना निवासी सुंदर लाल पुत्र आसेराम गांव में अपने खेत पर जा रहा था, तभी रास्ते में गांव के महेंद्र पाल, सतेंद्र और अर्रा. बंद ने उसे घेर लिया, और लाठी-डंडों से उसे बुरी तरह मारा-पीटा। चीख-पुकार होने पर आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग आ गए, तभी हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल युवक सुंदर लाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है, और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, और आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पुरानी रंजिश के चलते यह घटना हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

### बिजली समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भीषण गर्मी में बिजली कटौती से परेशान लोगों की आवाज अब जोर पकड़ने लगी है। एआईएमईएम पार्टी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को विद्युत वितरण खंड बहेड़ी के अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि नगर की विद्युत आपूर्ति आए दिन बाधित हो रही है। कभी ट्रांसफार्मर फुंक जाता है तो कभी ओवरलोड के चलते फीडर ठप पड़ जाता है। खासतौर से 33 केवी की लाइन में बार-बार खराबी आने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। एआईएमईएम के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शादाब एसके के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में मांग की गई है कि नगर में स्थाई समाधान के तहत ट्रांसफार्मर और तारों की मरम्मत हो। साथ ही लाइन सुधार के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में एआईएमईएम के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शादाब, एआईएमईएम नेता मौलाना नादिर अल खलीक मदारी, नगर अध्यक्ष बहेड़ी मो. फैजान वारसी, रियाज जाफरी, सैफ मुनीर जाफरी, साकिब जाफरी, मुस्तजाब अहमद, इस्तियाक जाफरी, फहीम जाफरी, वसीम रजा, शकील और अन्य कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# छात्रा अपहरण मामले में सात पर रिपोर्ट

■ कप्तान के आदेश पर हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बहेड़ी।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के कमालपुर जनूबी निवासी एक युवक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी बेटी बरेली के ही एक इंस्टिट्यूट में एएनएम की पढ़ाई कर रही है। बीती 4 जून को उसकी बेटी ने कॉलेज की फीस जमा करने को घर से निकली थी, और देव. रनियां स्थित एटीएम से लगभग 10:00 बजे के समय दस हजार रुपए निकाले थे। युवक का आरोप है कि वहीं से पुणे के गांव का रहने वाला रितिक शर्मा पुत्र जय नारायण शर्मा अपने अनुसार पुत्र चंद्रसेन व धीरज निवासी भोजीपुरा आदि के सहयोग से उसकी बेटी का बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। जब इस घटना की उसे जानकारी हुई तो उसने रितिक शर्मा के परिजनों से इसकी शिकायत की, इसपर रितिक शर्मा के पिता जयनारायण, चाचा व ताऊ चंद्र सेन, सत्यदेव नारायण पुत्रगण दुली राम आदि ने उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए झगड़े पर उतारू हो गए। युवक का आरोप है कि इस दौरान उक्त सभी ने उससे कहा कि इसकी कहीं कोई शिकायत की तो अंजाम अच्छा नहीं होगा, हम तुम लोगों को जान से मरवा देंगे। युवक का आरोप है कि उसकी पुत्री अभी तक उन्हीं के कब्जे में है, और यह लोग उसकी बेटी के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। युवक ने इसकी शिकायत बीते सात जून को कोतवाली देवरनियां पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, न ही पुलिस ने उसकी बेटी को बरामद किया है। युवक को उक्त लोगों से अपनी बेटी व अपने परिवार का जान माल का खतरा बना हुआ है। एसएसपी के आदेश के बाद कोतवाली देवरनियां पुलिस ने इस मामले को लेकर रितिक शर्मा, राजू उर्फ राजकुमार, धीरज, जय नारायण, चंद्र सेन, सत्यपाल देवनारायण के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

# बरेली में सरकारी राशन ले रही पाकिस्तानी महिला

■ फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बारादरी इलाके में दीर्घकालिक वीजा पर रह रही पाकिस्तानी महिला ने खुद को परिवार की मुखिया दर्शाकर फर्जी राशन कार्ड बनवा लिया, और उस राशनकार्ड से राशन भी ले रही थी। महिला का फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया गया है। इसका खुलासा होने पर पुलिस ने पाकिस्तानी महिला के खिलाफ बारादरी थाने में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने महिला की निगरानी शुरू कर दी है।



बारादरी थाने में तैनात दरोगा सौरभ तोमर ने पाकिस्तानी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि वर्तमान में एसएसपी के निर्देश पर शहर में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या, बांग्लादेशी और पाकिस्तानियों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ऑपरेशन खोज के तहत जब सौरभ तोमर सूचनाएं जुटा रहे थे, तभी उन्हें जानकारी मिली कि पाकिस्तानी नागरिक फरहत सुल्ताना दीर्घकालिक वीजा पर बारादरी के सूफी टोला में रह रही है।

फरहत ने सूफी टोला निवासी शाहिद खलील से निकाह कर लिया है। फरहत सुल्ताना ने छल कपट और जालसाजी कर आधार कार्ड हासिल कर लिया। इतना ही नहीं फरहत ने खुद को परिवार का मुखिया दर्शाकर भारतीय राशन कार्ड भी बनवा लिया। फरहत को जब भारतीय नागरिकता प्राप्त ही नहीं है, तो ऐसे में उसका आधार और राशन कार्ड कैसे बन गया, इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। फरहत के जाली दस्तावेज बनाने वालों पर भी कार्रवाई होगी

# गलत खतना करने वाले झोलाछाप के विरुद्ध हो कार्रवाई

■ सीएमओ को पत्र लिख कर लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** पिछले दिनों एक बच्चे की गलत खतना करने वाले झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से नाराज पीड़ित बच्चे के पिता ने सीएमओ को पत्र भेजकर झोलाछाप डॉक्टर पर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

बताते चलें कि बीती 28 मई को कस्बे के एक झोलाछाप डॉक्टर के यहां बिलासपुर (रामपुर) की एक महिला अपने नौ वर्ष के बच्चे को लेकर खतना कराने आई थी। खतना करते समय धारदार वस्तु बच्चे के गलत जगह लग गई थी, जिससे बच्चे की हालत बिगड़ गई थी। रास्ते से गुजर रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य झाझन लाल गंगवार ने बच्चे को इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था तथा पुलिस से लिखित शिकायत भी की थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### मेडिकल स्टोर की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे हैं अवैध क्लीनिक

बताते चलें कि कस्बे सहित क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ सी आई हुई है वर्ष 2020 कोरोनकालके बाद तो झोला छाप डाक्टरों की तादाद में बेतहाशा इजाफा हुआ है। आज हालात यह हो गए है कि हर गली मोहल्लों में झोलाछाप डॉक्टर व दवा की दुकानों का जाल फैला हुआ है। झोलाछाप डॉक्टर इलाज के नाम पर मरीजों से मोटी फीस तो वसूलते हैं। कई बार गलत इलाज करने से मरीज की जान पर बन आती है। कार्यवाही से बचने के लिए इन झोलाछाप डॉक्टरों ने मेडिकल का लाइसेंस बनवा रखा है। मेडिकल की आड़ में इलाज के नाम पर मरीजों की जान से खिलवाड़ करते हैं। कोई गांव व मोहल्ला ऐसा नहीं बचा है जहां पर इन झोलाछापों का जाल न फैला हो।

### कोई सुविधा नहीं फिर भी झोलाछाप करते हैं इलाज

क्षेत्र में कई अवैध क्लीनिक ऐसे भी जहां जहां पर अंधेरे में मरीजों को लिटाकर इलाज किया जाता है। इन झोलाछाप डॉक्टरों के यहां पर न तो गर्मी से बचने के लिए पंखे की सुविधा है और न ही रोशनी की सुविधा। कई बार शिकायत करने के बाद भी विभागीय अधिकारी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं।

# वागत थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताई अपनी प्राथमिकताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** थाना किला से स्थानांतरण होकर आए नवागत थाना अध्यक्ष राजेश सिंह ने प्रेस वार्ता में अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि थाना शेरगढ़ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी शीर्ष प्राथमिकता होगी।

थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि वह अपने क्षेत्र में गौ तस्करों पर विशेष नजर रखेंगे, और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि वह महिलाओं के शिकायती पत्र पर तुरंत एक्शन लेंगे और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

थानाध्यक्ष ने आम जनता से अपील की कि वे संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें। इससे अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी, और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहेगी। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि वह आम जनता के साथ मिलकर काम करेंगे, और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाएंगे।

# रात के अंधेरे में पाटा जा रहा था तालाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर पालिका में शामिल हुए गांव वहोर नगला में पड़े तालाब को भू-माफिया द्वारा रात के अंधेरे में पाटा जा रहा था, ट्रैक्टर ट्राली से किए जा रहे इस पटान की सूचना किसी ने नगर पालिका के साथ ही आला अधिकारियों को दी।

जिस पर रात में ही करीब साढ़े दस बजे नगर पालिका परिषद के सफाई प्रभारी अमर सिंह अपनी और राजस्व कर्मियों की टीम के साथ पुलिस बल को लेकर स्थल पर जा धमके, और भू-माफिया द्वारा कराए जा रहे तालाब के पटान को रुकवा दिया।

■ पुलिस बल के साथ नगर पालिका ने रूकवाया कार्य

नगर पालिका परिषद के सफाई प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि उन्हें ग्राम समाज के तालाब को पाटे जाने की सूचना मिली थी, जिस पर स्थल पर जाकर तालाब का पटान करने वाले से इसका आदेश मांगा गया तो वह कोई आदेश दिए दिखा सका था, जिसपर पटान का कार्य तत्काल रुकवा दिया गया है। राजस्व टीम में लेखपाल, चौकी इंचार्ज विवेक कुमार आदि शामिल थे।

**गन्ना उत्पादक स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहेड़ी ( बरेली )**

पत्रांक:-859/ग०उ०म०/2025-26 दिनांक:- 13.06.2025

**निविदा सूचना**

महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में कैंटीन/साइबर कैफे हेतु निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म/व्यक्ति टेण्डर फार्म रू० 100.00 देकर निविदा प्रकाशित होने की तिथि के अगले दिन से महाविद्यालय कार्यालय से कार्य दिवस समय प्रात: 10:00 बजे से 02:00 तक प्राप्त कर व्यक्तिगत/वाहक/डाक द्वारा निर्धारित समय अवधि के अन्दर शीलबन्द निविदा सचिव, गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, बहेड़ी (बरेली) के नाम से दिनांक 30.06.2025 तक जमा करें। टेण्डर दिनांक 01.07.2025 को प्रात: 11:00 बजे गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, बहेड़ी में खोले जायेंगे। निविदा खोलते समय टेण्डर डालने वाले व्यक्तियों की उपस्थिति अनिवार्य है। नियम एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में महाविद्यालय में देखी जा सकती है। निविदाएं निरस्त व स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।

प्रो. ( डॉ. ) हरिकेश सिंह — प्राचार्य
( चौ. नरेन्द्र सिंह ) — कोषाध्यक्ष
( राजेन्द्र कुमार ) — प्रबन्धक

# अहमदाबाद विमान हादसे का शिकार हुए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे का शिकार हुए लोगों को शुक्रवार को भाजपा नेताओं के साथ ही अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

घटना पर दुख व्यक्त करते हुए विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार ने घटना में शामिल हुए मृतकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कस्बे के बाईपास चौराहे पर स्थित पटेल चौक पर आयोजित शोक सभा में युवा नेता सचिन रस्तोगी, सभासद आशीष गुप्ता, कपिल शर्मा, सचिन चौधरी आदि ने भाग लिया। इसके साथ ही एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में सचिव दुष्यंत गंगवार, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार के साथ ही पूर्व अध्यक्ष सुधाकर लाल रस्तोगी, भुवनेश्वर गंगवार, इश्तियाक अली के साथ ही आदि ने शोक व्यक्त करते हुए मृतकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा अधिवक्ता शारिक हुसैन खां, राजीव गंगवार, अनिल दिवाकर आदि ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया है।

इसके साथ ही अहमदाबाद में हुए इस विमान दुर्घटना पर सपा नेता प्रो० राशिद अंसारी, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व अध्यक्ष हाजी परवेज गुड्डू, तसव्वर हुसैन अंसारी, सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव हाजी परवेज अंसारी, युवा नेता अरशद अंसारी, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अरशद अली, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मो. असलम अंसारी आदि ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया है।

# अध्यक्ष गोसेवा आयोग ने ली समीक्षा समिति की बैठक

■ गौशालाओं में साफ-सफाई, पीने का पानी, भूसा, हरा चारा आदि की व्यवस्थाओं को उचित रखने के दिए निर्देश

■ गायों को गर्मी से बचाव हेतु ताजा पानी, टीन शेड तथा जूट के बोरे आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अध्यक्ष गोसेवा आयोग श्याम बिहारी गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना निराश्रित गोवंश संरक्षण की मण्डल स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई।

बैठक में गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ला, सदस्य रमाकांत उपाध्याय, राजेश सिंह सेंगर, दीपक गोयल, विधायक बरखेड़ा पीलीभीत स्वामी प्रवक्ता नन्द, अधिकारियों में मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, अपर निदेशक पशुपालन विभाग डॉ० एमपी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भण्डारी, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, मण्डल के समस्त जनपद के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित सम्बंधित मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में अध्यक्ष गोसेवा आयोग ने निर्देश दिए कि मण्डल के जनपदों में समस्त गौशालाएं नियमित रुप से संचालित रहें, तथा गौशालाओं में साफ-सफाई, पीने का पानी, भूसा, हरा चारा आदि की व्यवस्थाओं को उचित रखें। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को जाने वाले रास्ते खराब होने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुये गौशालाओं की ओर जा रही सड़कों को सही कराए जाने के निर्देश दिये।

बैठक में अध्यक्ष गोसेवा आयोग ने गौशालाओं में बीमार पशुओं की लगातार निगरानी व समय-समय पर उपचार कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कमजोर गोवंश को अधिक देखभाल और अधिक हरा चारा, चौकर खिलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की आकांक्षा है कि प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में गौशालाओं को मॉडल गौशाला के रूप में विकसित किया जाये। उन्होंने कहा कि बड़ी गौशालाओं में गोबर गैस प्लांट बनाए जाएं, बड़ी गौशालाओं में पक्की नाली बनाई जाये, जिससे गोमूत्र का आसानी से संग्रह किया जा सके, एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा सके। जिससे गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने समस्त मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशालाओं की लगातार समीक्षा बैठक की जाये, तथा शासन से गौशालाओं में गायों को संरक्षित करने का लक्ष्य प्राप्त होता है, उसे शत प्रतिशत पूर्ण किया जाये।

बैठक में गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं एक गौ सेवक हैं। उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओंमें सीसीटीवी कैमरे नहीं लग पाए हैं, उन गौशालाओं में अतिशीघ्र कैमरे लगवाए जाएं, तथा इसकी मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लगातार निगरानी की जाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में गोसेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने कहा कि पूर्व में गौशालाओं में गायों की संख्या बहुत कम थी, परन्तु मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत गौशालाओं में गायों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि हर माह एक कार्यशाला का आयोजन किया जाये, जिसमें किसानों को अवश्य सम्मिलित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशालाओं में गायों को गर्मी से बचाव हेतु ताजा पानी तथा टीन शेड, जूट के बोरे आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में गोसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने समस्त पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशालाओं का सप्ताह में एक बार निरीक्षण आवश्यक करें, तथा यह भी देखा जाये कि वहां पर सभी रजिस्टर उपलब्ध हैं या नहीं। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी बरेली को निर्देश दिये कि समस्त गौशालाओं में शत प्रतिशत वृक्षारोपण कराया जाए।

उक्त से पूर्व गोसेवा आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यगणों ने तहसील नवाबगंज के ग्राम अधकटा नजराना में स्थित वृहद गौ संरक्षण केन्द्र, तहसील सदर के ग्राम महेशपुर स्थित वृहद गौ संरक्षण केन्द्र, विकासखंड मझगवां के ग्राम खनगवां स्थित वृहद गौ संरक्षण केन्द्र व शेरगढ़ स्थित शरीफनगर गौ आश्रय केन्द्र का निरीक्षण किया, और गौशालाओं की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

# हीमपुर पुलिस का नाकारा रवैया

**परीक्षित गुप्ता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई एक घटना इतनी रहस्यमयी हो गई है कि इसे खोल पाना शायद अब हीमपुर दीपा पुलिस के बस की बात नही है। हालाँकि हीमपुर दीपा पुलिस ने उक्त मामले को उस वक्त नामजद दर्ज किया जब पुलिस यह पता निकाल चुकी थी कि सभी नामजद लोगो की न केवल फोन लोकेशन अलग अलग थी बल्कि कई तो क्षेत्र में भी मौजूद नहीं थे । हालाँकि पुलिस ने उक्त मामले में नामजद लोगों से अलग भी लोगों को उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी परंतु आज भी हीमपुर दीपा पुलिस के हाथ खाली के खाली ही है। क्षेत्र में चर्चा है कि पुलिस को अब बाबा बागेश्वर धाम से पर्चा बनवा लेना चाहिए ताकि बेकसूरो को जेल भेजने से बचाया जा सके और उक्त पूरे प्लान का मास्टरमाइंड अथवा जो हमलावर है वो जेल जा सके।

## एएसपी ग्रामीण और सीओ चांदपुर के संज्ञान में है मामला

उक्त मामला एएसपी ग्रामीण और सीओ चांदपुर के संज्ञान में भी है जिन्हें पत्रकारों ने कई कई बार अवगत कराया परंतु किसी भी अधिकारी ने उक्त मामले में रुचि लेना गंवारा नहीं समझा। हालांकि अधिकारियों के इसी नाकारा रवैये के चलते यदि बेकसूर जेल चले जायेंगे तो कोई हैरानी की बात नही होगी।

दरअसल बीते दिनों हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में मुसर्रत नामक व्यक्ति पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया था, जिसमें वह घायल हो गया था। बताया जाता है कि जब मुसर्रत बाइक से रात में अपने घर जा रहा था तो उसके सिर पर हेलमेट लगा था जो कैमरे में भी नजर आ रहा है। हेलमेट उतरकर हमला होने की बात अपने आप में एक सवाल बनी हुई है। वहीं अंधेरे में किसी भी एक व्यक्ति को न पहचान पाने के साथ साथ चार लोगों के नाम शक के तौर पर लिखवा देने से रंजिश की बू आना भी लाजमी है। बताया जाता है कि मुसर्रत ने हीमपुर दीपा पुलिस से कई बार इनके नहीं होने का भी जिक्र कर चुका है परंतु अगले ही दिन फिर इन्हें के होने की बात कहकर पुलिस को उलझाए हुए है। उधर हीमपुर दीपा पुलिस को फुर्सत की बात करे तो वह इतने आराम में है कि स्वयं कुछ करने की बजाय रोज मुसर्रत की बाते तसल्ली से सुन रही है। चर्चा है कि मिठाई खिलाकर यह नामजद मुकदमा प्रीप्लानिंग के साथ रंजिशन लिखवाया गया है, तभी पुलिस मुकदमे में छानबीन करने के बजाय शक्तिमान के आने का इंतजार कर रही है जो आरोपियों को लेकर थाने पहुंचेगा।

बता दें कि उक्त मामले में पुलिस एक पत्रकार का भी नाम शामिल किए बैठी है जो घटना के समय जलीलपुर में मौजूद था । जिसका न केवल सीसीटीवी फुटेज मौजूद है बल्कि पुलिस उसकी लॉकेशन भी निकलवा चुकी थी जो सही मिली थी।

# बारिश से भीषण गर्मी में राहत

## किसानों के लिए वरदान साबित हुई बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** तपिश भरी गर्मी व आग बरसाते मौसम के तेवर से बेहाल लोगों के लिए शुक्रवार का दिन राहत भरा रहा। मौसम ने करवट बदली और सुबह से ही मौसम सुहावना रहा। तेज हवा चलने के साथ ही हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली तथा किसानों के लिए बारिश वरदान साबित हुई।

गौरतलब हो कि पिछले कुछ दिनों से तपिश भरी गर्मी से लोग बेहाल थे। आग बरसाते मौसम के तेवर कुछ ज्यादा ही तल्ख थे। ऐसा लग रहा था कि मानो आसमान से अंगारे बरस रहे हो तथा जमीन खुश्क हो गई है। इस भीषण गर्मी में राहगीर ठंडे पानी व छाया की तलाश कर रहे थे तथा किसानों का खेतों पर रुकना मुश्किल हो रहा था। लेकिन शुक्रवार की सुबह से ही सुहावने हुए मौसम व तेज हवा के साथ हुई बारिश से तापमान एकदम लुढ़क गया, जिससे गर्मी की मार झेल रहे लोगों को राहत मिली। हाईवे पर जलभराव होने के चलते वाहन स्वामियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा तथा जगह जगह हुए जलभराव में नहाते नजर आए।



# मंदिर सय्यदबाड़ा कमेटी ने गर्मी में पिलाया शरबत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बृहस्पतिवार को तपती गर्मी में मंदिर कमेटी ने एक सराहनीय कार्य किया। सय्यद बाड़ा क्षेत्र के पहाड़ी दरवाजा बाजार में मंदिर कमेटी ने राहगीरों के लिए शरबत की व्यवस्था की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। राहगीरों ने ठंडा पानी और शरबत का आनंद लिया। कई लोग रुककर छांव में विश्राम करते दिखे। मौहल्ला सय्यदबाड़ा स्थित पंजाबी महावीर मंदिर कमेटी के सौजन्य से बृहस्पतिवार की दोपहर साहूवान बाजार में कैंप लगाकर आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा शरबत रूह अफजा पिलाया। राहगीरों को शरबत पिलाने में प्रबंधक गौरखनाथ खन्ना, राजकुमार सेठी उपप्रबंधक, तिलकराज, चरणजीत सचदेवा, इशांत सेठी, मनीष सेठी, अभिषेक सेठी, विकास जोशी, राजा बाबू, वंश सचदेवा, सरदार हरमीत मल्होत्रा, राजन सैनी, राजकुमार, राधिका आदि लोगों का योगदान रहा। समाज के हर वर्ग ने इस सेवा कार्य की सराहना की।

# गन्ना सर्वे टीम के कार्य का निरीक्षण

## फसल में रोगों की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चीनी मिल बिंदल पेपर्स चांगीपुर सोसाइटी चांदपुर के ग्राम सिकंदरपुर व शिवाला कला में गन्ना सर्वे टीम द्वारा किए जा रहे गन्ना सर्वे का गन्ना परिषद अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सर्वे टीम मौके पर किसानों को सर्व स्लिप देते हुए मिलने पर हर्ष जताते हुए सर्वे टीम की पीठ थपथपाई। सर्वे टीम द्वारा सुबह सर्वे किया गया परंतु इसी बीच बारिश आने के कारण सर्वे कार्य 2 घंटे बाधित रहा, जिसे कुछ समय पश्चात मौसम ठीक होने पर सर्वे कार्य पुन: प्रारम्भ कराया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गन्ना फसल में रोग, कीट का अपतन नगन्य पाया। गन्ना प्रजाति सीओ 0238 की पेड़ी फसल में रेड रॉट के प्रारंभिक लक्षण दिखाई पड़ रहे हैं, जिसे विभाग और चीनी मिल के सहयोग से रोगिग कर प्रभावित गन्ने को समाप्त किया जाने हेतु कार्य प्रारम्भ किया। बिन्दल पेपर्स एंड डिस्टलरी यूनिट शुगर मिल चांगीपुर द्वारा ब्लीचिंग पावर प्रभावित एरिया में डालने के लिये दिया जा रहा है। साथ ही अडोदीजो और त्रिकोडेर्मा डरेंचिंग हेतु कृषकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। चीनी मिल चांगीपुर उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मलिक एवं मुख्य गन्ना प्रबंधक इंद्रवीर सिंह ने बताया कि मिल द्वारा किसानों को ब्लीचिंग पाउडर फ्री ऑफ कॉस्ट, त्रिकोडेर्मा 50 प्रतिशत छूट पर, आदेजिदो 150 मिली लीटर /320 बॉटल उपलब्ध कराई जा रही है। सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने बताया कि इसी के साथ-साथ ही (छूट पर) टॉप बोरर के लिये समिति स्तर पर कृषकों के लिये सीमो कीटनाशक उपलब्ध है। चीनी मिल द्वारा नेट जेन का डरेंचिंग हेतु उपलब्ध है। मिल अधिकारियों एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक लगातार सर्वे निरीक्षण टीम के साथ किसानों के खेत खेत पहुंच रहे हैं और किसानों के साथ अपनी बात साझा कर रहे हैं।



# कपड़े ड्राई क्लीन कराने निकली किशोरी लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नींदड़ू खास में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक किशोरी घर से कपड़े ड्राई क्लीन कराने के लिए निकली और वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश के बाद पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला निवासी गजनफर अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी 10 जून को घर से यह कहकर निकली थी कि वह कपड़े ड्राई क्लीन कराने जा रही है। लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी वह घर नहीं लौटी।

परिजनों ने रिश्तेदारों और आस-पास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बेटी का मोबाइल फोन घर पर ही मिला, जिसमें सिम कार्ड नहीं था,

## परिजनों ने जताई बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका

लेकिन डायल कॉल हिस्ट्री में दो नंबर पर बातचीत हुई थी। इन नंबरों पर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन एक नंबर पहले घंटी जाने के बाद बंद हो गया और दूसरा लगातार बंद आ रहा है। पुलिस को दी तहरीर में आशंका जताई है कि उसकी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित ने दोनों मोबाइल नंबरों की जांच कराते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लड़की की तलाश की मांग की है।

कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू

## सीओ ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस का मुख्य उद्देश्य यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ मार्गों व नगर में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा बृहस्पतिवार को व्यापक पैदल गश्त एवं सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर सीओ नगीना के नेतृत्व में नगर के पश्चिमी क्षेत्र में चित्तौड़गढ़ चौकी से अकबराबाद चौक आदि क्षेत्रों में यह अभियान प्रभावी ढंग से संचालित किया गया।

क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में क्षेत्राधिकारी व चौकी प्रभारियों गजेंद्र उज्जवल, सोहन सिंह पुंढीर आदि के साथ पुलिस बल ने पैदल भ्रमण करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया और उन्हें कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील भी की गई। सावन के महीने में होने वाली कांवड़ यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए नगीना पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। पुलिस ने हाईवे से गुजरने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाए हैं। उन्होंने क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले वाहन चालकों को रोका। ऐसे वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाए और चालकों को ओवरलोडिंग न करने की हिदायत दी। पुलिस प्रशासन ने रात्रि में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह कदम उठाया है। चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला अफगानान में दुकानदारी को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दुकानदार और उसके भतीजे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने लोहे की रॉड से वार कर दुकानदार को घायल कर दिया और दुकान व मोहल्ला छोड़ने की धमकी भी दी।

फिरोज आलम निवासी नगीना चौक धामपुर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह 9 जून को अपनी इलैक्ट्रॉनिक की दुकान पर बैठा था, तभी पास की दुकान के आतिफ शम्सी, औसामा, जमशेद और आफताब ग्राहक को अपनी दुकान की ओर बुलाने लगे। जब फिरोज ने

## दुकानदारी को लेकर कहासुनी में बढ़ा विवाद

इसका विरोध किया, तो चारों आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया।

फिरोज का भतीजा फराज आलम जब उसे बचाने पहुंचा, तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे उसे भी गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी लगातार दुकान और मोहल्ला छोड़ने की धमकी देते आ रहे हैं। फिरोज ने कोतवाली धामपुर में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## एक नजर

### झंडा चौक शिव मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा



**झालू।** नगर के झंडा चौक स्थित शिव मंदिर परिसर में एक दिवसीय अनुष्ठान के साथ शिला के रूप में न्याय के देवता शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व श्री शनि शिला का जलाधिवास व अन्नाधिवास कराया गया एवं 108 सामग्री ले करके गंगा जल व पंचामृत से शिला का स्नान कराया गया। एड. शिवम अग्रवाल के सहयोग से मुख्य यजमान राजीव अग्रवाल व उनकी पत्नी सूची अग्रवाल की देखरेख में पंडित नितिन शर्मा के द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। पूजा-अर्चना के बाद हवन किया गया। हवन के तत्पश्चात भगवान श्री शनि शिला जी को उनके स्थान पर विराजमान किया गया। इसके बाद शनि शिला की आरती करके उड़द, चावल व हलवे का भोग लगाया और फिर भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता, मंदिर कमेटी के संरक्षक अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष नितिन शर्मा, महामंत्री अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, अंकित शर्मा, अभिषेक अग्रवाल एड., अवधेश, गौरव, मधुर, प्रांजल, हिमांशु, अनमोल, हितेश, विजय अग्रवाल उर्फ डैनी, निशांत गर्ग, गौरव शर्मा उर्फ रावण, लव, महिलाओं में वंदना अग्रवाल, ज्योति गुप्ता, लवी, प्रियांशी, कृतिका, पुष्पा, छवि, पूनम, बबिता आदि मौजूद रहे।

### आईटीआई चलो अभियान का प्रचार प्रसार जारी



**बिजनौर।** जनपद बिजनौर में संचालित 05 राजकीय एवं 21 निजी आईटीआई में अगस्त 2025 से प्रारंभ होने जा रहे प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न ट्रेड के लिए प्रवेश आवेदन पत्र पर www.scvtup.in पर ऑनलाइन किए जा रहे हैं जिसकी अंतिम तिथि 22 जून 2025 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित है। इसकी विस्तृत जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा द्वारा कुणाल रस्तोगी, आईएएस, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बिजनौर को देते हुए बताया कि वर्तमान समय में आईटीआई रोजगार उपलब्ध कराने वाला सबसे सस्ता प्रशिक्षण है, जिसमें आठवी एवं दसवीं पास अभ्यर्थी मेरिट के आधार पर प्रवेश ले सकते हैं तथा प्रवेश के उपरांत सामान्य एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों को मात्र 40 रूपए प्रति माह शुल्क देना होता है तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। आईटीआई प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थी सरकारी एवं प्राइवेट सेक्टर में नौकरी प्राप्त कर सकता है। इसके लिए आईटीआई में ही समय-समय पर रोजगार एवं अप्रेंटिस मेलों का आयोजन किया जाता है।

### शोकसभा का आयोजन

**चांदपुर।** सीनियर बार एसोसिएशन तहसील चांदपुर की एक शोक सभा संगठन कार्यालय पर हुई, जिसमें राजपाल सिंह सैनी एडवोकेट के आकस्मिक निधन एवं गुजरात के अहमदाबाद में हुई प्लेन दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सतीश चंद्र त्यागी एडवोकेट ने की जबकि संचालन महेंद्र पाल सिंह तोमर एडवोकेट सचिव ने किया। शोकसभा में सीनियर बार एसोसिएशन के तहसील चांदपुर के समस्त पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य का उपस्थित रहे।

# चेयरमैन ने लिया जलभराव की स्थिति का जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुक्रवार को नगर क्षेत्र धामपुर में हुई अत्यधिक तेज बारिश के कारण कई क्षेत्रों में अस्थायी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जल निकासी की समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार ने स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में नाला-नालियों की सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। जहां कहीं भी नालियों में गंदगी, कूड़ा-करकट अथवा जलजमाव पाया गया, वहां तत्काल प्रभाव से सफाई कराए जाने के निर्देश सफाई नायकों को दिए गए। इस दौरान उन्होंने स्थाई शेल्टर होम का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के समय सफाई प्रभारी विकास गुप्ता एवं सफाई लिपिक नितिन अग्रवाल भी मौजूद रहे।

नगरवासियों ने पालिका अध्यक्ष की सक्रियता और तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यशैली जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी का सच्चा उदाहरण है।

# आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

## विद्युत आपूर्ति बाधित होने से भारी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर विद्युत उपकेंद्र पर उस समय अफरा तफरी मच गई, जब तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 10 एमवीए क्षमता का मुख्य ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रांसफार्मर डैमेज होने के कारण टाउन फीडर नंबर-1, कालागढ़ रोड और दुर्गा विहार फीडर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है।

विद्युत विभाग के अनुसार ट्रांसफार्मर पर गिरी आकाशीय बिजली से गंभीर तकनीकी खराबी आ गई है, जिसे ठीक करने में करीब तीन से चार घंटे का समय लग गया। सूचना मिलने पर विद्युत कर्मी ट्रांसफार्मर को ठीक करने में लग गए, लेकिन फिलहाल इन इलाकों में कई घंटे बिजली पूरी तरह गुल रही।

बिजली गुल होने के कारण क्षेत्र के निवासियों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कालागढ़ रोड, दुर्गा विहार, रेलवे स्टेशन रोड आदि इलाकों के लोगों ने बताया कि न तो पंखे चल पा रहे हैं, न ही पानी की सप्लाई ठीक से हो पा रही है। व्यापारी वर्ग भी बिजली ठप होने से परेशान है। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे धैर्य रखें, टीम जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल करने के लिए काम कर रही है।



# 10 लोगों पर 17/16 की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम बेगराजपुर में हुए सांप्रदायिक विवाद में पुलिस ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए एक पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके दो युवकों का शांति भंग में चालान कर दिया। इसी क्रम में दोनों पक्षों के एक महिला सहित 10 लोगों को एक साथ 17/16 की कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव बेगराजपुर में बुधवार की सुबह करीब 10:00 बजे दलित समाज का एक युवक मोटरसाइकिल से घर वापस जा रहा था। आरोप है कि जब वह गांव की मस्जिद के बाहर के रास्ते से निकल कर घर जा रहा था। इसी दौरान दूसरे समुदाय के एक युवक ने अन्य दो युवकों के साथ उसे रोक लिया तथा उसके साथ गाली गलौज करके मारपीट शुरू कर दी थी। उसे जान से मारने का प्रयास किया किसी तरह से वह उनके चंगुल से निकल कर घर की तरफ को भागा। आरोपी लाठी डंडे लेकर उसके घर के सामने गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देते हुए तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए थे। इस मामले में गांव निवासी खेमचंद पुत्र तुलसी ने गांव निवासी अजीमुद्दीन पुत्र ना मालूम, जीशान, फरमान, गुलफाम पुत्र वहाजुद्दीन, आमिर पुत्र इरफान के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। इस मामले में जीशान व अजीमुद्दीन का शांति भंग में चालान कर दिया था। गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए थाना अध्यक्ष ने धीरज नगर ने बताया कि एक पक्ष की ओर से ऋतिक पुत्र खेमचंद, खेमचंद पुत्र तुलसी, श्रीमती किरण पत्नी खेमचंद, अनुज पुत्र ना मालूम दूसरे पक्ष की ओर से अजीमुद्दीन, अरमान, बिलाल, फैजान, गुलफाम, वहाजुद्दीन 10 लोगों के खिलाफ 17/16 की कार्रवाई की गई है। गांव में पुलिस फोर्स तैनात है। किसी भी कीमत पर शांति भंग नहीं होने दी जाएगी।

# मंडी समिति कार्यालय में लिपिक की मनमानी

## कार्यशैली बनी असहनीय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर की कृषि उत्पादन मंडी समिति कार्यालय में तैनात लिपिक अभिनव गौड़ की गैरहाजिरी और मनमानी कार्यशैली से व्यापारी, कर्मचारी और आम जनता सभी परेशान हैं। बताया जा रहा है कि लिपिक अभिनव गौड़ पिछले चार वर्षों से किरतपुर मंडी समिति में तैनात हैं, लेकिन उनका कार्यालय में उपस्थित रहना अब महज एक औपचारिकता बनकर रह गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर की कृषि उत्पादन मंडी समिति के लिपिक अभिनव गौड़ कार्यालय समय से नहीं पहुंचते है। सरकारी नियमों के अनुसार कार्यालय का समय सुबह 9:00 बजे से शुरू होता है जबकि लिपिक महोदय अक्सर दोपहर 12:00 बजे तक भी कार्यालय नहीं पहुंचते है। यह स्थिति कोई एक दिन की नहीं बल्कि लगातार बनी हुई है। उनके इस लापरवाह और गैरजिम्मेदाराना रवैये से मंडी में आने वाले व्यापारी किसान परेशान है।

जब कोई उनसे समय पर आने या अनुपस्थिति की शिकायत करता है, तो वह सत्ता पक्ष से अपने संबंधों की धौंस जमाकर उल्टा सीधा जवाब देते हैं। उनका यह रवैया न केवल प्रशासनिक अनुशासन का उल्लंघन करता है बल्कि सरकारी सेवा की गरिमा के भी खिलाफ है। मंडी समिति में कार्यरत अन्य कर्मचारियों और किरायेदारों के साथ भी उनका व्यवहार अभद्र और निंदनीय बताया जा रहा है।

क्षेत्र के कई व्यापारियों, किसानों और स्थानीय नागरिकों ने लिपिक अभिनव गौड़ की कार्यशैली और कार्यालय में उनकी अनुपस्थिति को लेकर उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि लिपिक द्वारा सरकारी नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं।

सूत्रों के अनुसार, संबंधित अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही का आश्वा. सन दिया है। अब देखना यह होगा कि लिपिक अभिनव गौड़ के खिलाफ कब तक प्रशासन सख्त रुख अपनाता है, या यह मनमानी यूँ ही जारी रहेगी।



# मुलायम के अपमान पर भड़के सपाई

## चिकित्साधीक्षक पर कार्रवाई की मांग को कलेक्ट्रेट में काटा हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के खिलाफ चिकित्सा अधीक्षक द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर सपाई भड़क गये। उन्होंने कलक्ट्रेट तथा एसपी आफिस पर जोरदार हंगामा किया तथा चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग को ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को सपा कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे तथा ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि बीते दिन मंडी धनौरा के सरकारी अस्पताल से गांव इन्दरपुर निवासी महिला दवाई लेने आई थी। इस दौरान उसके साथ चिकित्सक अधीक्षक कुनाल पराशर ने अभद्रता की। इतना ही नहीं उन्होंने पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के खिलाफ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आरोपी चिकित्सा अधीक्षक के खिलाफ जांच कराकर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के खिलाफ उन्होंने जो अभद्र भाषा का प्रयोग किया है वह भी उनके पास मौजूद है। उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने हमेशा कमजोर लोगों की आवाज उठाने का काम किया है। चिकित्सा अधीक्षक ने उनके खिलाफ जिस भाषा का प्रयोग किया है वह निंदनीय है। जब तक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती वह चैन से नहीं बैठेंगे। हंगामा करने वालों में जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव, पूर्व एमएलसी परवेज अली, चन्द्रपाल सैनी, मुमजात खां, महेश यादव, अतीक अहमद, विजयपाल सैनी, सुखवीर सिंह, मलखान सिंह, सर्वेश सैनी, मुख्तार नकवी, आलोक भारती, अनीस,लता सागर, तौसीफ कुरैशी, नूर सबा मौजूद रहे।



# जमीन के नाम पर 65 लाख रुपये हड़पे

## दम्पति, बेटे समेत चार फंसे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** 65 लाख रूपये की रकम लेने के बाद भी जमीन का बैनामा नहीं कराया। जबकि परिवार दूसरे स्थान पर जाकर रहने लगा। स्टाम्प पर लिखने के बाद भी जब रकम वापस नही की गयी तो पीड़ित ने एसपी से मामले की शिकायत की। दम्पति, बेटा समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

नगर के मोहल्ला मंडी चौक में रहने वाले देवेंद्र कुमार ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के उमरपुर गांव के रहने वाले रामचंद्र से जमीन का सौदा 65 लाख रुपये में तय किया था। रामचंद्र वर्तमान में चांद नगर गांव में रहते हैं। जबकि दो बीघा 6 बीसा जमीन खरीदने की बात तय हुई थी। आरोप है कि इस दौरान देवेंद्र कुमार और उनके साथियों ने रामचंद्र, उनकी पत्नी रेखा बेटे नौबहर और शुभम को 21 लाख रुपये नगद दिए थे। जबकि 38.60 लाख रुपये चेक से दिए थे। आरोप है कि रुपये लेने के बाद यह लोग घर छोड़ कर चले गए। काफी समय तक इंतजार करने के बाद पीड़ित देवेंद्र कुमार ने मामले की शिकायत थाना पुलिस से की। इस दौरान पुलिस के सामने रामचंद्र ने स्टांप पर लिखित में दिया कि वह 20 मई तक रुपये वापस कर देगा या 21 मई को जमीन का बैनामा करा देगा। बावजूद इसके रामचंद्र और उनके परिवार के सदस्यों ने जमीन का बैनामा नहीं कराया। तगाजा करने के बाद भी रुपये वापस नहीं दिए। इसके बाद पीड़ित देवेंद्र कुमार ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में रामचंद्र, उसकी पत्नी रेखा, बेटे नौबाहर और शुभम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# तेंदुआ! खौफ के कारण जंगल भी नहीं जा रहे ग्रामीण

## क्षेत्र में बरकरार तेंदुए की दहशत, पिंजरे में अभी तक नहीं फंसा तेंदुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले में तेंदुए की दहशत लोगों के दिलों पर पूरी तरह हावी है। हालत यह है कि वह अकेले जंगल जाने से डर रहे हैं। जब से तेंदुए की हत्या में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा हुआ है तब से हालात और बिगड़ गये हैं। हालांकि वन विभाग द्वारा कई स्थानों पर तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे भी लगाये गये परन्तु सफलता अभी तक नहीं मिली है।

शनिवार की सुबह कुतुबपुर हमीदपुर गांव में खेतों पर काम कर रहे लोगों पर तेंदुए ने हमला कर दिया था। इसमें छह लोग घायल हो गए थे। इससे गुस्साई भीड़ ने लाठी-डंडों के साथ तेंदुए को घेर लिया और इस हद तक पीटा कि उसकी जान चली गई थी। तेंदुआ मारे जाने से हड़कंप में आई वन विभाग की टीम तीन लोगों को मौके से पकड़ लाई। ग्राम प्रधान बृजेश के भाई समेत तीन को नामजद करते हुए अज्ञात भीड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। रात भर ग्रामीण गिरफ्तारी के दर से चौन की नींद नहीं सो सके। रविवार की सुबह गांव के रहने वाले रत्नेश और धन सिंह खेत पर टमाटर तोड़ रहे थे। तभी, उन्होंने दो शावक और तेंदुए को घूमते हुए देखा। इसके बाद लगातार तेंदुआ घूमता हुआ देखा जा रहा है। वन विभाग ने गांव के पूरब और पश्चिम दिशा में दो पिंजरे लगाए हैं। पहले तो वन विभाग के अधिकारियों ने पिंजरे में शिकार नहीं बांधा। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग के अधिकारी ने चार दिन से पिंजरे में शिकार बढ़ रहे हैं। बावजूद उसके तेंदुआ पकड़ में नहीं आ रहा। पिंजरा खाली है और तेंदुआ दिखाई पड़ रहा है। बुधवार और बृहस्पतिवार को तेंदुआ दिखाई नहीं दिया तो ग्रामीणों ने कुछ राहत महसूस की। लेकिन, बृहस्पतिवार की देर शाम राहगीरों ने गांव के रहने वाले दयाराम के टमाटर के खेत में तेंदुआ उछलकूद करते हुए देखा। इसके बाद फिर ग्रामीण दहशत में आ गए। रात को ग्रामीण सोने की तैयारी कर रहे थे। तभी तेंदुआ गांव के ही रहने वाले भगवान दास के घर के पास पहुंच गया। तेंदुए को देखकर भगवान दास और उनके परिवार के सदस्यों ने कमरों में छिप कर जान बचाई। शोर मचाने पर गांव के लोग लाठी डंडे लेकर मौके की तरफ दौड़े तो तेंदुआ गन्ने के खेत में छिप गया। तीन घंटे के भीतर दो बार तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीण एक बार फिर दहशत में आ गए हैं। ग्राम प्रधान बृजेश सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की देर शाम दो बार तेंदुआ देखा गया। तेंदुआ की दहशत के कारण गांव के लोग अपनी फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। बड़ी संख्या में तेंदुए की फसल बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है। टमाटर भी सूख गए हैं। फसलों को भारी नुकसान हो रहा है।

# सोता रहा परिवार, लाखों का माल ले गए चोर

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चोरों ने बीस हजार रूपये की नकदी व सोने चांदी के जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी गयी है।

यह घटना अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के मझौली गांव में हुई। यहां पर रवि कुमार का परिवार रहता है। शुक्रवार की रात रवि कुमार अपने पत्नी बच्चों के साथ घर के आंगन में सोए हुए थे। तभी चोर घर में दाखिल हो गए और कमरे की अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात और 20 हजार रुपये चोरी कर लिए। रात में किसान की पत्नी बच्चे को दूध पिलाने के लिए उठी तो घटना की जानकारी हुई। इसके बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। सीओ अवधवा भदोरिया ने बताया कि मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट कर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### एक नजर

## आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** हैल्पिंग हैंड संस्था द्वारा शुक्रवार को नगर के गढ़ी मंदिर में नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों लोग पहुंचे और आयुर्वेद विशेषज्ञों से स्वास्थ्य परामर्श लिया। शिविर में आये चिकित्सकों ने रक्तचाप, मधुमेह इत्यादि की जांच कर उन्हें उचित आयुर्वेदिक दवाइयां एवं घरेलू नुस्खे सुझाए। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक ने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर सलाह ली। इस दौरान अध्यक्ष सृष्टि अग्रवाल, सचिव सिम्मी अग्रवाल, सीमा यादव, रेनुका, उमा आर्य, कमलेश आर्य, रमा शर्मा, आरती अग्रवाल आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## पेड़ में घुसी डीसीएम, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** अलीगढ़ -हसनपुर मार्ग पर एक डीसीएम नींद की झप्पी आने के कारण पेड़ में जा घुसी। आदमपुर थाना क्षेत्र के गुरैठा भट्ठे के पास डीसीएम शुक्रवार सुबह अचानक अनियंत्रित होकर कीकर के पेड़ में जा घुसी। जिसमें डीसीएम चालक शकील अहमद निवासी नहटौर जिला बिजनौर घायल हो गया, उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शकील अहमद ने बताया कि वह शीशे की खाली बोतल लेकर फरीदाबाद से हरिद्वार जा रहा था। अचानक नींद की झपकी आने के चलते हादसा हुआ। मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, डीसीएम क्षतिग्रस्त होने से लाखों रूपये का नुकसान हुआ है।

## अभिनय ने जताया किसानों का आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात।** चौधरी चरण सिंह की जयंती पर हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों का युवा लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने फूल मालाएं पहनाकर आभार जताया। श्री चौधरी ने कहा कि 29 मई को हुए कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने कार्यक्रम स्थल पर ट्रैक्टर ट्राली से पहुंचकर बडी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। उन्होंने उक्त सभी का अंगवस्त्र व फूल माला पहनाकर आभार जताया। इस मौके पर सोमपाल गुर्जर, अरूण चौधरी, राहुल चौधरी, गोल्डी, रवि, मनोज प्रधान आदि मौजूद रहे।

## वकीलों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** जिला बार एसोसिएशन ने प्लेन हादसे में मारे गये लोगों को शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी। बार रूम में अधिवक्ता एकत्र हुए। उन्होंने शोकसभा का आयोजन किया जबकि अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया विमान के क्षतिग्रस्त होने पर उसमें मारे गये लोगों की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की। शोकसभा में बार के अध्यक्ष सलीम खां, जिला सचिव सतीश कुमार त्यागी, अवनीश शरण, इस्लाम आलमी, दिनेश चौहान, आदिश सैफी, साजिद रऊफ, कपिल चिकारा, हरपाल सिंह, अर्जन सिंह, अमन त्यागी, गिरीश कुमार, पवनेश कुमार मौजूद रहे।

## मुल्क में अमन व तरक्की की दुआ को उठे हाथ, दरगाह पर की चादरपोशी

# कुल शरीफ के साथ हजरत शाह अब्बन का उर्स सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर में हजरत पीर शाह अब्बन बदरे चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का पांच दिवसीय उर्स गुरुवार देर रात कुल शरीफ की रस्म के बाद संपन्न हो गया। आखिरी दिन दरगाह पर कई दरगाहों के सज्जादा ने शिरकत की। महफिल समां में कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर समा बांध दिया। खानकाह से लेकर रोजा-ए-मुकद्दसा तक हर तरफ नूरानियत का रंग दिखाई दिया। अकीदतमंदों ने शाह के मजार-ए-मुबारक पर चादर व गुलपोशी कर दुआएं मांगी।

गुरुवार को उर्स के आखिरी दिन की शुरुआत बाद नमाज-ए-फजर कुरआन ख्वानी से की गई। इसके बाद शहर के मोहल्ला पीरजादा स्थित खानकाह में महफिल-ए-समां का आयोजन किया गया। रामपुर से पहुंचे कव्वाल मास्टर मोहम्मद अहमद, रेडियो-टीवी आर्टिस्ट जावेद साबरी, शाहिद नियाजी, सुब्हान नियाजी के अलावा बरेली के जीशान-फैजान ने सूफियाना कलाम सुनाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आखिरी दिन सज्जादा नशीन रुदौली शरीफ नय्यर मियां, दरगाह रजबपुर के सज्जादा नशीन ख्वाजा सलीम राशिद फरीदी, शायर-ए-इस्लाम और सूफी इंटरनेशल मिशन के चेयरमैन डा. माजिद देवबंदी, मुरादाबाद से सज्जादानशीन शि. बली मियां आदि उर्स में शामिल हुए। वहीं, शाम में असर की नमाज के बाद खानकाह से शुरु हुआ चादरशरीफ का जुलूस तयशुदा रास्तों से होते हुए शहर के टीपी नगर चौराहे पर स्थित रोजा-ए-मुकद्दसा पहुंचा। रास्ते में कई स्थानों पर जुलूस का इस्तकबाल हुआ। अल्लाह-हू-अकबर की सदाओं के बीच अकीदतमंदों ने मजार-ए-मुबारक पर चादरपोशी कर दुआओं के साथ मन्नतें मांगी। उधर, ईशा की नमाज के बाद रोजे पर सजी कव्वाली की महफिल के बाद देर रात कुल शरीफ की रस्म हुई। इसके बाद उर्स का समापन हुआ। आखिर में सज्जादानशीन शाह सैय्यद मसूद आलम चिश्ती ने मुल्क में अमन-चौन और कौम की सलामती की दुआ कराई। वक्फ कमेटी के सेकेट्री सैय्यद जैद रिजवी ने सभी मेहमान का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान सूफी मोईनउद्दीन, खलीफा माजिद, मुश्ताक साबरी, सैय्यद उवैस मुस्तफा रिजवी, रहबर रजा रिजवी, सलीम अहमद, अनस अब्बासी, अफजल फारूकी, नवेद अजमी, जाहिद कुरैशी, आदि मौजूद रहे।

# योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाएं

## प्रतिनिहित विधायन समिति के सभापति ने की विकास कार्यो की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रतिनिधि विधायन समिति के सभापति विपिन कुमार डेविड ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्रों को दिया जाये। लापरवाही किसी भी हाल में सहन नहीं की जायेगी।

कलक्ट्रेट सभागार में प्रतिनिहित विधायन समिति की बैठक हुई। जिसमें सभापति विपिन कुमार डेविड को सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने जिले में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। सभापति द्वारा पंचायती राज विभाग, बेसिक शिक्षा, पर्यटन, परिवहन, लोकनिर्माण विभाग, नगर निकाय आदि द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों को प्रमुखता से दिलाया जाये। नगर निकायों, नगर पंचायतों द्वारा

**समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए**

जो जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाते है वह लंबित न रहे। पूरी छानबीन करने के बाद ही इन्हें बनाया जाये। उन्होंने कहा कि मौके पर जाकर सत्यापन किया जाये। लापरवाही सहन नही की जायेगी। उन्होंने पौधारोपण की जानकारी की उन्होंने निर्देश दिये कि पौधारोपण के दौरान जो वृक्ष लगाये जाते है उनकी पूरी देखभाल करें। सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह से दवाओं की उपलब्धता के बारे में ब्यौरा मांगा। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल दवा लेने आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। समय पर उन्हें उपचार उपलब्ध कराया जाये। सभापति ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप ही योजनाओं का लाभ दिया जाये। आखिर में कलक्ट्रेट में पौधारोपण भी किया गया। इस मौके पर डीएम निधि गुप्ता वत्स, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम बृजेश कुमार, धीरेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।




अमरोहा। कलेक्ट्रेट में विकास कार्यो की समीक्षा करते सभापति विपिन कुमार डेविड।

# फव्वारे में लगीं पीतल की 64 नोजिलें चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद के खादगूजर तिराहा पर स्थित फव्वारे में लगीं पीतल की 64 नोजिल चोरी हो गई हैं। चोरों ने 11 जून की रात को इस घटना का अंजाम दिया। ईओ ललित कुमार आर्य के माध्यम से पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की गई है।

बता दें कि नगर पालिका द्वारा इंदिरा चौक व खादगूजर तिराहे पर फव्वारे लगे हैं। खादगूजर तिराहे पर लगे फव्वारे से 11 जून की रात

**ईओ के माध्यम से पुलिस को दी गई तहरीर**

को चोरों ने पीतल की 64 नोजिलें चोरी कर लीं। अगले दिन पालिका कर्मचारियों को घटना का पता चला। काफी खोजबीन के बाद भी पीतल की नोजिलों का कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार को ईओ ललित कुमार आर्य के माध्यम से पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की गई है। चोरी की गई नोजिलों की कीमत हजारों में बताई जाती है।

# ट्रक की टक्कर से कारपेंटर की मौत, चचेरा भाई घायल

## धनौरा रोड पर कुमराला चौकी के पास हुआ दर्दनाक हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ईद मनाकर कामकाज के सिलसिले में दिल्ली जा रहे बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई तो वहीं चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, यहां से डॉक्टर ने उसे बेहतर उपचार के लिये हॉयर सेंटर



रेफर कर दिया। वहीं मृतक युवक के परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है। जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव गोलीया निवासी नईम (26) पुत्र अब्दुल शमी व उसका चचेरा भाई साहिल पुत्र इरफान परिवार के लोगों के साथ ईद मनाकर बाइक द्वारा दिल्ली में कारपेंटर (बढ़ई) का काम करने जा रहे थे। शुक्रवार सुबह करीब 7:00 के जब इनकी बाइक कुमराला पुलिस चौकी के पास पहुंची तो तेज गति के जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में नईम की मौके पर मौत हो गई, जबकि चचेरा भाई साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया, वहां मृतक के शव को कब्जे में लिया। घटना की सूचना मिलते ही नईम के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही।

# घटतौली की शिकायत पर राशन दुकान निलम्बित

## ई वेईंग मशीन पर ईंट रखकर तोलती थी राशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घटतौली की शिकायत पर जिलाधिकारी ने राशन दुकान को निलम्बित कर दिया। मामला गंगेश्वरी ब्लाक के गांव पतेई खादर से जुड़ा है। यहां की राशन दुकान शिमला देवी के नाम थी। जिस समय वह खाद्यान्न का वितरण करती थी तो ई वेईंग मशीन पर ईट रखकर तोला जाता था जिसमें पात्रों को एक किलो राशन लगातार कम जा रहा था। जब ग्रामीण ने इसकी शिकायत डीएम से की तो उन्होने मामले की जांच करायी। जांच में ग्रामीणों द्वारा लगाये गये सभी आरोप सत्य पाये गये। जिस पर डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिये। उनके आदेश पर राशन दुकान को निलम्बित कर दिया गया।

# हाईवे पर टैंकर चालक की हार्ट अटैक से मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** मुरादाबाद टांडा रामनगर रोड पर सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी के निकट सड़क किनारे खड़े टैंकर का चालक ड्राइविंग सीट पर मृत अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। शुक्रवार की सुबह को मुरादाबाद टांडा रामनगर रोड पर स्थित सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी से बीस मीटर की दूरी पर14टायरा टैंकर खड़ा था। टैंकर में एथोनोल भरा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर में कोई हलचल नहीं होने पर चौकी इंचार्ज पंकज राठी ने टैंकर के पास जाकर चालक को जगाने का प्रयास किया। पुलिस ने खिड़की खोलकर चालक को हिलाया डुलाया तब उसकी मौत होने का पता चला। टैंकर में चालक मृतावस्था में मिलने पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मृतक की जेब में रखे आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस देखा तो उसका नाम राजू सिंह (52) पुत्र राजेन्द्र पता पचपेड़ा बरेली का होने का पता चला। टैंकर मुरादाबाद निवासी गोपाल संस का बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि बरेली निवासी चालक राणा शुगर मिल बेलबाड़ा से एथोनोल भरकर गुरुवार की रात को दस बजे हरियाणा के रेवाड़ी के लिए चला था। संभवत: चालक को दिल का दौरा पड़ा तो उसने वाहन को सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी के निकट सड़क के किनारे खड़ा किया। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। पीएम रिपोर्ट में चालक की मौत दिल का दौरा पड़ने की पुष्टि हुई है।

## अहमदाबाद हादसे के मृतकों के प्रति व्यक्त की शोक संवेदना

**चन्दौसी।** किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन श्रद्धांजलि अर्पित की। सोसाइटी अध्यक्ष डॉ नीलम वार्ष्णेय ने कहा 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से पूरा देश हैरान एव दु:खी है, जिसमे सभी विमान यात्री बुजुर्ग, युवा, महिला, बच्चे हादसे के शिकार हुए उनकी आत्मा शांति के लिए सोसाइटी के सदस्यों ने कैंडिल जलाकर श्रद्धांजलि दी। सोसाइटी संरक्षक डॉ टीएस पाल ने कहा विमान हादसे में मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से अपने चरणों मे स्थान देने की प्रार्थना की तथा जिस मेडिकल कॉलेज से विमान टकराया उसमें मौजूद डॉक्टर एवं स्टाफ के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ पीडिघ्त परिवारों को इस असीम दुख को सहन करने की हिम्मत प्रदान करें। इस दौरान सरंक्षक डॉ इंदु अग्रवाल, रूबी वार्ष्णेय, भक्ति वार्ष्णेय, लक्ष्मी चौहान, किरन वार्ष्णेय, अंजू अग्रवाल, सौरभ वार्ष्णेय, प्रतिभा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# टीएमयू के प्रो. अनुराग वर्मा की झोली में गैस्ट्रोरिटेंटिव फॉर्मूलेशन पर इंडियन पेटेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा को बड़ी उपलब्धि मिली है। प्रो. वर्मा को कार्बोक्सीमिथाइलेटेड गम स्टर्कुलिया के संग गैस्ट्रोरिटेंटिव फॉर्मूलेशन पर प्रथम भारतीय पेटेंट प्राप्त हुआ है।

इस पेटेंट का उद्देश्य एक ऐसी औषधि वितरण प्रणाली विकसित करना है, जो पेट में लंबे समय तक ठहर सके। साथ ही सक्रिय औषधीय घटकों की अवशोषण प्रक्रिया को बेहतर बनाकर उपचार की प्रभावशीलता को बढ़ा सके। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने प्रो. वर्मा को इस वैज्ञानिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा, यह पेटेंट यूनिवर्सिटी की अनुसंधान संस्कृति का प्रतीक है। इंडियन पेटेंट ने इस शोध कार्य को पेटेंट संख्या 551569 के अंतर्गत स्वीकृति दी है। यह पेटेंट फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अनुसंधान में डॉ. वर्मा के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी, बरेली की सीनियर फैकल्टी डॉ. अमित कुमार वर्मा सह-पेटेंटधारी के रूप में जुड़े हैं। टीएमयू फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वर्मा बताते हैं, इस फॉर्मुलेशन में प्राकृतिक गम स्टर्कुलिया को कार्बोक्सीमिथाइलेट करके एक नवीन मैट्रिक्स तैयार किया गया है। यह औषधि को नियंत्रित गति से रिलीज करने में सक्षम है। यह तकनीक विशेष रूप से उन रोगों के उपचार में सहायक हो सकती है, जिनमें दीर्घकालिक औषधि प्रभाव की आवश्यकता होती है, जैसे कि गैस्ट्रिक अल्सर, हाइपरएसिडिटी या क्रॉनिक संक्रमण। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन कहते हैं, यह पेटेंट न केवल संस्थान की शोध क्षमताओं को दर्शाता है, बल्कि भारतीय नवाचार को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है, प्रो. अनुराग वर्मा के विभिन्न इंटरनेशल और नेशनल जर्नल में 160 रिसर्च पेपर्स प्रकाशन के संग-संग 10 चौप्टर्स भी फार्मेसी की विभिन्न इंटरनेशनल पुस्तकों में शामिल हैं। बतौर फार्मेसी टीचिंग 25 साल की विकास यात्रा भी है।

# 23 यूपी बटालियन एनसीसी ने प्रमाण पत्र किए वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 23 यूपी बटालियन एनसीसी के द्वारा बी व सी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कैडटों को बी व सी प्रमाण पत्र वितरित किए।कार्यक्रम की शुरुआत से पहले सभी एनसीसी कैडेट और एनसीसी अधिकारियों ने अहमदाबाद विमान हादसे में मरे लोगों के आत्मा की शांति के लिए घायलों की शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की।23 यूपी बटालियन एन सी सी के कमान अधिकारी कर्नल रघु पठानिया द्वारा एनसीसी कैडटों को प्रमाण पत्र वित. रित किए गए कर्नल रघु पठानिया ने इस मौके पर कहा की ष्बीश प्रमाण पत्र एनसीसी कैडेट को 2 वर्ष के कठिन प्रशिक्षण के बाद बी प्रमाण पत्र की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दिया जाता है।इन दो वर्षों के अंदर एनसीसी कैडेट को एक कैंप करना होता है परेड पर 80 प्रतिशत उसकी उपस्थिति अनिवार्य है और बी प्रमाण पत्र की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है इसी प्रकार सी प्रमाण पत्र में एनसीसी कैडेट को 3 वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है और उसे दो कैंम्प करना अनिवार्य होता है और परेड पर 80 प्रतिशत उपस्थित अनिवार्य है और बी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण करने वाला कैडेट ही सी प्रमाण पत्र की परीक्षा दे सकता है कर्नल रघु पठानिया ने आगे कहा की कि आपकी उम्र इस समय कठिन परिश्रम की है और मेहनत के बल पर आप अपना करियर बना सकते हैं एनसीसी आपके भविष्य निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है क्योंकि स्पेशल एंट्री स्कीम के द्वारा आप सेना में अपनी सेवाएं दे सकते हैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्रेडिट कार्ड को डिजास्टर मैनेजमेंट /आपदा प्रबंधन का भी प्रशिक्षण दिया गया क्योंकि एनसीसी फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में काम करती है उन्होंने सभी कैडेटों को प्रमाण पत्र देते समय उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर एस के नेथन नेकेड चरित्र निर्माण के लिए प्रेरित करने कहा एनसीसी का मुख्य उद्देश्य कैडटों का चरित्र निर्माण करना है और बटालियन लगातार इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस मौके पर मेजर राजीव ढल ने कहा की एनसीसी एक ऐसा प्लेटफार्म है जो व्यक्तित्व विकास की पाठशाला है। उन्हें नक्शा अध्ययन, फील्ड क्राफ्ट,बैटल क्राफ्ट, ड्रिल, प्रशिक्षण और फायरिंग का अभ्यास कराया जाता है जिससे एक अच्छे निशानेबाज बन सके सामाजिक सेवाएं कराई जाती है जैसे6 पौधारोपण, जल संरक्षण,नशा मुक्त भारत अभियान, रक्तदान, ट्रैफिक कंट्रोल,आपदा प्रबंधन आदि का प्रशिक्षण देकर देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनाया जाता है जो किसी भी आपात स्थिति में निपटने को तैयार रहे। उन्हें साहसिक अभियानों से भी जोड़ा जाता है जैसे साइकिल एक्सपीडीशन,माउंटेनियरिंग वॉटर राफ्टिंग,पैरासेलिंग आदि बी व सी प्रमाण पत्र की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद एनसीसी कैडेट को विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भर्ती के समय वरीयता दी जाती है। मेजर राजीव ढल ने आगे बताया कि जिन कैडटों ने बी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण की है वह सी प्रमाण पत्र के लिए आहार्य हो गए हैं।इस मौके पर कर्नल रघु पठानिया,मेजर एस के नाथन,मेजर राजीव ढल,,फुरकान अहमद, डा.खेमेन्द्र शर्मा,गिरिराज सिंह ,सूबेदार मेजर मुकेश कुमार, सूबेदार राजेन्द्र सिंह, सूबेदार सतीश कुमार, सूबेदार दिलीप कुमार, हवलदार यतीन्द्र कुमार, हवलदार तेज कुमार लिंबू, हवलदार मोईन एजाज, नायक तरूण राठी अमित कुमार,सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

## एक नजर

### एंबुलेंस सेवा में भर्ती 18 से 21 जून तक

**मुरादाबाद।** 108/102 एंबुलेंस सेवा जिला प्रभारी जितेंद्र सिसोदिया ने बताया ईएमटी एवं चालक (पायलट) के पदों पर भर्ती प्रक्रिया 18 जून से 21 जून तक जिला बिजनौर में चलेगी इसमें पूरे उत्तर प्रदेश के व्यक्ति सम्मिलित हो सकते हैं। यह भर्ती खुली भर्ती के रूप में की जाएगी इसमें अभ्यर्थी अपने सभी ओरिजिनल डॉक्यूमेंट लेकर राजकीय आईटीआई कॉलेज, निकट वेव शुगर मिल, नगीना रोड, बिजनौर में उपस्थित शामिल हो सकते हैं। उन्होने बताया कि उपरोक्त पदों पर भर्ती अनुबंधित निजी संस्था की ओर से की जा रही हैं, इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक व अन्य सम्बंधित कागजातों (ओरिजिनल और फोटोकॉपी दोनों) एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपरोक्त पते पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### शुक्रवार को हुई बारिश ने बढ़ाई उमस



**चन्दौसी।** जून माह में पिछले 10 दिन से भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग पारा बढ़ने पर परेशान है। आखिर गर्मी कितना सितम करायेगी तापमान 45 डिग्री से 47 डिग्री पहुंच रहा है। गर्मी से शरीर में लगातार कमी हो रही है। सूर्य नारायण प्रचण्ड गर्मी का कहर बरसा रहे है। 12 जून बीत चुका था पर मानसून नहीं आया शुक्रवार की सुबह आकाश में काले-काले बादल दिखायी दिये फिर पूरव हवा के साथ काले-काने बादल गगन में आ गये, बड़ी-बड़ी बूदों के साथ इन्द्र देवता ने बारिश शुरू करा दी।

30 मिनट की बारिश एवं ठण्डी हवाओं ने पारा गिरा दिया, फिर तेज बारिश के साथ तापमान में गिरावट आयी कुछ समय के लिए मौसम सुहाना हो गया। लेकिन सूर्य नारायण फिर तेज के साथ चमके, मौसम में फिर गर्मी शुरू हो गयी। लगभग एक घण्टे के अन्दर उमस भरी गर्मी और बढ़ गयी।

### रामनौमी मौहल्ले में एसआईवी टीम ने की छापेमारी



**चन्दौसी।** टैक्स को लेकर चन्दौसी मैंथा व्यापारी गोलमाल कर रहे हैं। इधर एसआईवी टीम ऐसे फर्मों पर सक्रिय है। जो गोलमाल करके टैक्स चोरी करते हैं। पिछले सप्ताह में पुलिस चौकी सीता रोड पर पांच कुन्तल मैंथा क्रिस्टल पकड़ा था। जिसें एसआईवी टीम ने अपने सुपुर्द कर कार्यवाही की। वहीं देर रात में एक मैंथा फर्म पर एसआईवी टीम ने छापा मारा और दस्तावेजों की जांच करती रही। यह घटना चन्दौसी के मोहल्ला रामनौमी स्थित आशू बंसल की मैंथा फर्म पर टैक्स चोरी को लेकर की गई थी। असिस्टेंट कमीश्नर रणन्जय के अनुसार कुछ फर्मों की लिस्ट मिली है।

जिनके द्वारा भारी कर चोरी करने की संभावना है। ऐसी फर्मों पर एसआईवी टीम लगातार कार्यवाही कर है। इसी के चलते मौहल्ला रामनौमी स्थित फर्म पर छापा मारा गया। जांच के बाद सारे प्रपत्र असिस्टेंट सहायक आयुक्त टीम अपने साथ ले गयी। जांच के बाद पूरी कार्यवाही की जायेगी।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम मुक्त की दी जानकारी

**बहजोई।** पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के आदेश के अनुक्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक कुमार सिद्धू के निर्देश के क्रम में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में बाल श्रम के विरुद्ध श्रम विभाग एनजीओ जस्ट राइट व थाना ए.एच.टी की संयुक्त टीम द्वारा जन जागरूकता गोष्ठी एवं कार्यशाला तथा जनपद संभल के समस्त थानों पर नियुक्त पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों की मासिक गोष्ठी नगर पालिका परिषद सभागार संभल में आयोजित की गई। गोष्ठी में बाल श्रम को रोकने के बारे में विचार व्यक्त किए गए तथा बाल श्रम रोकना सभी का कर्तव्य है किस प्रकार हम जनपद को बाल श्रम मुक्त कर सकते है व बाल श्रम कराने से संबंधित अपराधों की भी जानकारी दी गई तथा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष में थाना ए0एच0टी0 द्वारा हयातनगर थाना क्षेत्र में बाल श्रम के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया गया अभियान में उजाला इंडिया ईंट उद्योग, अल मकम ब्रिक वर्क, श्री गणेश ईंट उद्योग, लहरा कुम. रगर भट्टा, जय अंबे गौरी ईंट भट्टा, जय नीलकंठ ब्रिक वर्क, जय शिव शक्ति ब्रिक वर्क, जय श्री कृष्णा ब्रिक वर्क, न्यू खान ब्रिक वर्क, इंसान ब्रिक वर्क, कुल 10 भट्टों को चेक किया।

थाना एएचटी की टीम द्वारा प्रत्येक भट्टे पर जाकर भट्टा मालिक /मैनेजर/ मुंशी व अन्य को बाल श्रम में बच्चों को न लगाने के संबंध में जागरूक किया गया एवं बताया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर ना रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई। गोष्ठी में सिटी मजिस्ट्रेट, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद संभल, बाल कल्याण समिति जनपद संभल, चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग जनपद सम्भल, जिला प्रोबेशन अधिकारी जनपद संभल, जिला पंचायत राज अधिकारी जनपद संभल, थाना प्रभारी, गौरी शंकर प्रोजेक्ट मैनेजर जस्ट राइट्स प्रयत्न संस्था जनपद संभल व व्यापार मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अभियान में प्रभारी निरीक्षक थाना सत्य विजय सिंह, हेड का0 दीपक सिंह, कांस्टेबल नवीन कुमार व चालक मयंक उपस्थित रहे।

# चोरों ने मेडिकल स्टोर को बनाया निशाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शुक्रवार को नगर के जारई रोड तहसील गेट के निकट देर रात चोरों ने एक मेडिकल स्टोर को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि दुकान में पहले लगाया कमूल लगाया, फिर अंदर जाने के लिए दरवाजे को तोड़ कर रास्ता बनाकर चोर घुस आये और गल्ले में रखे 26 हजार रुपये, नकदी उड़ा ले गए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकान स्वामी ने शटर खोला तो दंग रह गए। गल्ले में रखा रुपया गायब था। दुकान का सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था। दुकान स्वामी ने घटना की सूचना पुलिस कोतवाली दी। पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच में पड़ताल शुरू कर दी है। चंदौसी निवासी गौरव भारद्वाज जारई रोड तहसील गेट के बराबर में मेडिकल स्टोर की दुकान संचालित करते हैं। प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह 9 बजे के करीब दुकान पर पहुंचे और शटर खोलकर अंदर पहुंचे। गल्ले से नकदी गायब था। पीडिघ्त ने बताया कि चोरों ने दुकान में कूमल लगाकर गेट तोड़ दिया, सब्बल से रास्ते वाले दरवाजे तोड़कर दुकान में प्रवेश किया है। दुकान से नगदी के अलावा हजारों रुपये का सामान उठा ले गए। पीडित की सूचना पर पहुंची पुलिस। साथ ही चंदौसी कोतवाली प्रभारी मोहित कुमार ने मामले की जांच पड़ताल की। पीडिघ्त गौरव कुमार पुत्र शिशुपाल शर्मा ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बहुप्रतिष्ठित एमएनसी कोंसेंट्रिक्स में टिमिट की छात्रा का चयन



आयुषी जैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की बीबीए 2025 पासआउट बैच की मेधावी छात्रा आयुषी जैन ने अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प से कॉर्पोरेट क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है। आयुषी का चयन प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी कोंसेंट्रिक्स कॉर्पोरेशन में टेक्निकल सपोर्ट एग्जीक्यूटिव पद पर गुरुग्राम स्थित कार्यालय में हुआ है। कोंसेंट्रिक्स कॉर्पोरेशन एक अग्रणी वैश्विक ग्राहक सेवा और तकनीकी समाधान प्रदाता कंपनी है, जो विश्व की कई जानी-मानी कंपनियों के साथ कार्य करती है। कंपनी का उद्देश्य उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव प्रदान करना और युवाओं को व्यावसायिक विकास के सुनहरे अवसर देना है। आयुषी का चयन तीन चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद हुआ, जिसमें ऑनलाइन मूल्यांकन, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल थे। सभी चरणों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। टेक्निकल सपोर्ट एग्जीक्यूटिव पद पर आयुषी जैन की नियुक्ति, टिमिट कॉलेज की इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग और छात्र विकास कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। टिमिट कॉलेज के डीन प्रो. विपिन जैन ने इस उपलब्धि पर आयुषी को बधाई देते हुए कहा, "यह सफलता न केवल आयुषी की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि टिमिट के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का प्रमाण भी है।" इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने भी आयुषी को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी कहा कि, " टिमिट कॉलेज निरंतर छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित कर उनके करियर को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।"

टिमिट कॉलेज हमेशा से ही प्रतिभाशाली छात्रों को कॉर्पोरेट क्षेत्र से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास हेतु तत्पर रहा है।

# लुटेरों तक पहुंचने के लिए पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत लूटेरे तंमचे की नोक पर सर्राफ से आभूषण भरा थैला व 50 हजार रूपये की नकदी लूटकर ले गये। सर्राफ का आरोप है कि वह अपनी भाभी मोनिका रस्तोगी के साथ दुकान बंद करके चन्दौसी का रहा था, जैसे ही उसकी बाइक जारई रोड स्थित ब्लू वाटर पार्क के पास पहुंची तभी अचानक अपाचे व स्पेलंडर बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने तंमचे की नोक पर जेवरों व नकदी से भरा थैला लूट कर चन्दौसी की ओर फरार हो गये। यहां बताते चले कि पांच वर्ष पूर्व भी इसी स्थान पर खाद्य व्यापारी के साथ लूट के बाद हत्या की गई थी जिसमें पुलिस ने एनकाउंटर भी किये थे और एक बदमाश ने बिलारी क्षेत्र में फांसी भी लगा ली थी। मृतक खाद्य व्यापारी था, जो थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में खाद्य की दुकान चलाता था। फिलहाल कितना जेवर व रूपया गया है यह तो सर्राफ ही बता सकता था। सर्राफ कुढ़फतेहगढ़ में ज्वैलर्स की दुकान पर गिरवी गांठे का काम भी करता था। पुलिस अब लूटेरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरे के फुटैज खंगाल रही है। इसके लिए एसओजी टीम सहित 10 टीमें लगायी गयी हैं। पुलिस व्यापारी से लूटेरे तक सभी की गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। क्योंकि मामला लूट का है और आभूषण 10 लाख से ऊपर बताये जा रहे हैं। फिलहाल खुलासे के बाद सच्चाई सामने आयेगी कि कितना माल लूटा गया है।

चन्दौसी कोतवाली पुलिस लगातार छानबीन में जुटी हुई है।

# विमान हादसे के मृतकों को सपा कार्यालय पर दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाकबंगले के निकट स्थित सपा कैम्प कार्यालय एम.आई. हाउस पर शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृत यात्रियों एवं हादसे की चपेट में आए मेडिकल स्टाफ के मृतकों के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में हवाई जाहज के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना से स्तब्ध हूं।

दुर्घटना में हताहत हुए लोगों और उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं है। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने अपने अल्लाह और भगवान से दुआ और प्रार्थना की कि शोकाकुल परिवार को कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेशानुसार तीन दिन तक के लिए रदद कर दिए है। इस अवसर पर हाजी मौ0 उसमान एडवोकेट, अनवार अली, सद्दाम प्रधान, वासिक अंसारी, विनोद, दारा सिंह गौतम, विनोद जाटव, लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव, महेन्द्र श्रीवास्तव , रूप किशोर कश्यप, अनवार मलिक, इकबाल अहमद, नदीम खान, अनुज भटनागर, सतेन्द्र चौधरी, सुमित शर्मा, पुलकित शर्मा, बादशाह, मौ0 मारूफ, सालिम आदि मौजूद रहे।

# राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंगर स्मृति सम्मान से रामदत्त द्विवेदी सम्मानित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** साहित्य के प्रसार एवं संरक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित संस्था साहित्यिक की ओर से साहित्यकार राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग की जयंती पर सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें हिन्दी साहित्य के प्रति समर्पण एवं सक्रियता के लिए वयोवृद्ध साहित्यकार रामदत्त द्विवेदी को अंगवस्त्र, मानपत्र, श्रीफल भेंट कर राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य कला मंच,वर्णन प्रकाशन, हेमा तिवारी भट्ट और मनोज मनु द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया।समारोह का शुभारंभ मनोज व्यास द्वारा स्मृतिशेष पंडित मदन मोहन व्यास रचित मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से हुआ। साहित्यिक के संस्थापक डॉ मनोज रस्तोगी ने स्मृतिशेष राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि 12 जून 1934 को जन्में राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग ने हिन्दी साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन किया। उनकी तीन कृतियां अर्चना के गीत, शकुंतला और मैंने कब ये गीत लिखे हैं प्रकाशित हो चुकी हैं।अप्रकाशित रचनाओं में मुक्तक शतक (मुक्तक संग्रह), गहरे पानी पैठ (लघुकथा संग्रह), श्रृंगारिकता( मुक्त छंद), सीख बड़ों ने हमको दी (बालोपयोगी कविताएं), भूली मंजिल भटके राही, अंबर के नीचे (कहानी संग्रह), अंतर्दृष्टि , लेखांजलि, साहित्य के गवाक्ष में मुरादाबाद (मुरादाबाद के साहित्यकारों के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विवेचनात्मक लेख) उल्लेखनीय हैं। उनका देहावसान 17 दिसंबर 2013 को हुआ। कार्यक्रम सह संयोजक जितेन्द्र कुमार जौली ने सम्मानित विभूति रामदत्त द्विवेदी का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि 30 जून 1937 को रामपुर की तहसील शाहबाद में पंडित गोपाल दत्त द्विवेदी एवं कैलाशो देवी के पुत्र के रूप में जन्में रामदत्त द्विवेदी हिन्दी साहित्य के प्रति समर्पित भाव से सक्रिय हैं। उनकी दो काव्य-कृतियां श्हम अंधेरों को मिटायेंश और श्खुद को बदलना होगाश प्रकाशित हो चुकी हैं। वह हिन्दी साहित्य संगम के अध्यक्ष भी हैं। इस अवसर पर साहित्यकारों द्वारा राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग के गीतों की प्रस्तुति भी की गई। मनोज मनु ने उनका गीत .... ज्योति की राह पर रख दिए जो चरण, वे चरण बढ़ गए फिर रुके ही नहीं, मीनाक्षी ठाकुर ने उनका गीत लग रही आज है आज इस देश में तुम गगन से अंगारे गिराओ नहीं प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ महेश दिवाकर ने कहा कि छह दशक से भी अधिक हिन्दी की निरंतर बहुआयामी सेवा करने वाले राजेंद्र मोहन शर्मा श्श्रृंगश साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य संगमश के संस्थापक अध्यक्ष थे। विज्ञान कथा लेखक राजीव सक्सेना ने कहा उन्होंने न केवल साहित्य सृजन किया बल्कि युवा साहित्यकारों की एक पौध भी तैयार की।कार्यक्रम संयोजक योगेन्द्र वर्मा व्योम का आलेख प्रस्तुत करते हुए आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ ने कहा श्रृंग जी के गीतों में श्रंगार और प्रकृति चित्रण के साथ साथ छायावाद की छाया भी दिखाई देती है। उनके गीतों की भाषा आम जनभाषा के साथ साथ विशुद्ध संस्कृतनिष्ठ हिन्दी भी है।इसके अतिरिक्त डॉ कृष्ण कुमार नाज, डॉ पूनम बंसल, डॉ प्रदीप शर्मा, हेमा तिवारी भट्ट, चंद्रहास कुमार हर्ष, अशोक विद्रोही, अल्पना मिश्रा, खुशबू शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर दुष्यंत बाबा, वीरेंद्र सिंह बृजवासी, प्रदीप विरल, घनश्याम सिंह चौहान, रूप चंद्र गोयल, बेचौन, नकुल त्यागी, श्याम रस्तोगी, मुकुल व्यास, एल एस तोमर, अमर सक्सेना, कमल शर्मा, विवेक कुमार निर्मल, शर्मिष्ठा मिश्रा, राखी शर्मा, नीति शर्मा, प्रतीक्षा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस, 2025 पर 12 से 17 जून के मध्य जनपद में बाल श्रम निषेध सप्ताह मनाये जाने के अन्तर्गत जे. आर. पैलेस मुरादाबाद रोड, रामपुर में गोष्टी/सेमिनार का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) जंग बहादुर यादव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक श्रमायुक्त राजकुमार द्वारा की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने गोष्ठी में शामिल जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है।




इस दिन को मनाने का मकसद दुनिया भर में बच्चों से काम करवाने की समस्या पर ध्यान खींचना और इसे खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। 2025 की थीम है प्रगति स्पष्ट है, लेकिन अभी और काम करना बाकी है, आइए प्रयासों में तेजी लाएं साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि जहाँ भी चाइल्ड लेबर काम करते पाये जाये उन्हें मुक्त कराने में सहयोग करें तथा भविष्य में किसी भी तरह का बाल श्रम न करायें। आई.आई.ए. (चौयरमेन) श्रेष गुप्ता ने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों से किसी भी प्रकार का श्रम कार्य नहीं कराना चाहिए एवं 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों से भारी श्रमिक कार्य नहीं कराना चाहिए, यह अमानवीय भी है और गैर कानूनी भी है। हमें सभी बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करना चाहिए। इसके अलावा सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए काफी योजनाएं चलायी जा रही है, उनका लाभ उन्हें मिले इस पर प्रयास करना चाहिए। महत्वपूर्ण योजनाओं में मातृत्व, शिशु एवं बालि. का योजना, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, आवासीय विद्यालय योजना, कौशल विकास, कन्या विवाह, आपदा राहत, पेंशन गंभीर बीमारी सहायता, निर्माण कामगार मृत्यु दिव्यांगता सहायता योजना प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही है। उनका लाभ सभी श्रमिक तक पहुंचाने के लिए जनजागरुकता आवश्यक है। योजनाओं के लाभ के लिए जिला श्रम कार्यालय पर सम्पर्क करें और सरकारी योजनाओं का लाभ लें। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंह बोरा ने बताया कि राईट टू एजुकेशन के माध्यम से गरीब, निर्धन बच्चों को कक्षा 1 से 08 तक की शिक्षा मुफ्त है।

आपको कोई ऐसा परिवार मिलता है, जिनके घरों में कोई कमाने वाला नहीं है एवं बहुत गरीब परिवार से आने वाले बच्चों को राईट टू एजुकेशन के लिए प्रेरित करके अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का काम करें। सहायक श्रमायुक्त राजकुमार ने जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि बाल श्रम उन्मूलन समिति में शामिल सभी सदस्यों से अनुरोध है कि बाल श्रम को रोकने हेतु अपने अपने स्तर से कार्य करें। बाल श्रम निरीक्षण के दौरान कोई अनाथ एवं बहुत ही निर्धन परिवार से आने वाले बच्चों की शिक्षा श्रम विभाग द्वारा मुफ्त करायी जाती है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम से जनपद को 2027 तक अवमुक्त करा दिया जायेगा।

योजना की जानकारी देते हुए सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि बाल श्रम विद्या योजना के अन्तर्गत ऐसे बच्चे जिनके माता या पिता नहीं है या अनाथ है ऐसी दशा में बालक को 1000 रुपये एवं बालिका को 1200 रुपये प्रतिमाह शिक्षा हेतु सरकार द्वारा व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम का संचालन श्रम प्रवर्तन अधिकारी चन्द्र प्रकाश द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज शर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आर.के. वर्मा, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति रजनी शर्मा, उपनिरीक्षक ए.एच.टी.यू. पुलिस मनोज कुमार, नरेन्द्र सिंह, मो. कामरान, प्रदीप सागर, अभिषेक चौहान, सुनील पाल आदि उपस्थित रहे।

## डंपर की चपेट में आने से ट्रैक्टर ट्राली पलटी एक की मौत, पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** बाजपुर मुरादाबाद मार्ग पर भूसे से भरी ट्रैक्टर ट्राली को डंपर की चपेट लग जाने से ट्रैक्टर ट्राली खड्ड में जाकर पलट गई जिसमें दबकर एक मजदूर की मौत हो गई पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को स्वार के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की दोपहर भूसे से भरी ट्रैक्टर ट्राली जनपद उधम सिंह नगर के थाना केलाखेड़ा से भरकर नागलिया जा रही थी। मानपुर महाराजपुर में बाजपुर मुरादाबाद मार्ग पर सामने से आ रहे गिरफ्तार डंपर ने उसे चपेट मार दी ट्रैक्टर चालक मुनव्वर पुत्र अहमद हसन ने बचाने का प्रयास किया तो ट्रैक्टर ट्राली खड्डे में जाकर पलट गई जिसमें सरताज पुत्र सरकार अली निवासी नागलिया थाना टांडा दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया



जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर को हटाकर उसे निकाला गया अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई जबकि अन्य साथी जो ट्रैक्टर के बोनट पर बैठे हुए थे इफ्तिखार अली, यूनुस, रशीद, यासीन, नजीर, गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को स्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## दुकानदारों ने टैंट लगा कर लोगों को पिलाया ठंडा मीठा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** टांडा में दुकानदारों ने लोगों को ठंडा शरबत पिलबाया इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है इससे हर कोई परेशान है। राह चलते लोगों को प्यास लग रही है रास्ते में राहगीर पानी को लेकर परेशान रहते हैं। इसको देखते हुए टांडा में मुरादाबाद मार्ग पर शरबत शिविर लगाया गया जिससे राहगीरों को शरबत पिलाया गया। शरबत पीने के लिए तमाम लोगों की भीड़ लगी रही। इस मौके पर नंदराम सैनी, तेजपाल सैनी ,नेत्रपाल सैनी, रवि सैनी, कमल सैनी, अमित सैनी, अनूप मरदान, गिरीश सैनी, सुनील



सैनी, डॉक्टर गोला डॉक्टर, डा . सतीश आदि लोग मौजूद रहे।

## नंदोई पर लगाया विवाहिता ने घर में घुसकर बलात्कार करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने नंदोई पर घर में घुसकर छेड़छाड़ और बलात्कार करने का आरोप लगाया है साथ ही पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है इस मामले की नामजद रिपोर्ट टांडा थाने में दर्ज कराई गई है लेकिन पुलिस ने अभी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। टांडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने टांडा पुलिस को सौंपी तहरीर में शिकायत की है कि बीते 25 मई को गांव भाऊपुरा निवासी नंदोई उसे अकेला पाकर घर में घुस आया और अश्लील हरकतें करने लगा उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई इसके बाद 9 जून को महिला का पति घर पर मौजूद नहीं था आरोप है कि नंदोई ने घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई इस मामले की रिपोर्ट महिला ने अपने नंदोई गांव भाऊपुरा निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र हरपाल सिंह के खिलाफ नामजद दर्ज कराई है पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया है जिससे पीड़ित पक्ष में आक्रोश है। उधर पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## विमान हादसे पर अधिवक्ताओं ने जताया शोक

**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को बार एसोसिएशन तहसील शाहबाद द्वारा अहमदाबाद विमान हादसे में यात्रियों की दुर्घटना में दुखद मृत्यु पर गहरा शोक जताया। शोक सभा में बार अध्यक्ष तकरीर उर रहमान के नेतृत्व में समस्त अधिवक्ताओं ने बार में एकत्र होकर विमान हादसे में मारे गए सभी लोगो की आत्मा की शांति के दो मिनट का मौन धारण किया।

हादसे में यात्रियों की दुर्घटना में दुखद मृत्यु पर गहरा शोक जताया। इस दौरान अधिवक्ताओं में



मासूम मियां , मनोज भारद्वाज, रामौतार सिंह यादव, अमर सिंह,अशफाक अहमद, माधुरी सक्सेना, मुक्ता शर्मा , विवेक पांडे रोहित कुमार, सुहैल खान, अभिषेक शर्मा, मोहसिन खान,प्रेम सिंह ,जमीर बेग, तव्वाकुल हुसैन , आदि मौजूद रहे।

## महिला को उधार के पैसे मांगने पड़े भारी दबंग ने उसके साथ की मार पीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के एक गांव की महिला को अपने ही उधार के पैसे मांगने भारी पड़ गये दबंग व उसके परीवार ने महिला के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया महिला ने मारपीट की तहरीर चौकी पुलिस को दी है। अरमाना पत्नी यामीन निवासी घोसीपुरा ने कुछ दिनो पहले अपने पड़ोसी जफीरा को ईटे बेची थी लेकिन जफीरा ने महिला के ईटो के छः हजार रूपए नही दिये। बृहस्पतिवार को अरमाना ने दिये ईटो के रूपए मागे तो जफीरा महिला के साथ गाली-गलौच करने लगा जब महिला ने गाली-गलौच करने का विरोध किया तब जफीरा व उसकी पत्नी व बेटे अर्श ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया महिला अरमाना ने जफीरा, तबस्सुम ,व अर्श के खिलाफ नाम जद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# नालों की सफाई को लेकर सभासद का चेयरपर्सन व नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मानसून सत्र से पहले वार्ड 36 की जनता को संभावित जलभराव की गंभीर चिंता सताने लगी है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ सभासद एवं नेता सदन मोहम्मद जफर ने नगर पालिका प्रशासन और चेयरपर्सन पर लाप. रवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सफाई कार्य नहीं शुरू किया गया, तो इसका खामियाजा पूरे वार्ड को भुगतना पड़ सकता है। मोहम्मद जफर ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर पालिका के संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है कि वार्ड 36 एक संवेदनशील क्षेत्र



सभासद मोहम्मद जफर

है, जहां से पूरे शहर के जल निक. ासी की व्यवस्था होती है। बावजूद इसके, अभी तक नालों की सफाई का कार्य शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल एक छोटे से नाले की लगभग 100 मीटर तक की सफाई की गई, लेकिन उस पर भी काम अधूरा छोड़ दिया गया है और नाले की सील तक पिछले एक महीने से नहीं हटाई गई है।

सभासद मोहम्मद जफर ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा है कि यदि समय रहते वार्ड 36 में नालों की सफाई नहीं करवाई गई और बारिश हुई, तो इससे भारी जलभराव की स्थिति उत्पन्न होगी और इसके लिए पूरी तरह से नगर पालिका के चेयरपर्सन और संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बार-बार मौखिक रूप से शिकायतें करने के बावजूद केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं, जबकि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सभासद मोहम्मद जफर ने नगर पालिका से स्पष्ट रूप से मांग की है कि वार्ड 36 में तुरंत प्रभाव से नाला गैंग तैनात की जाए।

नैनीताल हाईवे से गुजरने वाले मुख्य नाले की प्रेशर जेट मशीन से सफाई कराई जाए तथा अंदरूनी सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई अभियान चलाकर सुनिश्चित की जाए। अंत में उन्होंने कहा कि वह वार्डवासियों के हितों से समझौता नहीं करेंगे और यदि आवश्यकता पड़ी तो जनता के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन से भी पीछे नहीं हटेंगे।

### एक नजर

## अलग अलग सड़क हादसे में दो घायल

**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार को अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप घायलों को घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जानकारी के अनुसार सोनपुर जिला मुरादाबाद निवासी 28 वर्षीय मुकेश पुत्र राकेश किसी कार्य से तहसील क्षेत्र में आए उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। दूसरी ओर ग्राम खेड़ा शाहबाद निवासी 75 वर्षीय डालचंद पुत्र मदन लाल सड़क हादसे में घायल हो गए। घायल को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

## शाहबाद पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार




**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहबाद पुलिस द्वारा दो वारंटियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की गई। कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि शाहबाद पुलिस द्वारा ग्राम मधुकर निवासी दो अभियुक्त 75 वर्षीय बिहारी पुत्र टीकाराम और 35 वर्षीय सोनू पुत्र नन्हू को उनके मकान से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार और गिरन्द सिंह रहे।

## पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहबाद पुलिस द्वारा एक वारंटी को गिरफ्तार क र कानूनी कार्यवाही की गई। कोतवाल पंकज पंत द्वारा बताया गया कि ग्राम धनुपुरा थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद सम्भल निवासी 45 वर्षीय पप्पू उर्फ महेन्द्र सिंह पुत्र छत्रपाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम उवनिव शिव कुमार , कांस्टेबल पिन्टू सिंह मौजूद रहे।

## हादसे में घायल युवक की एक दिन बाद मौत

**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार क्षेत्र के गांव रेवड़ी के पास उदयपुर जागीर मोड़ पर हुए सड़क हादसे में एक नवविवाहित युवक घायल हो गया था। जानकारी के अनुसार युवक की पहचान जगेसर निवासी 22 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है। राहुल की शादी एक महीने पहले ही हुई थी। गुरुवार को राहुल बाइक से अपनी सुसराल जीवाई कदीम जा रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायल राहुल को सामुदायिक केंद्र शाहबाद लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को राहुल की मौत हो गई। इस घटना से परिवार और आसपास के लोगों में शोक की लहर है। परिजनों ने अभी तक अज्ञात वाहन के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### एक नजर

## पांच का शांति भंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों की गिरफ्तार कर शांति में किया चालान पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी मिलक के पर्यावेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक थाना मिलक के नेतृत्व में पुलिस द्वारा आज पाँच नफर अभियुक्त महीपाल पुत्र महावीर निवासी ग्राम खुटिया थाना मिलक रामपुर उम्र करीब 35 वर्ष,राजेन्द्र पुत्र सिपाहीलाल निवासी खुटिया थाना मिलक रामपुर उम्र करीब 52 वर्ष,राकेश पुत्र पूरनलाल निवासी ग्राम परतापुर थाना मिलक रामपुर उम्र करीब 42 वर्ष,संजीव पुत्र डोरीलाल निवासी ग्राम परतापुर थानमा मिलक रामपुर उम्र करीब 20 वर्ष और आकाश पुत्र इन्द्रासन निवासी मौ0 नसीराबाद थाना मिलक जनपद रामपुर को अन्तर्गत धारा 126/135/170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर न्यायलय उपजिलाधिकारी मिलक रामपुर भेजा गया ।

## बार वेलफेयर एसोसिएशन ने विमान हादसे में मरने वालों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शुक्रवार को बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरुनाम सिंह संधू की अध्यक्षता में एक बैठक की और गुजरात अहमदाबाद में प्लेन क्रैश में लंदन जा रहा था।242 लोगों की मृत्यु हो गई। इस दु:ख की घड़ी में दिवंगत आत्माओ की शान्ति के लिए दु:खी परिवारों के साथ है। बार वेलफेयर एसोसिएशन 13 जून से 15 जून तक न्यायिक कार्य से विरत राहेंगे इस दौरान बार के पदाधिकारियों सहित सभी अधिवक्ताओ ने मोन धारण कर हादसे में जान गवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि भी दी।

## आकाशीय बिजली गिरने से गोविंद पुरा में मकान क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शुक्रवार क्षेत्र के गांव गोविंद पुरा गांव में मकान पर बिजली गिरने से मकान छतिग्रस्त हो गया और आसपास के घरों में टीवी इन्वेंटर सहित बिजली से चलने वाले उपकरण को काफी नुकसान हुआ।आई बारिश के साथ बिजली कडने के साथ ही गोविंद पुरा निवासी राजू के मकान पर अचानक आसमानी बिजली गिर गई।जिससे उसका मकान छतिग्रस्त हो गया।गांव के और घरों में भी बिजली ने अपना असर दिखाया वहां भी टीवी इन्वेंटर सहित कई उपकरणों को नुकसान पहुचाया है।राजू के मकान पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

## सड़क हादसे में एक घायल, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र में एक युवक डंफर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जानकारी के अनुसार स्वार तहसील निवासी 40 वर्षीय सुभाष पुत्र नत्थू सड़क हादसे में गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जहां डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## अधिकार मित्र कर रहे लोगों की मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कोतवाली शाहबाद में तैनात अधिकार मित्र विजय सिंह एक तरफ लोगों के प्रार्थना पत्र लिखकर उनकी मदद कर रहे हैं। दूसरी ओर आपसी विवादों में पड़कर लंबी चलने वाली कानूनी प्रक्रिया से उन्हें बचाने की सलाह भी दे रहे हैं। प्रयास कर रहे हैं कि कोई भी विवाद आपसी समझौते से निपट जाए तो बेहतर है क्योंकि कानूनी प्रक्रिया लंबी चलती है और उसमें धन भी अधिक खर्च होता है और समय भी अधिक खर्च होता है।

## तेज बारिश व हवा के बीच बिजली व्यवस्था हुई धड़ाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** तेज हवा ओर बारिश के बीच मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर हाई टेंशन लाइन मे ब्रेकडाउन होगया जिसकी वजहा से बिजली व्यवस्था चौपट हो गई है । पेड़ो की टेहनिया हाई टेंशन लाइन से टकराने की वजहा से बिजली अपूर्ति चौपट होगई शुक्रवार को तेज हवाओं के बीच बारिश का आगाज हुआ और साथ में तेज बारिश भी हुई तेज हवाओं के बीच टांडा बाजपुर मार्ग पर 33 हजार के. वी. लाइन पर पेड़ो की टहनिया टूट कर गिर गई जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई वहीं तेज हवा व बारिश से मसवासी समेत 32 गांव की बिजली व्यवस्था बाधित हो गई वही करीब पांच बजे अपूर्ति चालू की जा सकी।

## बरसात होने से फसलों को होगा फायदा

# झमाझम हुई बरसात से मौसम हुआ सुहावना लोगों को मिली गर्मी से राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** लगातार पड़ रही आफत भरी गर्मी से शुक्रवार को लोगों को राहत मिली। झमाझम बारिश ने तापमान को गिरा दिया, जिससे लोगों को गर्मी से निजात मिली शाहबाद में शुक्रवार को हुई तेज बारिश से तापमान में 4-5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जिससे तापमान 39 डिग्री पर आ गया। इसी तरह सैफनी में भी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।सुबह 11बजे से हल्की हवा के बाद आसमान में बादल छा गए और बूंदाबांदी हुई।



बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस बारिश से न केवल तापमान में गिरावट आई, बल्कि लोगों को गर्मी से निजात भी मिली। बारिश के बाद वातावरण में ताजगी और ठंडक का एहसास हुआ। बारिश फसलों के लिए भी फायदेमंद है, इससे फसलों में वृद्धि और बिकास में मदद मिलेगी। इस वारिस ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान भर दी।

## साइबर क्राइम ने ठगी से बचने के बताए उपाय

### जन चौपाल का आयोजन कर लोगों को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में जन चौपाल लगा कर लोगो को जागरूक किया गया। इस चौपाल में नगर पंचायत अध्यक्ष, समस्त सभासद, धर्मगुरु संभ्रांत व्यक्ति एवं जन सामान्य लोग उपस्थित हुए। जन चौपाल में थानाध्यक्ष हमवीर सिंह जादौन ने लोगो से आगामी त्यौहारों को सद्भाव एवं भाईचारे से मनाने, आपस में मिलजुल कर रहने, विवाद एवं झगड़ा न करने तथा कस्बे में जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ एवं शराब आदि कुरी. तियों को दूर करने,अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण में स्थानीय पुलिस का सहयोग करने की अपील की साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट, शीतबेल्ट का प्रयोग करने, साइबर अपराध से बचाव एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर आदि प्रसारित न करने आदि के



संबंध में जागरूक किया। और अपराधियों को अपराध छोड़कर सामान्य जीवन व्यतीत करने की सख्त हिदायत दी।

इस गोष्ठी में उपस्थित जन समूह ने सहयोग का खुले दिल से आश्वासन दिया गया। इस दौरान चेयर मेन फैजान खान, रियाज वारसी, गोरे,नरेश कुमार शर्मा, नेतराम कश्यप,अरविंद जोशी, पंकज शर्मा, राधेश्याम राही, शाकिर इदरीशी, अख्तर डीलर, मोहम्मद रफी उर्फ गुड्डू, जाबिर पाशा, सुशील कुमार जोशी, आदि लोग मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन की शोकसभा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** शुक्रवार को तहसील मिलक के बार एसोसिएशन के परिसर में अध्यक्ष उमेश चंद्र सक्सेना की अध्यक्षता में एक शोक सभा की गई। जिसमें विमान हादसे में 241 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई उन सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए बार सभागार में सभी अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक. ाकुल परिवार को ईश्वर इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर अध्यक्ष उमेश चंद्र सक्सेना महासचिव विपिन तिवारी पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार विवेक गंगवार, सोमपाल भारतीय, कमलाकांत शर्मा, देशवीर सिंह गंग. वार , धर्मेंद्र सक्सेना, अरविंद पांडे, रईस अहमद, घनश्याम सागर, धर्मेंद्र प्रकाश शर्मा, राजीव जैन, श्री राम राठौर आदि अधिवक्ता रहे।

# एयर इंडिया विमान हादसे के मृतकों को टीम इंडिया ने दी श्रद्धांजलि

● मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे

**कैंट, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम ने एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और एक मिनट का मौन भी रखा। गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या-एएल171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। एयर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर 13:38 बजे टेकआफ हुआ था। एयर इंडिया के मुताबिक बोइंग 787-8 माडल के इस विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिकों समेत ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के नागरिक शामिल थे। इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हुई है। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे। इस हादसे पर क्रिकेट समुदाय ने भी दुख व्यक्त किया था। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पूर्व शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रही है। मुकाबला शुरू होने से पहले टीम के खिलाड़ियों और सदस्यों ने अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, बेकेनहैम में हो रहे इंट्रा-स्क्वाड मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पटी बांधकर उतरे। अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि और पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता के प्रतीक के रूप में आज एक मिनट का मौन भी रखा गया। भारतीय टीम 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रही है। इस दौरान जहां टीम की कोशिश तैयारियों को अंतिम रूप देने पर रहेगी।



## एंडरसन 11 साल बाद टी-20 के लिए मैदान पर

**लंदन, वार्ता।** लंकाशायर टी-20 कप्तान कीटन जेनिंग्स ने कहा कि काउंटी खेल के सबसे छोटे प्रारूप में जेम्स एंडरसन के कौशल का इस्तेमाल करना अद्भुत है।

एंडरसन ने लंकाशायर के लिए पिछले तीन टी-20 मैच खेले हैं। 2014 के बाद से वह पहली बार टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं। 42 वर्षीय एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 704 टेस्ट विकेट लिए है। जेनिंग्स ने बीबीसी रेडियो लंकाशायर से कहा कि जब आपके पास ड्रेसिंग रूम में ऐसा कोई खिलाड़ी हो, तो उसके दिमाग और उसकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल न करना बहुत मूर्खतापूर्ण है। उनका साथ होना अद्भुत है। प्रत्येक मैच में एंडरसन ने पावरप्ले में तीन ओवर फेंके हैं, जो कि पावरप्ले में बदलाव करने की आधुनिक रणनीति के विपरीत है।

# मार्को जेनसन में सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर बनने की सभी खूबियां: रिकी पोटिंग

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के युवा गेंदबाज मार्को जेनसन का भविष्य उज्जवल है और वह भविष्य में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट आलराउंडर बन सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मार्को जेनसन को कोचिंग देने के दौरान पोटिंग ने जेनसन की खूबियों को नजदीक से देखा।

आईसीसी हॉल ऑफ फेमर रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक हैं, लेकिन उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है। उन्होंने प्रोटियाज के लिए शुरुआत में शानदार प्रदर्शन किया, कैगिसो रबाडा के साथ मिलकर एक शानदार तेज गें. दबाजी जोड़ी बनाई, जिसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम पर कहर बरपाया। रबाडा ने लॉर्ड्स में एक और पांच विकेट लेकर अधिक तारीफ बटोरी, लेकिन जेनसन की गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली रही। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 14 ओवर में 49 रन देकर 3 विकेट लिए और उनके विकेटों में मार्नस लैबुशेन और ट्रैविस हेड शामिल थे। दूसरे दिन फील्डिंग करते समय



● मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक है और उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है

उंगली में चोट लगने के कारण उनका दिन खराब हो गया था, हालांकि इसके तुरंत बाद गेंदबा. जी क्रीज पर वापस आकर उन्होंने साबित कर दिया कि वे बेखौफ हैं और मार्नस लाबुशेन को 22 रन पर आउट कर दिया। जेनसन अभी सिर्फ 25 साल के हैं। 2025 के आईपीएल में जेनसन ने पंजाब किंग्स के साथ अपना खेल दिखाया, लगातार सफल विकेट लिए और कभी-कभी महत्वपूर्ण रन भी बनाए। भारत में उनके घरेलू अभियान ने क्रिकेट के दिग्गज रिकी पोंटिंग को ऑलराउंडर के बारे में करीब से जानने का मौका दिया और पोंटिंग को इस बात पर आश्चर्य नहीं है कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका की शानदार प्रतिभा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। डब्ल्यूटीसी फाइनल के पहले दिन के बाद उन्होंने आईसीसी डिजिटल से कहा कि वह काफी शांत स्वभाव के हैं। कुछ भी उन्हें बहुत प्रभावित नहीं करता। चाहे उनका दिन अच्छा रहा हो या बुरा, वह हमेशा एक जैसे ही रहते हैं। जिस तरह से वह खेल के बारे में सोचते हैं या जिस तरह से वह ड्रेसिंग रूम में रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अधिकांश दक्षिण अफ्रीकियों की तरह, आप देख सकते हैं कि उनके अंदर एक बेहद प्रतिस्पर्धी भावना है और एक बार जब वह मैदान पर उतरते हैं, तो खेल शुरू हो जाता है। जेनसन ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच से पहले आईसीसी डिजिटल से कहा कि मैंने उनसे (पोंटिंग) से बहुत कुछ सीखा है। खास तौर पर मानसिक दृष्टिकोण से। वह हमेशा सकारात्मक रहते है, वह हमेशा बुरी चीजों के बजाय अच्छी चीजों को देखने की को. शिश करते है। मुझे लगता है कि यही कारण है कि वह खेल का एक दिग्गज है। पोंटिंग को उम्मीद है कि जैनसन अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अपने खेल को और भी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

# इंदौर, जयपुर में व्हाइट बॉल सीरीज खेलेगी न्यूजीलैंड

● टी-20 विश्वकप से पहले भारत से 8 मैच, हैदराबाद, गुवाहाटी में भी होंगे मुकाबले

**नई दिल्ली, वार्ता।** न्यूजीलैंड और भारत के बीच अगले साल 8 व्हाइट बाल मैचों के वेन्यू शार्टलिस्ट हुए हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट मुताबिक, जयपुर, इंदौर, मोहाली, राजकोट, गुवाहाटी, हैदराबाद, त्रिवेंद्रम और नागुपर शार्टलिस्ट हुए वेन्यू में शामिल हैं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच अगले साल जनवरी में टी-20 वर्ल्ड कप से पहले सीरीज खेली जानी है। 8 टाप वेन्यूज के अलावा भी कुछ मैदानों को रेस में रखा गया है। 3 वनडे और 5 टी-20 होंगे टीम इंडिया अगले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलेगी। सीरीज भारत के बिजी कैलेंडर का हिस्सा है, जिसमें टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया में व्हाइट बाल सीरीज और साउथ अफ्रीका से तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। इंदौर के होलकर स्टेडियम को भी न्यूजीलैंड सीरीज के लिए शार्टलिस्ट किया गया है। 14 जून को तय होंगे वेन्यू बीसीसीआई एपेक्स काउंसिल की मीटिंग 14 जून को शाम 4 बजे से आनलाइन होगी। मीटिंग में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के वेन्यू फाइनल होंगे। इसी मीटिंग में आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन को लेकर गाइडलाइन भी लागू की जाएगी। साथ ही घरेलू क्रिकेट का शेडयूल और उम्र वेरिफिकेशन के लिए नई प्रोसेस भी लागू होगी। वेस्टइंडीज टेस्ट से शुरू होगा होम कैलेंडर टीम इंडिया फिलहाल इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज खेलने गई है। वहां से लौटने के बाद टीम को बांग्लादेश में सीरीज और एशिया कप खेलना है। इसके बाद अक्टूबर में टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और नई दिल्ली में 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया फिर ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलने जाएगी। मुकाबले 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। टीम फिर घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 4 टी-20 खेलेगी। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद फरवरी में वर्ल्ड कप न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 व्हाइट बाल मैचों के बाद फरवरी में टी-20 वर्ल्ड कप शुरू हो जाएगा। जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका को मिली है।

## बिग बैश में सिक्सर्स के लिए खेलेंगे बाबर

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आज़म को अगले सप्ताह के प्लेयर ड्राफ्ट से पहले सिडनी सिक्सर्स ने अनुबंधित किया है जिसके बाद वह पहली बार बिग बैश में खेलेंगे। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान, टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 30 वर्षीय बाबर ने 320 टी20 मैच खेले हैं, और हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर ज़ालमी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ़ पाकिस्तान की हालिया टी20 सीरीज़ के लिए नहीं चुना गया था। बाबर ने कहा कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीगों में से एक में खेलना और इतनी सफल और सम्मानित फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा बनना एक रोमांचक अवसर है। सिक्सर्स 2024-25 सीज़न में दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन प्ले-ऑफ़ में लगातार हार का सामना करना पड़ा।

## हमारे पास जीतने का शानदार मौका है: डेविड बेडिंघम

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम का मानना है कि उनके पास लॉर्ड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीतने का शानदार मौका है। उन्होने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद गुरुवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका इतिहास रचने के करीब है और टीम चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 218 रनों की बढ़त बना ली है और उसके पास सिर्फ दो विकेट बचे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 74 रनों की बढ़त के साथ शुरू की थी, लेकिन लुंगी एनगिडी (3/35) और कैगिसो रबाडा (3/44) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत टीम के सात बल्लेबाज स्कोर में मात्र 73 रन जोड़ सके। एलेक्स कैरी की शानदार 43 रनों की पारी ने टीम को संभाला जिसके चलते ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 144 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी की तुलना में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। पहली पारी में दूसरे दिन सुबह 43 रन पर चार विकेट से आगे खेलते हुये पूरी टीम 138 रन पर सिमट गयी थी। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने छह विकेट लिए, जिसमें उनके टेस्ट करियर का 300वां विकेट भी शामिल है।

# नीदरलैंड ने हासिल किया वनडे इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज




● 369 के जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए 6 विकेट पर 374 रन बनाकर मैच जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्काटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्काटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जार्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। वनडे में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकार्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 438 रन बनाए थे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका ही है। अब इस लिस्ट में नीदरलैंड का नाम भी जुड़ गया है और उसने भारत और इंग्लैंड जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है। स्काटलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्काटलैंड के लिए मुंसे ने 150 गेंदों पर 14 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रास ने 59 रन बनाए। स्काटलैंड ने इस तरह नीदरलैंड्स के सामने बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है। ओ डोड के अलावा तेजा निदामानुरु ने 51 और नोह क्रोएस 50 ने रनों का योगदान दिया।

## भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड से भारत लौटे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड से भारत लौट आए हैं। गंभीर फैमिली इमरजेंसी के कारण इंग्लैंड से भारत लौटे हैं। भारतीय टीम फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर है। टीम को वहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। गंभीर टीम के बाकी खिलाड़ियों के साथ 6 जून को इंग्लैंड रवाना हुए थे। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। इंग्लैंड दौरे के लिए 18 मेंबर्स वाली भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, ऋषभ पंत (उपकप्तान), ध्रुव जुरेल, नीतीश रेड्डी, शार्दूल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

# मेहंदी हसन मिराज बांग्लादेश के वनडे कप्तान नियुक्त

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। 27 वर्षीय मिराज अगले 12 महीनों तक टीम की कमान संभालेंगे।

मिराज ने नजमुल हुसैन शांतो की जगह ली है और वह अगले महीने श्रीलंका में बांग्लादेश की आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान आधिकारिक तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मेहदी हसन मिराज ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताई। मिराज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करना एक सपने के सच होने जैसा है। बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है। हमारे पास निडर क्रिकेट खेलने का कौशल और मानसिकता है। मैं चाहता हूं कि हम आत्मविश्वास से भरे रहें, प्रतिबद्ध रहें और देश के लिए दिल से खेलते रहें। ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर ने इससे पहले शंटो की अनुपस्थिति में चार वनडे मैचों में बांग्लादेश की कप्तानी की है। 105 वनडे मैचों में 1617 रन और 110 विकेट के साथ, मिराज वर्तमान में आईसीसी रैंकिंग में वनडे ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद रफीक, मशरफे मुर्तजा और शाकिब अल हसन के साथ बांग्लादेशी क्रिकेटरों के एक विशेष समूह का भी हिस्सा हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 1000 रन और 100 विकेट पूरे किए हैं। इससे पहले, ऑलराउंडर को अगले महीने श्रीलंका में होने वाले अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के अपने पहले असाइनमेंट के लिए बांग्लादेश की टेस्ट टीम में उप-कप्तान के रूप में नामित किया गया था। बीसीबी क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल अबेदीन ने उन्हें पुरस्कृत करने के निर्णय के पीछे ऑलराउंडर की निरंतरता की ओर इशारा किया।

उन्होंने कहा कि मिराज ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में जुझारू भावना और संक्रामक ऊर्जा लेकर आए हैं। उनके प्रदर्शन, नेतृत्व के गुण और समग्र परिपक्वता उन्हें हमारी वनडे टीम का मार्गदर्शन करने के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाती है। अबेदीन ने कहा कि हम शांतो द्वारा अपनी कप्तानी के दौरान दिखाई गई सकारात्मकता और चरित्र के लिए आभारी हैं। वह हमारे नेतृत्व समूह का एक अभिन्न अंग और बल्लेबाजी इकाई में एक प्रमुख व्यक्ति बने हुए हैं।

# मिशेल स्टार्क ने दिखाया दम ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 207 रन

● ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रना का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया

**लंदन, वार्ता।** मिशेल स्टार्क (58 नाबाद) और जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की महत्वपूर्ण साझीदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को अपनी दूसरी पारी 207 रन पर समाप्त की और पहली पारी की लीड को जोड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। लार्डस की पिच पर आज सुबह आठ विकेट पर 144 रन से आगे खेलने मैदान पर उतरे स्टार्क और नाथन लियोन की जोड़ी को कैगिसो रबाडा ने जल्द ही तोड़ दिया जब लियोन अपने दो रन के निजी स्कोर पर पगबा. धा करार दिये गए। उस समय लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी जल्द ही सिमट जायेगी मगर नये बल्लेबाज हेजलवुड के साथ स्टार्क ने मैदान पर रंग जमाया और दोनो ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों का




संयम से सामना करते हुये टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। भोजनावकाश से ठीक पहले हेजलवुड एडन मारक्रम का शिकार बन गए। पवेलियन में अविजित लौटे स्टार्क ने अपनी अर्द्धशतकीय नाबाद पारी में 136 गेंदो का सामना किया और पांच बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए रबाडा ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाये। पहली बार टेस्ट चैंपियन बनने के लिए दक्षिण अफ्रीका को अब 282 रनो के लक्ष्य को भेदना होगा।

# कौर ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, वार्ता।** भारत की राइफल शूटर सिफ्ट कौर समरा ने आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में एक और इजाफा किया। 23 वर्षीय शूटर ने इससे पहले 2022 एशियाई खेलों में विश्व रिकॉर्ड के साथ इतिहास रचा था। उन्होने फाइनल के दौरान दृढ़ता का परिचय दिया और 453-1 अंक हासिल कर आठ महिलाओं के बीच उच्च दबाव वाले मुकाबले में तीसरा स्थान हासिल किया। नीलिंग और प्रोन राउंड के बाद लीडरबोर्ड के बीच में होने के बावजूद, समरा ने स्टैंडिंग सीरीज़ में जबरदस्त धैर्य और निरंतरता दिखाई। अच्छी तरह से समयबद्ध 10 की उनकी श्रृंखला ने उन्हें रैंकिंग में ऊपर पहुंचा दिया।4 वे स्विट्जरलैंड की रजत पदक विजेता एमिली जैगी (464-8) से केवल 0-9 अंक पीछे रहीं। नॉर्वे की दो बार की ओलंपियन जीनेट हेग ड्यूस्टैड ने स्वर्ण पदक जीता, जिन्होंने 466-9 का शानदार स्कोर बनाया। इस साल विश्व कप प्रतियोगिता में यह समरा का दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स में इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था और पिछले साल म्यूनिख में भी कांस्य पदक जीता था। इससे पहले क्वालीफिकेशन राउंड में समरा 592 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं। साथी भारतीय आशी चौकसे (589) और अंजुम (586) क्रमश: 11वें और 27वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहीं।

## कमिंस 300 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों के क्लब में शामिल

**लार्डस, वार्ता।** क्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल मैच के दूसरे दिन छह विकेट झटक कर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने अपना नाम करियर में 300 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों की फेहरिस्त में शामिल कर लिया। कमिंस ने 18-1 ओवरों में 28 रन देकर छह दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाया विकेट चटकाए। कमिंस टेस्ट में 300 विकेट हासिल करने वाले 40वें गेंदबाज़ हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए यह कारनामा करने वाले वह आठवें गेंदबाज़ हैं। तेज़ गेंदबाज़ों की अगर बात करें तो वह 300 विकेट हासिल करने वाले 30वें और ऑस्ट्रेलिया के लिए छठे गेंदबाज़ हैं। वह गेंदों के लिहाज़ से 300 विकेट तक पहुंचने वाले पांचवें सबसे तेज़ गें. दबाज़ हैं। उन्होंने 300 विकेट के आंकड़े तक पहुंचने के लिए 13,725 गेंदें ली। इस तालि. का में दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा शीर्ष पर है जिन्होने 300 विकेट की उपलब्धि 11817 गेंद खर्च कर हासिल किये थे। कमिंस ने सबसे तेज़ 300 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रूप से 10वां गेंदबाज़ बनते हुए इमरान खान की बराबरी कर ली। दोनों ने 68 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया की जीत में इस मैच से पहले कुल 184 विकेट लिए थे। जेसन गिलेस्पी, मिचेल जॉनसन, डेनिस लिली, ब्रेट ली, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्ग्रा उनसे इस मामले में आगे हैं लेकिन इन में से किसी भी गेंदबाज़ की औसत कमिंस के 18-09 की औसत से बेहतर नहीं है।

## सम्पादकीय

शनिवार, 14 जून 2025

# शांति की पहल को धक्का

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका काफी समय से व्यक्त की जा रही थी। ईरान को किसी भी हाल में परमाणु न बनाने देने की अपनी मुहिम के चलते इजरायल ने शुक्रवार की सुबह ईरान पर 200 फाइटर जेटों के साथ धावा बोल दिया। इस हमले में ईरान के सेना प्रमुख स्पेशल फॉर्स के चीफ दो बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत पांच बड़े अफसर मारे गए। हमले के बाद भी इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने वही अपनी पुरानी बात दोहराई और कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था इस पर हमला किया गया।

इजरायली सेना ने यह भी दावा किया कि इरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। जाहिर है जिस तरह ईरान के सेना प्रमुख व वैज्ञानिक मारे गए, जाहिर है उसके निशाने पर न्यूक्लियर प्लांट्स और बड़े मिल्ट्री अफसरों के रेजिडेंशियल कॉम्पलैक्स थे। इजरायल अपने इन हमलों को बेहद सफल बता रहा है और दावा कर रहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अब काफी पीछे धकेल दिया गया है। यूं तो ईरान ने भी पलटवार किया और सौ विस्फोटक ड्रोनों से इजरायल पर हमला बोला, लेकिन इजरायल का दावा है कि उसने अपने मजबूत डिफेंस के चलते इन हमलों को नाकाम कर दिया। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि इन हमलों की पहले से ही आशंका थी, लेकिन हाल-फिलहाल ऐसा नहीं लग रहा था, उसका कारण भी था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के साथ चल रही न्यूक्लियर वार्ता को लेकर काफी आशान्वित दिखाई दे रहे थे। ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि इजरायल तो ईरान पर हमला करने के लिए हर समय तैयार है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति उसे ऐसा न करने के लिए मना कर रहे हैं। इसलिए ऐसा मानने के लिए अच्छे भले कारण हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को वार्ता की गफलत में डालकर इजरायल से हमला करवा दिया। थोड़ी सी नानुकुर के बाद अब तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया कि इजरायल ने जो ईरान पर हमला किया है उसे उसकी पूरी तरह जानकारी थी। इतना ही नहीं उन्होंने ईरान को चेतावनीभरे अंदाज में कहा भी कि अगर वह कठोर कार्रवाई से बचना चाहता है, तो वह अपना परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए जितनी जल्दी तैयार हो जाए वह उसके लिए बेहतर है। जहां तक बात ईरान की है, ईरान जरा भी पीछे हटने के संकेत नहीं दे रहा है और उसने साफ कर दिया है कि वह इजरायल के साथ युद्ध में अब किसी भी सीमा तक जाएगा और इजरायल पर हुए हमले का पूरी ताकत से जवाब देगा। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भारत के पीएम मोदी से फोन पर बात भी की है। मोदी जी ने स्वयं अपने एक्स पर कहा है कि भारत ने ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर चिंता व्यक्त की है और मतभेदों को वार्ता के जरिये सुलझाने की सलाह दी है। अभी यह कहना मुश्किल है कि यहां से बिगड़ी स्थिति किधर जाएगी, लेकिन इतना तो कहना ही पड़ेगा कि दिन-प्रतिदिन हालात अब बिगड़ते जा रहे हैं और कहीं से भी शांति की पहल होती दिखाई नहीं दे रही है। अगर ईरान बड़ा हमला इजरायल पर करता है तो निश्चित रूप से स्थिति काफी भयावह हो सकती है।

### दोहरे मानदंडों का खतरनाक प्रदर्शन



जहां तक उन्हें पता है, ईरान ने इजरायल को हमला करने के लिए कोई उकसावे की कार्रवाई नहीं की है, इजरायल ने इसे पूर्व प्रतिरोधी हमला बताते हुए एक देश के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया, यह दोहरे मानदंडों का खतरनाक प्रदर्शन है, अगर वैश्विक शक्तियां इस पर चुप रहती हैं, तो वास्तव में यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा, इजरायल ने जो किया है, वह रूस द्वारा यूक्रेन के साथ किए गए कार्यों के समान है, आप रूस के खिलाफ आवाज उठाते हैं, अभियान शुरू करते हैं, लेकिन जब इजरायल ईरान पर हमला करता है, तो अमेरिका, यूरोप और अन्य चुप रहते हैं, अगर एक देश का दूसरे पर हमला करना गलत है, तो ये तब भी गलत होना चाहिए, जब इजरायल ईरान पर हमला करता है।

-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर

# रक्त की हर बूंद में छिपी होती है किसी घर की मुस्कान



योगेश कुमार गोयल



रक्तदान को पूरी दुनिया में सबसे बड़ा दान माना गया है क्योंकि रक्तदान ही है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढ़ेरों रंग भी भरता है। कल्पना कीजिए कि कोई व्यक्ति रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है और आप एकाएक उम्मीद की किरण बनकर सामने आते हैं और आपके द्वारा किए गए रक्तदान से उसकी जिंदगी बच जाती है तो आपको कितनी खुशी होगी। हालांकि एक समय था, जब चिकित्सा विज्ञान इतना विकसित नहीं था और किसी को पता ही नहीं था कि किसी दूसरे व्यक्ति का रक्त चढ़ाकर किसी मरीज का जीवन बचाया जा सकता है। उस समय रक्त के अभाव में असमय होने वाली मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा था किन्तु अब स्थिति बिल्कुल अलग है लेकिन फिर भी यह विडम्बना ही कही जाएगी कि रक्तदान के महत्व को जानते-समझते हुए भी रक्त के अभाव में आज भी दुनियाभर में हर साल करोड़ों लोग असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं, जिनमें अकेले भारत में ही रक्त की कमी के चलते होने वाली ऐसी मौतों की संख्या करीब बीस लाख होती है क्योंकि देश में प्रतिवर्ष करीब पच्चीस लाख यूनिट रक्त की कमी रह जाती है।

दरअसल रक्तदान के महत्व को लेकर किए जाते रहे प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोगों के दिलोदिमाग में रक्तदान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान हैं, जैसे रक्तदान करने से संक्रमण का खतरा रहता है, शरीर में कमजोरी आती है, बीमारियां शरीर को जकड़ सकती हैं या एचआईवी जैसी बीमारी हो सकती है।

इस तरह की भ्रांतियों को लेकर लोगों को जागरूक करने के प्रयास किए जाते रहे हैं किन्तु अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान से तो शरीर को कई फायदे ही होते हैं। जहां तक रक्तदान से संक्रमण की बात है तो सभी स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा रक्त लेते समय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय मानक तरीके अपनाए जाते हैं, इसलिए संक्रमण का कोई खतरा नहीं होता। 18 साल से अधिक उम्र का शारीरिक रूप से स्वस्थ कम से कम 45 किलो से अधिक वजन का कोई भी व्यस्क स्वेच्छा से कम से कम तीन माह के अंतराल पर साल में 3-4 बार रक्तदान कर सकता है। कुछ लोगों को रक्तदान के समय हल्की कमजोरी का अहसास हो सकता है किन्तु यह चंद घंटों के लिए अस्थाई ही होता है। इसके उलट रक्तदान के फायदों की चर्चा करें तो रक्तदान करते रहने से खून की प्राकृतिक रूप से सफाई होती है और रक्त कुछ पतला हो जाने से खून में थक्के नहीं जमते, जिससे हार्ट अटैक की संभावना बेहद कम हो जाती है। रक्तदान के बाद शरीर में जो नए ब्लड सेल्स बनते हैं, उनमें किसी भी बीमारी से लड़ने की अपेक्षाकृत अधिक ताकत होती है और यह स्वच्छ व ताजा रक्त शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मददगार होता है, जिससे न सिर्फ कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप नियंत्रित रहता है बल्कि कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों से बचाव, कुछ हद तक मोटापे पर नियंत्रण तथा कई संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। रक्त में आयरन की मात्रा नियंत्रित हो जाने से लीवर की कार्यक्षमता बढ़ जाती है।

जीवनदाई रक्त की महत्ता के मद्देनजर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 14 जून 1868 को जन्मे कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिवस पर 14 जून 2004 को रक्तदान दिवस की शुरूआत की गई थी और तब पहली बार विश्व स्वास्थ्य संगठन, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस तथा रेड क्रिसेंट सोसायटीज द्वारा 'रक्तदान दिवस' मनाया गया था, तभी से यह दिन 'रक्तदान' के नाम कर दिया गया। विश्व रक्तदान दिवस की शुरूआत का उद्देश्य यही था कि चूंकि दुनियाभर में लाखों लोग समय पर रक्त न मिल पाने के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, अतः लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया जाए। हमारे शरीर में शरीर के कुल वजन का करीब 7 फीसदी रक्त होता है और यदि हम उसमें से 3 फीसदी भी दान कर दें तो भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं होती। वैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देशानुसार एक बार में किसी भी व्यक्ति का एक यूनिट अर्थात 450 मिलीलीटर से अधिक रक्त नहीं लिया जा सकता और इस रक्त की पूर्ति हमारा शरीर खुद ही 2-3 दिनों में ही कर लेता है। रक्तदान के बाद प्राप्त रक्त से आवश्यकतानुसार लाल रक्त कणिकाएं, प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और क्रायोप्रेसिपिटेट अलग कर मरीजों के लिए उपयोग किए जाते हैं। आरबीसी का उपयोग रक्त लिए जाने के 42 दिन बाद तक किया जा सकता है जबकि प्लेटलेट्स केवल 5 दिन के अंदर उपयोग की जा सकती हैं। रक्तदान करते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान अवश्य रखा जाना चाहिए, तभी आप द्वारा किया गया रक्तदान सार्थक होगा। आपको एड्स, मलेरिया, हेपेटाइटिस, अनियंत्रित मधुमेह, किडनी संबंधी रोग, उच्च या निम्न रक्तचाप, टीबी, डिप्थीरिया, ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, एलर्जी, पीलिया जैसी कोई बीमारी हो तो रक्तदान न करें। माहवारी के दौरान या गर्भवती अथवा स्तनपान कराने वाली महिलाएं रक्तदान करने से बचें। यदि आपको टाइफाइड हुआ हो और ठीक हुए महीना भर ही हुआ हो, चंद दिनों पहले गर्भपात हुआ हो, तीन साल के भीतर मलेरिया हुआ हो, पिछले छह महीनों में किसी बीमारी से बचने के लिए कोई वैक्सीन लगवाई हो, आयु 18 से कम या 60 साल से ज्यादा हो तो रक्तदान न करें। जब भी रक्तदान करें, उससे कुछ समय पहले और कुछ समय बाद तक पर्याप्त पानी पीएं, भोजन में हरी सब्जियां तथा आयरन व विटामिन से भरपूर पौष्टिक आहार लें लेकिन रक्तदान से पहले जंक फूड, अधिक वसायुक्त भोजन के अलावा धूम्रपान, मद्यपान इत्यादि किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करने से बचें। शराब पीते हैं तो 2-3 दिन पहले शराब का सेवन बंद कर दें।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार देश में प्रतिवर्ष एक करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है किन्तु सिर्फ 75 लाख यूनिट रक्त ही उपलब्ध हो पाता है। देश की कुल आबादी के लिहाज से देखें और यह मानकर चलें कि एक व्यक्ति साल में केवल एक बार ही रक्तदान करता है तो भी इसका अर्थ है कि महज आधा फीसदी लोग ही रक्तदान करते हैं। यह बेहद चौंकाने वाली स्थिति है और आधुनिक विज्ञान के युग में भी रक्त की कमी के चलते लाखों लोगों की मौतों के मद्देनजर यह नितांत आवश्यक है कि आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और उसके फायदे समझाने के लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाया जाए। अपने रक्त से एक अनमोल जीवन बचाकर जो आत्मिक संतुष्टि मिलती है, वह अनमोल है, साथ ही हमारे शरीर का रोग प्रतिरोधी तंत्र भी रक्तदान से मजबूत होता है। स्वैच्छिक रक्तदान कर किसी की जान बचाकर जहां मानसिक खुशी मिलती है, वहीं रक्तदान करने वाले व्यक्ति का एक रक्तदाता कार्ड भी बना दिया जाता है, जिसका लाभ यह होता है कि यदि उसे या उसके किसी परिजन को सालभर के अंदर कभी रक्त की जरूरत पड़ जाती है तो वह इस रक्तदाता कार्ड के जरिए एक यूनिट रक्त ब्लड बैंक से आसानी से प्राप्त कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नीम करौली बाबा को अर्पित कंबल का महत्व

अफजल हुसैन फौजी

**कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े भुवन बिष्ट बताते हैं कि बाबा के चमत्कारों में भी कंबल की भूमिका रही है। कई बार बाबा ने इसी कंबल से चमत्कार दिखाए, जिनका वर्णन उनकी जीवनी और किताबों में मिलता है, वहीं बाबा को कंबल वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धालु जब बाबा को कंबल चढ़ाते हैं, तो मंदिर में मौजूद पुजारी कम्बल को बाबा की मूर्ति से छुआकर प्रसाद के तौर पर वापिस देते हैं। जिसे श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। इसे बाबा का प्रसाद और आशीर्वाद माना जाता है। यह कंबल भक्त अपने घर के पूजा स्थान में रखते हैं या फिर किसी पवित्र स्थान पर सुरक्षित रखते हैं।**



आस्था व श्रद्धा का प्रतीक कैंची धाम इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। जहां देश-विदेश से लाखों भक्त नीम करौली बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं। बाबा की अलौकिक उपस्थिति और चमत्कारों की कहानियों से जुड़ा यह स्थान भक्तों के लिए श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। जनसामान्य के साथ फिल्मी जगत, राजनीति, खेल जगत से जुड़ी कई बड़ी हस्तियां कैंची धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन कर चुकी हैं।

कैंची धाम में विशेष तौर पर नीम करौली बाबा को कम्बल चढ़ाने की परंपरा बेहद लोकप्रिय है। दूर दूर से श्रद्धालु कैंची धाम पहुंचकर बाबा को कंबल चढ़ाते हैं। इसका कारण है कि नीम करौली बाबा को कंबल अत्यंत प्रिय थे और बाबा अपने शरीर में सिर्फ धोती और कंबल ओढ़ते थे। बाबा गरीबों को भी कंबल दान करने और भोजन करवाने की सलाह देते थे, यही कारण है कि आज भी बाबा को श्रद्धा से भक्तों द्वारा कम्बल चढ़ाया जाता है।

**कम्बल के अनेक चमत्कार**

कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े भुवन बिष्ट बताते हैं कि बाबा के चमत्कारों में भी कंबल की भूमिका रही है। कई बार बाबा ने इसी कंबल से चमत्कार दिखाए, जिनका वर्णन उनकी जीवनी और किताबों में मिलता है, वहीं बाबा को कंबल वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धालु जब बाबा को कंबल चढ़ाते हैं, तो मंदिर में मौजूद पुजारी कम्बल को बाबा की मूर्ति से छुआकर प्रसाद के तौर पर वापिस देते हैं। जिसे श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। इसे बाबा का प्रसाद और आशीर्वाद माना जाता है। यह कंबल भक्त अपने घर के पूजा स्थान में रखते हैं या फिर किसी पवित्र स्थान पर सुरक्षित रखते हैं। कई श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने पर भी बाबा को कंबल चढ़ाते हैं।

**बीमारों का कम्बल से उपचार**

मान्यता है कि यदि घर में कोई बीमार व्यक्ति हो, और उसे पूरे श्रद्धा भाव से यह कंबल ओढ़ाया जाए, तो उसे रोगों से मुक्ति मिल सकती है। यही कारण है कि भक्तों की आस्था इस कंबल से जुड़ी हुई है। बाबा के कम्बल को घर में पूजा वाली जगह या फिर शुद्ध स्थान पर रखा जाता है।

कैंची धाम के आस-पास की दुकानों में आपको कई तरह के कंबल बिकते हुए नजर आ जाएंगे, जिन्हें श्रद्धालु बाबा को अर्पित करने के लिए खरीदते हैं। यह परंपरा न केवल बाबा की स्मृति से जुड़ी है, बल्कि लोगों की आस्था, विश्वास और भक्ति का जीता-जागता प्रतीक भी है। इस प्रकार बाबा का कंबल आज भी हजारों लोगों के लिए बाबा के प्रति आस्था का माध्यम बना हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मंदिरों में पैसे लेकर वीआईपी दर्शन बंद हों

ललित गर्ग





ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में पैसे लेकर दर्शन कराने वाले बाउंसरों की गिरफ्तारी के बाद काशी विश्वनाथ धाम में सुगम दर्शन के नाम पर एक साथ 21 लोगों की गिरफ्तारी जहां मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है, वहीं ईश्वर के दरबार में पांव फैला रहा भ्रष्टाचार गहन चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है। कुछ ही दिनों पहले ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर में भक्तों से वीआईपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली करने पर प्रशासन ने एक होमगार्ड जवान और दो पंडितों पर कार्रवाई की है।

देश-विदेश के भक्त अगाध श्रद्धा से अपने आराध्य का दर्शन करने आते हैं, लेकिन देश के प्रमुख मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने के नाम पर पैसों की लूट मची है या वीआईपी संस्कृति के नाम पर त्रासद एवं भेदभावपूर्ण स्थितियां पसरी है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? मन्दिरों में गरीब एवं अमीर के बीच भेदभाव की स्थितियां खुला भ्रष्टाचार ही है। पैसे लेकर एवं वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। काशी विश्वनाथ मंदिर में तो त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी है। मंदिर का चप्पा-चप्पा सीसीटीवी कैमरे की पहुंच में है। यह मन्दिर सुरक्षा कारणों से अतिसंवेदनशील स्थल होने के बावजूद ऐसा कृत्य खेदजनक ही नहीं, आपत्तिजनक भी है। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि दर्शन की प्रचलित व्यवस्था को और सुगम, भ्रष्टाचार व दोषरहित बनाए ताकि व्यवस्था में कोई सेंध न लगे और जन-आस्था आहत न हो।

काशी विश्वनाथ मंदिर में तो सुगम दर्शन का शुल्क भी जमा कराया जाता है पर ठगों की जमात ने शीघ्र दर्शन के नाम पर कमाई का नया रास्ता तलाश लिया। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि वह सुगम दर्शन व्यवस्था के नाम पर हो रही धांधली को गंभीरता से ले। फर्जी पंडा, गाइड बनकर लोगों को झांसे में लेने वाले लोग अचानक एक दिन में डेरा नहीं जमाए होंगे। यह सब काफी समय से चल रहा होगा। इस प्रकार की ठगी करने की संभावना कैसे बन जाती है, इसकी जांच होनी चाहिए। बात केवल ठाकुर बांके बिहारी मंदिर या काशी विश्वनाथ धाम की ही नहीं है, बल्कि देश के प्रमुख मन्दिरों में बढ़ती जन-आस्था की भीड़ एवं लम्बी-लम्बी लाइनों के बीच पैसे लेकर या वीआईपी दर्शन कराने की त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों की हैं, जिसने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

बांके बिहारी मंदिर में एक बार फिर वीआईपी कल्चर का खेल सामने आया है। मंदिर की भीड़ से हटकर वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक निजी सुरक्षा एजेंसी ने बाउंसर उपलब्ध कराकर पैसे कमाने का गोरखधंधा शुरू कर दिया था। एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रचार कर यह दावा किया कि वे श्रद्धालुओं को भीड़ से बचाकर विशेष वीआईपी दर्शन कराने में मदद कर सकते हैं। यह तो घोषित गैरकानूनी व्यवस्था है, लेकिन अन्य प्रमुख मन्दिरों में भी मन्दिर से जुड़े लोग या अन्य ठग पैसे लेकर दर्शन कराते हैं। सबसे ज्यादा दुखद एवं विडम्बनापूर्ण है वीआईपी दर्शन का प्रचलन। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लाल बत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों मन्दिरों में वीआईपी दर्शन के लिए सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की।

दरअसल, वीआईपी संस्कृति का दायरा बहुत व्यापक है। यह धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र से लेकर आस्था तक, कई मौकों पर कुछ खास लोगों को विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत कहता है कि सभी नागरिक समान हैं, फिर भी व्यवहार में कुछ लोग 'विशेष' बन जाते हैं, चाहे वे सड़क पर हों, सरकारी दफ्तरों में, अस्पतालों में या मंदिरों में! इसी तरह, बड़े नेताओं और अधिकारियों के लिए मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने की व्यवस्थाएं हैं, जिससे लम्बी कतारें और लम्बे समय का इंतजार करती है। ऐसी व्यवस्था से मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों में हादसें भी होते हुए देखे गए हैं। इन वीआईपी के लिए अक्सर यातायात रोक दिया जाता है, जिससे आम जनता घंटों जाम में फंसी रहती है। अस्पतालों में वीआईपी वार्ड हैं, जबकि आम मरीजों को बिस्तर भी नहीं मिल पाता। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर वीआईपी यात्रियों को विशेष सुविधाएं मिलती हैं, जबकि आम लोग लंबी कतारों में खड़े रहते हैं। वीआईपी संस्कृति एक नासूर बन गई है। यही कारण है कि हर सरकार वीआईपी संस्कृति को खत्म करने का वादा करती है, लेकिन हकीकत में इसे बनाए रखने के नए-नए तरीके खोजे जाते हैं।

वीआईपी कल्चर एवं पैसे लेकर दर्शन कराने की धांधली ने एक बार फिर से नए सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी या पैसे लेकर दर्शन क्यों है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया पैदा करता है? प्रसिद्ध मन्दिरों में वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? यह व्यवस्था समाप्त होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। निश्चित ही जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं। यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है, यह एक अतिक्रमण है, यह मानवाधिकारों का हनन है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## एयर इंडिया विमान दुर्घटना समूह के इतिहास का सबसे काला दिनः टाटा

**नई दिल्ली/मुंबई।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान के तत्काल दुर्घटनाग्रस्त होने को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शुक्रवार को कहा है कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन है और भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों इसके लिए सुरक्षा पर ही सबसे ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। चंद्रशेखरन ने अपने सहकर्मियों को लिखे पत्र में कहा कल जो हुआ, वह समझ से परे है और समझ नहीं आ रहा है कि आखरि यह सब कैसे हो गया। इससे पूरा समूह सदमे और शोक में हैं। हम जानते हैं कि एक व्यक्ति को खो देना भी एक बड़ी त्रासदी है लेकिन यहां तो एक साथ इतने लोगों की जान चली गई है। कल का दिन टाटा समूह के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक है। जिन लोगों ने इस दुर्घटना में अपने परिजनों को खोया है उन्हें इस हालात में शब्दों से सांत्वना नहीं मिल सकती लेकिन हमारी संवेदनाएं दुर्घटना में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ है। समूह अध्यक्ष ने लोगों को हर स्तर पर सहयोग का भरोसा देते हुए कहा हम यहां उनकी मदद के लिए हैं। पिछले 24 घंटों में भारत, ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल अहमदाबाद पहुंच चुके हैं।

# अमेरिका ने ईरान को दी खुली चुनौती

## ईरान समझौता करे या विनाश का सामना करे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह परमाणु समझौता करने पर राजी हो या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के कट्टरपंथी नेताओं को समझौते पर पहुंचने की जरूरत है,नहीं तो उन्हें विनाश का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि मैंने ईरान को समझौता करने के लिए एक के बाद एक मौका दिया लेकिन उसने बात नहीं मानी। ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर समझौता नहीं करता है तो विनाश जारी रहेगा। उन्होंने लिखा कि अब भी समय है कि इस कत्लेआम और विनाश को रोकने के लिए समझौता किया जाए। ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के खिलाफ इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' की सफलता के तुरंत बाद ट्रम्प ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका इजरायल की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि हम अपनी और इजरायल की रक्षा करेंगे। अमेरिका इजरायल को दिए गए आयरन डोम इंटरसेप्टर मिसाइल बढ़ा रहा है ताकि संभावित बैलिस्टिक खतरों का मुकाबला किया जा सके। आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की है कि उसके जेट विमानों ने पहले चरण का हमला पूरा कर लिया है, जिसमें ईरान के विभिन्न क्षेत्रों में परमाणु ठिकानों सहित कई सैन्य ठिकानों पर एक साथ हमले किए गए।

## ईरान पर हमला इजरायल के अस्तित्व की लड़ाई

**यरूशलम।** इजरायल ने ईरान के खिलाफ किए गए अपने हमलों को देश के अस्तित्व की लड़ाई बताते हुए कहा है कि वह ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को बाधित करने के लिए तत्परता से काम कर रहा है। इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के सैन्य खुफिया निदेशालय (अमन) के प्रमुख मेजर जनरल श्लोमी बिदर ने आज कहा कि ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को बाधित करने के लिए परिचालन तत्परता के उच्चतम स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस खतरे को कम करना, बाधित करना और हटाना चाहते हैं। हम एक ऐसे अभियान पर निकल पड़े हैं जो अस्तित्व के लिए बहुत बड़ा है। यह एक ऐसे दुश्मन के खिलाफ है जो हमें नष्ट करना चाहता है। उन्होंने कहा कि 'अमन' ने विभिन्न परमाणु हथियार समूह के विकास मुद्दों पर काम करने के ईरान के गुप्त प्रयासों का पता लगाने और बाधित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइल खतरों के संबंध में ईरान की गुप्त प्रगति का पता लगाने के लिए और भी कड़ी मेहनत की। इजरायली हमलों में ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए हैं। इससे ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को नुकसान पहुंचा है। यह हमला ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रमों पर आईडीएफ द्वारा 2023 में ईरानी केंद्रों को निशाना बनाने के बाद से सबसे तीव्र और सावधानीपूर्वक समन्वित हमलों में से है।

## चीनः तूफान 'वुटिप' में फंसे जहाज के चालक दल के सदस्य बचाए गए

**सान्या।** दक्षिण चीन के द्वीप प्रांत हैनान में तूफान 'वुटिप' में फंसे एक जहाज के चालक दल के 12 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कल शाम सूचना मिली थी कि हैनान के दक्षिण-पश्चिमी तट से करीब 14 समुद्री मील (लगभग 26 किलोमीटर) दूर एक जहाज पर मौजूद 12 लोग तूफान में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि बचाव दल स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे रवाना हुआ और रात करीब 11:50 बजे घटनास्थल पर पहुंचा जहां तीन मीटर ऊंची लहरें उठ रही थीं। करीब 43 मिनट के भीतर सभी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार दोपहर तक सभी के सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की उम्मीद जताई। उल्लेखनीय है कि तूफान वुटिप कल रात करीब आठ बजे एक गंभीर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल गया। तूफान आज सुबह 10 बजे तक हैनान के लेदोंग ली स्वायत्त काउंटी के पास स्थित था। वहां हवा की रफ्तार 101 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई। तूफान उत्तर-पश्चिम दिशा में पांच से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। तूफान के मद्देनजर सान्या में सभी किंडरगार्टन, स्कूल, निर्माण स्थल और पर्यटक आकर्षण स्थल बंद कर दिये गए हैं।

**अहमदाबाद विमान हादसा**



अहमदाबाद। एयर इंडिया विमान दुर्घटना के शिकार व्यक्ति के रिश्तेदार एक अस्पताल के बाहर विलाप करते हुए।

## गाजा में इंटरनेट ठप होने से मानवीय सहायता बाधितः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के ठप होने से गाज़ा पट्टी में मानवीय सहायता पूरी तरह से बाधित हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने यह जानकारी दी। हक ने गुरुवार को कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के पूरी तरह बंद होने से गाज़ा में राहत कार्य ठप हो गए हैं। उन्होंने बताया कि संचार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों के अनुसार ये बाधा 'गंभीर सैन्य गति विधियों' के कारण उत्पन्न हुई है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पक्ष पर दोष नहीं लगा रहा है, लेकिन ये बात सही है कि इंटरनेट सेवाएं चालू रखने के लिए ईंधन की सख्त ज़रूरत है। संयुक्त राष्ट्र ने जून की शुरुआत में ही चेतावनी दी थी कि यदि ईंधन की आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो उन्हें गाज़ा में सहायता कार्य रोकने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था रवाना

**नई दिल्ली।** चीन के अधिकार वाले तिब्बत में स्थित भगवान शिव के धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने यहां जवाहरलाल नेहरू भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को इस यात्रा के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया।

## अमेरिकी टैरिफ लगने से अर्थव्यवस्था पर दबाव पड़ने का अंदेशाः द. कोरिया

**मई में उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 1.9% की वृद्धि हुई जो कि अप्रैल के 2.1% वृद्धि से कम है**

**सोल।** दक्षिण कोरियाई सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ लगाए जाने तथा घरेलू मांग में देरी के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बना हुआ है।

अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्रालय ने ग्रीन बुक नामक अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी टैरिफ लगाने के कारण बाहरी परिस्थितियों के बिगड़ने के कारण दक्षिण कोरिया अर्थव्यवस्था पर निर्यात में कमी आने पर नकारात्मक दवाब पड़ रहा है। मंत्रालय ने कहा कि अर्थव्यवस्था को खपत और निर्माण निवेश में देरी से सुधार का सामना करना पड़ रहा है और खासकर कमजोर समूहों के लिए रोजगार की समस्या भी बनी हुई है। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बनी हुई है क्योंकि टैरिफ लगाने से व्यापार पर असर पड़ता है और वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि एक साल पहले की तुलना में मई में निर्यात में 1.3 प्रतिशत की कमी आई, लेकिन दैनिक औसत निर्यात में 1.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि खुदरा बिक्री में मार्च की तुलना में अप्रैल में 0.9 प्रतिशत घटी और निर्माण निवेश उसी महीने में 0.7 प्रतिशत कम हुआ। मई में नौकरियों की संख्या एक साल पहले की तुलना में 245,000 बढ़ी, जबकि बेरोजगारी दर 0.2 प्रतिशत अंक गिरकर 2.8 प्रतिशत रह गई। मई में उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो कि अप्रैल के 2.1 प्रतिशत वृद्धि से कम है।

## कारगिल के शूरवीरों को श्रद्धांजलि के लिए तोलोलिंग चोटी पर सेना का विशेष अभियान

**नई दिल्ली।** सेना ने 1999 के कारगिल युद्ध में तोलोलिंग की ऐतिहासिक लड़ाई के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए तोलोलिंग चोटी पर एक विशेष अभियान चलाया है। यह अभियान सेना की 'फॉरएवर इन ऑपरेशन्स डिवीजन' ने 11 जून को चलाया। द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक से रवाना हुए इस अभियान दल ने उन सैनिकों की अटूट भावना और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि दी।

## ट्रम्प की मुसीबतः नेशनल गार्ड का नियंत्रण वापस करने का आदेश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने गुरुवार देर रात एक अस्थाई प्रतिबंध आदेश जारी करके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नेशनल गार्ड का नियंत्रण कैलिफोर्निया को वापस करने का निर्देश दिया। आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प द्वारा लॉस एंजिल्स में कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड और अमेरिकी मरीन की तैनाती अवैध थी।

यह दसवें संशोधन का उल्लंघन और वैधानिक अधिकार का अतिक्रमण था। आदेश शुक्रवार को दोपहर से प्रभावी होगा। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि ट्रम्प ने आव्रजन कार्रवाई पर विरोध प्रदर्शन के बाद लॉस एंजिल्स में लगभग 4000 नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती का आदेश देकर सीमा रेखा का उल्लंघन किया। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने उनकी इच्छा के विरुद्ध हुई नेशनल गार्ड की तैनाती को रोकने के लिए मुक.दमा दायर किया। कैलिफोर्निया ने बाद में एक आपातकालीन प्रस्ताव दायर किया जिसमें न्यायाधीश से गार्ड को आव्रजन छापों में सहायता करने से रोकने के लिए कहा गया। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीश ब्रेयर का प्रतिबंधात्मक आदेश अमे.रिकी शहर की सड़कों पर हजारों नेशनल गार्ड तैनात करने के राष्ट्रपति के प्रयास के खिलाफ है। ये एक ऐसा प्रयास था जिसकी वजह से पूरे देश में लगभग एक सप्ताह से राजनीतिक विद्वेष का माहौल है और विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### ईरान पर इजरायली हमलों के बारे में पहले जानकारी थीः ट्रम्प

**मॉस्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें ईरान में इजरायली हमलों की पहले से ही जानकारी थी। फॉक्स न्यूज को दिये एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि यह हमला उनके लिए हैरानी का सबब नहीं था। उन्होंने कहा कि ईरान के पास परमाणु बम नहीं हो सकता है। हम फिर से बातचीत की कोशिश कर रहे हैं। हम देखते हैं क्या होता है। नेतृत्व में कई ऐसे लोग हैं जो वापस नहीं आएंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि अगर ईरान हमलों के जवाब में कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका खुद को और इजरायल को बचाने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### मेक्सिको ने अमेरिका के आव्रजन छापों का फिर से किया विरोध

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका में चल रहे आव्रजन छापों का विरोध दोहराया है तथा कहा कि इस तरह की कार्रवाई अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल हैं। सुशिनबाम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ अपनी बैठक के बारे में संवाददाताओं को बताया। राष्ट्रपति शिनबाम ने कहा कि दोनों ने अपराध, आव्रजन, व्यापार और 'हमारे प्रवासी भाइयों और बहनों की रक्षा' सहित कई मुद्दों पर बात की।

### कुवैत ने भूमध्य सागर में फंसे 40 शरणार्थियों को बचाया

**कुवैत सिटी।** कुवैत की ऑयल टैंकर कंपनी के एक जहाज ने भूमध्य सागर में फंसे चालीस शरणार्थियों को बचा लिया है। ऑयल टैंकर कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उसके एक जहाज ने भूमध्य सागर में फंसे 40 शरणार्थियों को बचा लिया है। कंपनी ने बताया कि शरणार्थियों की नाव टूट गई थी। कुवैत समाचार एजेंसी द्वारा दिए गए एक बयान में कंपनी ने कहा कि उसके जहाज अल-दसमा ने मंगलवार को एक संकट कॉल का जवाब दिया।

## योग पर वैश्विक सम्मेलन शनिवार को

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को 'योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के रूप में 14 जून यहां 'योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत और विदेश के योग गुरुओं, नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, उद्योग नेताओं, शोधकर्ताओं और वैश्विक प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद कर रही है।

सम्मेलन में बहरीन, अमेरिका, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित अन्य देशों के 1000 विशेषज्ञ इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। मंत्रालय के अनुसार शिखर सम्मेलन में 'योग प्रभाव' रिपोर्ट का विमोचन होगा। यह रिपोर्ट शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण प्रासंगिकता की होगी, क्योंकि यह देश भर में योग अभियानों की पहुंच।

## ईरान ने दिखाया आईएईए को ठेंगा

- बड़ा नया परमाणु कदम उठाया, आईएईए की फटकार के बाद भी तीसरी एनरिचमेंट साइट शुरू करने का ऐलान
- ईरान के नातांज यूरेनियम संवर्धन संयंत्र को इजरायली हमलों से पहुंचा नुकसानः आईएईए महानिदेशक का दावा

**वियना (आस्ट्रिया)।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे तनाव के बीच ईरान ने एक बड़ी घोषणा की है। इसके तहत ईरान ने कहा है कि उसने तीसरी परमाणु संवर्धन (न्यूक्लियर एनरिचमेंट) सुविधा तैयार कर ली है और जल्द ही इसे शुरू करेगा।

यह ऐलान संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था इंटरनेशनल एटामिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) की तरफ से ईरान को नान-प्रोलिफरेशन संधियों का उल्लंघन करने पर फटकार लगाने के ठीक बाद किया गया है। मामले में आईएईए ने ईरान पर आरोप लगाया है कि वह पिछले कुछ सालों से अपने परमाणु कार्यक्रम की पूरी जानकारी नहीं दे रहा है। यह चेतावनी 20 वर्षों में पहली बार इतनी गंभीर मानी जा रही है। माना जा रहा है कि इसके बाद ईरान पर फिर से प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। आईएईए ने अपने मसौदा प्रस्ताव में कहा है कि ईरान 2019 से कई बार आईएईए के साथ पूरी और समय पर जानकारी साझा करने में असफल रहा है, जो उसके परमाणु समझौते का उल्लंघन है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को इस मामले में अगली कार्रवाई करनी पड़ सकती है, जिसमें ईरान पर नए प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

हालांकि आईएईए ने बातचीत के जरिए हल निकालने का समर्थन भी किया है। बता दें कि आईएईए बोर्ड की बैठक में 35 देशों में से 19 ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने यह प्रस्ताव रखा था। वहीं रूस, चीन और बुर्किना फासो ने विरोध किया, 11 देशों ने मतदान से दूरी बनाई और 2 ने वोट नहीं दिया। वहीं इन सभी फटकर और चेता.वनी के बावजूद ईरान ने जवाबी कर्रवाई के संकेत दिए है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस राजनीतिक प्रस्ताव का जवाब देना अब ईरान के लिए जरूरी हो गया है। साथ ही ईरानी परमाणु एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि आईएईए के प्रस्ताव के बाद उन्होंने एजेंसी को सूचित कर दिया है कि ईरान कौन-कौन से कदम उठाएगा। ईरानी परमाणु एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार ईरान कुछ सख्त कदम उठाने पर विचार कर रहा है। जिसमें तीसरी संवर्धन साइट शुरू करना, जिसे सुरक्षित और अजेय स्थान पर बताया गया है। पुराने सेंट्रीफ्यूज को नए, आधुनिक सेंट्रीफ्यूज से बदलना, जिससे यूरेनियम संवर्धन की मात्रा काफी बढ़ जाएगी। अन्य कई जवाबी उपायों की तैयारी भी चल रही है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और बढ़ने की संभावना तेज हो गई है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि यदि ईरान से समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका या इस्रा.इल ईरान के परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले कर सकते हैं। वहीं आईएईए के महानिदेशक रफायेल एम ग्रॉसी ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से कहा कि इजरायल के ताजा हमले में उसके नातांज़ स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर असर पड़ा है, लेकिन वहां विकिरण के स्तर में वृद्धि नहीं हुई है।

## दक्षिण अफ्रीकाः बाढ़ से मरने वालों की संख्या 78 हुई

### अब तक केवल 21 शवों की हो पाई है पहचान

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी केप प्रांत में विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है जिनमें से अब तक केवल 21 शवों की पहचान की जा सकी है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन एवं पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलाबिसा ने कल शाम एसएबीसी न्यूज चैनल से कहा कि बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है और शव अभी भी बरामद किए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि हम एक गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पानी कम होने पर और शव मिलने की आशंका है। राहत की बात यह है कि हमारे पास खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए पर्याप्त कर्मचारी हैं। गौरतलब है कि प्रांत के कई जिलों में भारी बारी के कारण सोमवार को बाढ़ आने से सैकड़ों लोग विस्थापित हो गए। पूर्वी केप प्रांतीय सरकार के अनुसार बचाव दल प्रभावित



क्षेत्रों में लापता लोगों की तलाश कर रहा है। प्रभावित जिलों में दो हेलीकॉप्टर, खोज और बचाव वाहन, पुलिस श्वान और तकनीकी बचाव दल तैनात किए गए हैं। मंत्री ने लोगों से अधिकारियों को लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट करके सहायता करने का भी आग्रह किया है।

## सोना कॉमस्टार के अध्यक्ष संजय कपूर का इंग्लैंड में निधन



**नई दिल्ली।** वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली प्रमुख कंपनी सोना कॉमस्टार के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक संजय जे कपूर का कल इंग्लैंड में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

वह 53 वर्ष के थे। कंपनी ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि हम अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करते हैं कि हमारे अध्यक्ष का इंग्लैंड में निधन हो गया है। कंपनी ने कहा कि एक दूरदर्शी नेता, कपूर ने सोना कॉमस्टार को नवाचार, स्थिरता और उद्देश्य पर आधारित एक वैश्विक गतिशीलता प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके जुनून, दूरदर्शिता और उत्कृष्टता के प्रति अथक प्रतिबद्धता ने उन सभी को प्रेरित किया जिन्हें उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला। कंपनी ने कहा कि अपनी पेशेवर उपलब्धियों से परे, कपूर एक समर्पित पिता, कई लोगों के लिए एक मार्गदर्शक और भारत के विनिर्माण और गतिशीलता क्षेत्रों के लिए एक अथक अधिवक्ता थे। उनके नुकसान को पूरे उद्योग और सोना परिवार में गहराई से महसूस किया गया है। इस बीच सोना बी एल डब्लू प्रेसिजन फोर्जिंग लिमिटेड ने बीएसई के नियामक फाइलिग में भी यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि संजय एक दूरदर्शी नेता और दयालु व्यक्ति थे जिनके मार्गदर्शन ने सोना कॉमस्टार की सफलता को आकार दिया।